सूर्योदय 6:06 सूर्यास्त 6:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 21 न्यू | 26 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,786 |
| निफ्टी | 25,069 |
| सोना 1,09,603 | चांदी 1,27,763 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

सायर उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 16 सितंबर 2025 | 1 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 259, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### हजारीबाग में मुठभेड़ 3 इनामी नक्सली ढेर

**एजेंसी, हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच सोमवार को बड़ी मुठभेड़ हुई। गोरहर थाना क्षेत्र के पाती पिरी जंगल में हुई इस मुठभेड़ में तीन कुख्यात नक्सली मारे गए। इनमें नक्सली संगठन की केंद्रीय समिति का सदस्य सहदेव सोरेन उर्फ परवेश भी शामिल है, जिस पर एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित था। लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियां इसकी तलाश में थीं। मुठभेड़ में कोबरा 209 और हजारीबाग पुलिस की संयुक्त टीम ने भाग लिया। पुलिस और नक्सलियों के बीच चली इस मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### भारत व पाक में तनाव से ननकाना साहिब यात्रा रद्द

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने इस साल नवंबर में गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर प्रस्तावित ननकाना साहिब (पाकिस्तान) तीर्थ यात्रा को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। गृह मंत्रालय ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को पत्र लिखकर साफ कहा है कि मौजूदा हालात में यह यात्रा संभव नहीं है। गृह मंत्रालय ने अपने पत्र में कहा है कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। ऐसे में गुरु नानक देव जी की जयंती के मौके पर श्रद्धालुओं की यात्रा के दौरान सुरक्षा खतरा बढ़ सकता है। (अनंत ज्ञान)

### अगस्त में बेरोजगारी दर घटकर 5.1% पर पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बीते अगस्त महीने में भारत की बेरोजगारी दर घटकर 5.1% पर आ गई है। जुलाई में यह 5.2% और जून में 5.6% रही थी। यह लगातार दूसरा महीना है जब बेरोजगारी दर में गिरावट रही है। पुरुषों में बेरोजगारी दर अगस्त में घटकर 5.0% हो गई है, जो अप्रैल के बाद का सबसे कम है। शहरी क्षेत्रों में पुरुष बेरोजगारी दर जुलाई के 6.6% से घटकर अगस्त में 5.9% पर आ गई। ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुषों की बेरोजगारी दर जुलाई के 4.6% से अगस्त में घटकर 4.5% हो गई। (अनंत ज्ञान)

### सुप्रीम कोर्ट से अंबानी के वनतारा को क्लीनचिट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा, 'जामनगर स्थित वनतारा वाइल्डलाइफ रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में जानवरों की खरीद-बिक्री नियमों के दायरे में हुई है।' इस सेंटर को अंबानी परिवार का रिलायंस फाउंडेशन चलाता है। कोर्ट ने कहा कि विशेष जांच दल की रिपोर्ट में कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने कहा, कि अब इस मामले को बार-बार उठाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। स्वतंत्र समिति ने जांच की है और हम उसी पर भरोसा करेंगे। मामले में एक याचिका वकील सीआर जया सुकीन और दूसरी देव शर्मा ने जुलाई में कोल्हापुर के जैन मठ से हाथी 'माधुरी' को वनतारा में ले जाने के विवाद के बाद दायर की थी। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

खेलेगा हिमाचल, तभी खिलेगा हिमाचल: अनुराग ठाकुर -पेज 2

हिमाचल के हितों में सहयोग करें पंजाब-हरियाणा : सीएम -पेज 3

बेहतर प्रदर्शन करने वाली 12 पंचायतें की सम्मानित -पेज 6

विधायक के गले की फांस बना सत्याग्रह आंदोलन -पेज 9

सरकार, सुनो पुकार! मठ क्षेत्र में हो रहा भूस्खलन -पेज 11

# हिमाचल में खुला नौकरियों का पिटारा

## सीएम सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हजारों पद भरने को मंजूरी

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में सोमवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में विभिन्न विभागों में विभिन्न श्रेणियों के हजारों पद भरने व सृजित करने को मंजूरी दी गई। बैठक में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड में 1602 बिजली उपभोक्ता मित्रों की नियुक्ति को मंजूरी मिली। इसके साथ ही 1000 टी-मेट्स के पदों को भरने का फैसला किया गया। लंबे समय से बोर्ड में कर्मचारियों की कमी बनी हुई थी और उपभोक्ता मित्रों को शिकायत निवारण व अन्य सेवाओं में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था।

मंत्रिमंडल ने राज्य कैडर के तहत ट्रेनी आधार पर 645 पटवारी पदों को भरने की भी स्वीकृति दी। इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में 400 स्टाफ नर्स और 200 चिकित्सकों को जॉब ट्रेनी के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने पंचायतीराज विभाग में भी 300 पद भरने का निर्णय लिया है। वहीं, मेडिकल कॉलेजों में विभिन्न विषयों में 38 सहायक प्रोफेसरों के पद सृजित करने का निर्णय लिया गया है। ग्राम पंचायतों में 300 जॉब ट्रेनियों की नियुक्ति को भी मंजूरी दी गई है। इन नियुक्तियों के साथ युवाओं को प्रशिक्षण, अनुभव और मासिक वेतन मिलेगा। बैठक में सात डिनोटिफाइड महाविद्यालयों के 45 शिक्षण और 61 गैर-शिक्षण कर्मचारियों को उच्च शिक्षा निदेशालय के सरप्लस पूल में स्थानांतरित करने का भी फैसला हुआ।

कैबिनेट ने अगले शैक्षणिक सत्र से प्रदेश के 100 सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री स्टार्ट-अप योजना के अंतर्गत नए होम स्टे बनाने या पुराने होम स्टे को स्तरोन्नत करने के लिए लिए गए ऋणों पर ब्याज में राहत दी जाएगी। शहरी क्षेत्रों में तीन, ग्रामीण में चार और जनजातीय क्षेत्रों में पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा। साहसिक पर्यटन में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सभी पंजीकृत टेंडम पायलटों को 2026 तक सिमुलेशन पैराग्लाइडिंग सुरक्षा पाठ्यक्रम पूरा करना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अलावा स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (एलएडीएफ) का 10 प्रतिशत हिस्सा 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' को वित्तीय सहायता देने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। बैठक में पांगी तहसील के साथ में नई उपतहसील खोलने, कांगड़ा की चढ़ियार उपतहसील को तहसील का दर्जा देने और भोरंज, बमसन व सुजानपुर विकास खंडों के पुनर्गठन को मंजूरी प्रदान दी गई।

**अगले सत्र से 100 सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने को मिली स्वीकृति**



शिमला में प्रदेश कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### नौ जिलों में खुलेंगे 28 डायलिसिस केंद्र

**मंत्रिमंडल** की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए नौ जिलों के आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में 28 डायलिसिस केंद्र खोलने की मंजूरी दी गई। इन केंद्रों से मरीजों को घर के नजदीक ही बेहतर इलाज मिल सकेगा और उन्हें बड़े शहरों की ओर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसी क्रम में मेडिकल ऑफिसर (सामान्य) कैडर को दो भागों - सामान्य और विशेषज्ञ में विभाजित करने का निर्णय लिया गया।

### कैबिनेट के फैसले

- 1602 बिजली उपभोक्ता मित्र; 645 पटवारी और स्वास्थ्य विभाग में 600 पद भरने को मंजूरी
- मेडिकल कॉलेजों में 38 सहायक प्रोफेसरों के पद सृजित करने का निर्णय
- ग्राम पंचायतों में 300 जॉब ट्रेनी की नियुक्ति को भी मिली मंजूरी
- सात डिनोटिफाइड महाविद्यालय सरप्लस पूल में शामिल

हिमाचल में पर्यावरण संरक्षण का मामला

# पर्यावरणीय संकट पूरे हिमालय क्षेत्र के लिए खतरा: सुप्रीम कोर्ट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में पर्यावरणीय संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े मामले की सुप्रीम कोर्ट में 15 सितंबर को फिर से सुनवाई हुई। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि हिमाचल में पारिस्थितिक और पर्यावरणीय संकट का मुद्दा केवल इस राज्य तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पूरे हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करता है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को कहा कि वह इस मामले में 23 सितंबर को आदेश पारित करेगी। सुनवाई के दौरान जस्टिस मेहता ने कहा कि यह मुद्दा केवल हिमाचल प्रदेश तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करेगा। इससे पहले न्यायमित्र के. परमेश्वर ने अदालत का ध्यान इस ओर दिलाया था कि राज्य सरकार ने हलफनामे में कमियों को स्वीकार करते हुए एक समिति गठित करने का सुझाव दिया है, लेकिन इसमें ठोस और विस्तृत योजना का अभाव है। अदालत ने इस पर गहरी चिंता जताई। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 28 जुलाई को ही स्पष्ट शब्दों में कहा था कि राजस्व अर्जित करना ही सब कुछ नहीं है। यदि विकास पर्यावरण और पारिस्थितिकी की कीमत पर होगा तो हिमाचल का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। अदालत ने यह भी याद दिलाया कि 'भगवान न करे, ऐसा दिन आए' लेकिन हालात बेहद गंभीर हैं और तत्काल कदम उठाने होंगे।

**सुप्रीम कोर्ट 23 सितंबर को पारित करेगा आदेश**

### कोर्ट में राज्य सरकार ने दी है यह रिपोर्ट

**कोर्ट** ने राज्य सरकार की रिपोर्ट की भी समीक्षा की, जिसमें वृक्ष आवरण, खनन, ग्लेशियर आदि से जुड़े कई पहलुओं को शामिल किया गया था। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हिमाचल सरकार की रिपोर्ट में कहा गया है कि हिमाचल प्रदेश में ग्लेशियरों की संख्या में कमी आई है, जो जलवायु परिवर्तन का एक स्पष्ट संकेत है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि राज्य में बादल फटने, अचानक बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में इजाफा हुआ है। राज्य सरकार ने यह रिपोर्ट बीते 25 अगस्त को सौंपी।

# कोटखाई में पिकअप पलटी, 5 की मौत

## चालक और चार नेपालियों ने गंवाई जान, दो अन्य घायल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला जिले के कोटखाई में सोमवार सुबह 8:30 बजे एक पिकअप सड़क पर पलट गई। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो पिकअप सवार गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया है। पिकअप में ड्राइवर समेत कुल 7 लोग सवार थे। इनमें ड्राइवर लोकल था, जबकि 6 अन्य नेपाली मूल के मजदूर थे। सभी सेब ढुलाई के लिए क्रेट लेकर जा रहे थे। इस दौरान इनकी पिकअप कोटखाई के रामनगर की खोला कैंची के पास बेकाबू होकर सड़क से करीब 60 मीटर नीचे दूसरी सड़क पर जा गिरी। इसमें 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांचवें व्यक्ति ने आईजीएमसी शिमला ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ा। मरने वालों में एक महिला भी शामिल है। एसएचओ कोटखाई बलदेव सिंह ने बताया कि पिकअप को जोगिंदर सिंह पुत्र बालक राम निवासी खोला चला रहा था। इसमें



जोगिंदर सिंह की मौके मौत हो गई। ड्राइवर के अलावा हादसे में 4 नेपालियों की भी मौत हुई है। उन्होंने बताया कि मृतकों का कोटखाई में पोस्टमॉर्टम चल रहा है, जबकि पांचवें मृतक का पोस्टमॉर्टम आईजीएमसी शिमला में होगा। इसके बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। इस संबंध में चालक के भाई सुंदर सिंह के बयान पर कोटखाई पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

### सीएम और शिक्षा मंत्री ने व्यक्त किया शोक

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शोक संतप्त परिवारों के साथ है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने घायल व्यक्तियों को उत्कृष्ट चिकित्सा प्रदान करने के निर्देश दिए हैं और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

# सिलेंडर लीक होने से भड़की आग, तीन बच्चों सहित पति-पत्नी झुलसे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी की जल्लूग्रां पंचायत में सोमवार सुबह गैस सिलेंडर लीक होने से एक ही परिवार के पांच लोग झुलस गए हैं। आग में झुलसे सभी पांच लोग नेपाल मूल के हैं। जानकारी के अनुसार, रविवार रात को उक्त परिवार खाना खाने के बाद कमरे में सो गया, रात को सिलेंडर से गैस लीक होती रही। सोमवार सुबह करीब 5 बजे परिवार के मुखिया विकास वोहरा ने उठते ही बीड़ी जलाने के लिए लाइटर जलाया, तो पूरा मकान आग की चपेट में आ गया। चीख पुकार मचते ही आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। छत के एक हिस्से को तोड़कर बड़ी मुश्किल से घायलों को निकाला गया। घायलों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू लाया गया है, यहां उनका उपचार चल रहा है। विकास वोहरा बहादुर अपनी पत्नी कमला वोहरा, तीन बच्चों मनीषा 10 वर्ष, जानिशा 6 वर्ष और दो माह के शिशु महेश के साथ दो कोठी चौंग एग्रोकल्चर सर्विस सोसायटी के भवन में बतौर किरायेदार रह रहे हैं।

# विमल नेगी केस: एएसआई पंकज को विशेष न्यायालय में किया पेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप में निलंबित एएसआई पंकज शर्मा को रविवार को गिरफ्तार किया गया। सोमवार को सीबीआई की टीम ने उसे विशेष अदालत में पेश किया। गिरफ्तार किए गए एएसआई पंकज शर्मा ने कुछ दिन पहले हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें गलत तरीके से लगातार निगरानी में रखा जा रहा है और सरकारी आवास में रहने की अनुमति भी नहीं दी जा रही, जो उनके अधिकारों का उल्लंघन है। 5 सितंबर को हाईकोर्ट ने उनकी पत्नी की याचिका पर सुनवाई करते हुए पंकज को अपने घर जाने की अनुमति दी थी। अदालत के समक्ष सीबीआई और राज्य सरकार ने यह स्पष्ट किया था कि पंकज शर्मा को किसी तरह का खतरा नहीं है और वे स्वतंत्र रूप से कहीं भी जा सकते हैं।

**पंकज ने लगाया था गलत तरीके से निगरानी में रखने का आरोप**

### सीबीआई के पास ऐसे आया केस

**पूरे** मामले में प्रदेश उच्च न्यायालय ने भी एसआईटी की जांच पर सवाल उठाए थे। प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा था कि दो महीने से अधिक समय बीतने के बावजूद ठोस नतीजे सामने नहीं आए हैं, जबकि मृतक का परिवार लगातार संदेह जता रहा है। इसी वजह से अदालत ने जांच सीबीआई को सौंपी और उम्मीद जताई कि एजेंसी निष्पक्ष और शीघ्र जांच पूरी करेगी। कोर्ट ने यह भी कहा था कि यह सच सामने आना जरूरी है कि मामला आत्महत्या का है या हत्या का।

## सेंट्रल वक्फ बोर्ड में 4, राज्यों में 3 से ज्यादा गैर-मुस्लिम मेंबर बनाने पर सुप्रीम रोक

# वक्फ कानून के तीन बदलावों पर लगा स्टे

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने सोमवार को कानून में किए गए 3 बड़े बदलावों पर अंतिम फैसला आने तक स्टे लगा दिया। इनमें वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति का नियम शामिल है। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि केंद्रीय वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम मेंबर्स की संख्या 4 और राज्यों के वक्फ बोर्ड में 3 से ज्यादा न हो। सरकार कोशिश करें कि बोर्ड में नियुक्त किए जाने वाले सरकारी मेंबर्स भी मुस्लिम कम्युनिटी से ही हों। कोर्ट ने इस मामले में दाखिल 5 याचिकाओं पर 20 से 22 मई तक लगातार 3 दिन सुनवाई की थी।



**कहा- राज्य वक्फ बोर्ड का सीईओ मुस्लिम समुदाय से ही हो**

राज्य बोर्ड में सीईओ की नियुक्ति को बरकरार रखते हुए कोर्ट ने कहा कि जहां तक संभव हो, सीईओ मुस्लिम समुदाय से ही नियुक्त किया जाए। कोर्ट ने 22 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। (अनंत ज्ञान)

### बिहार एसआईआर में गड़बड़ी मिली तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर देंगे : कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को बिहार में वोटर वेरिफिकेशन यानी एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि चुनाव आयोग प्रक्रिया का पालन नहीं कर रहा है। नियमों की अनदेखी हो रही है। इस पर कोर्ट ने कहा कि हम यह मानकर चलेंगे कि चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारियों को जानता है। अगर कोई गड़बड़ी हो रही है, तो हम इसको देखेंगे। अगर बिहार में एसआईआर के दौरान चुनाव आयोग द्वारा अपनाई गई कार्यप्रणाली में कोई अवैधता पाई जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह बिहार एसआईआर पर टुकड़ों में राय नहीं दे सकती। उसका अंतिम फैसला केवल बिहार में ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में एसआईआर पर लागू होगा। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 7 अक्टूबर को होगी।

**पूरे देश में लागू होगा यह फैसला**

# बिहार में वोट बैंक की राजनीति करने पर विपक्ष पर हमलावर हुए प्रधानमंत्री

## राजद-कांग्रेस घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्राएं निकाल रहीं

एजेंसी, पूर्णिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार यानी 15 सितंबर को बिहार के लिए 40 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू किए। उन्होंने पूर्णिया एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। एयरपोर्ट के बाद पूर्णिया के एसएसबी ग्राउंड में प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद से बिहार के सम्मान के साथ पहचान को भी खतरा है। ये लोग बिहार की तुलना बीड़ी से करते हैं। एसआईआर का जिक्र किए बिना पीएम ने कहा कि राजद और कांग्रेस घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्राएं निकाल रही हैं। प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन घुसपैठियों पर ताला लगाना एनडीए की पक्की जिम्मेदारी है। बिना नाम लिए राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 'जो मेरे पहले यहां के चक्कर काटकर गए, उन्हें मखाना का नाम भी नहीं पता होगा।' वोट बैंक का स्वार्थ है कि कांग्रेस और राजद के लोग घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं। नारे लगा रहे हैं। यात्राएं निकाल रहे हैं। ये बिहार के संसाधन और सुरक्षा दोनों को दांव पर लगाना चाहते हैं।



उन्होंने फिर कहा कि कांग्रेस और राजद से न सिर्फ बिहार के सम्मान को खतरा है, बिहार की पहचान को भी खतरा है। वे मंच तक खुली गाड़ी से लोगों का अभिवादन करते हुए पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी थे। इससे पहले नीतीश कुमार का संबोधन हुआ। उन्होंने सभा में मौजूद लोगों से पीएम को खड़े होकर प्रणाम करने को कहा। लोग खड़े हुए और उन्हें प्रणाम किया। (अनंत ज्ञान)

# नेपाल में पीएम सुशीला कार्की ने किया मंत्रिमंडल विस्तार

एजेंसी, काठमांडू

नेपाल में प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने सोमवार को मंत्रिमंडल का विस्तार किया। मंत्री के रूप में रामेश्वर खनाल, ओमप्रकाश अर्याल और कुलमान घीसिंग को शपथ दिलाई गई। खनाल वित्त मंत्री, अर्याल गृह मंत्री और कुलमान घीसिंग ऊर्जा मंत्री बने। अर्याल के पास कानून मंत्रालय की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी रहेगी। घीसिंग के पास भी ऊर्जा के अलावा भौतिक पूर्वाधार, यातायात व शहरी विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी है। खनाल आर्थिक सुधार सुझाव आयोग के अध्यक्ष रह चुके हैं। वह पूर्व सचिव भी रह चुके हैं। अर्याल पेशे से वकील हैं। घीसिंग नेपाल विद्युत प्राधिकरण के पूर्व कार्यकारी निदेशक हैं। ओली सरकार में उन्हें बर्खास्त कर दिया गया था। उनका नाम पीएम पद को लेकर भी चर्चा में था। (अनंत ज्ञान)

### जेन-जी नेताओं ने मांगा प्रधानमंत्री से इस्तीफा

**जेन-जी** नेताओं ने अंतरिम पीएम सुशीला कार्की का इस्तीफा मांगा है। वे कैबिनेट विस्तार को लेकर नाराज हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरिम सरकार उनकी राय लिए बिना मंत्रियों को चुन रही है। जेन-जी नेता सुदन गुरुंग ने कहा कि अगर हम फिर सड़क पर उतरे तो कोई हमें रोक नहीं पाएगा। जिस कुर्सी पर बैठाया है, वहीं से निकाल फेकेंगे।

**गुड न्यूज** एनपीसीआई ने बढ़ाई पर्सन-टू-मर्चेंट पेमेंट लिमिट, पहले 2 लाख थी

# यूपीआई से अब रोज करें 10 लाख तक की शॉपिंग

एजेंसी, नई दिल्ली

यूपीआई यूजर्स 15 सितंबर से एक दिन में 10 लाख रुपए तक पेमेंट कर सकेंगे। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने पर्सन-टू-मर्चेंट पेमेंट की कई कैटेगरी में डेली लिमिट 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर दी है। जब कोई व्यक्ति किसी दुकान, सर्विस प्रोवाइडर या किसी भी व्यापारी को पेमेंट करता है तो उसे पर्सन-टू-मर्चेंट पेमेंट कहते हैं। सरकार के इस फैसले से बीमा, निवेश और क्रेडिट कार्ड पेमेंट के बड़े लेन-देन भी यूपीआई के जरिए किए जा सकेंगे। कैपिटल मार्केट निवेश से





लेकर क्रेडिट कार्ड पेमेंट और ज्वेलरी खरीदने के लिए लिमिट को बढ़ाया गया है। एनपीसीआई ने भले ही लिमिट तय कर दी है, लेकिन उसने सदस्य बैंकों को यह छूट दी है कि वे अपनी नीतियों के हिसाब से अपने ग्राहकों के लिए लिमिट तय कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### केवल पर्सन-टू-मर्चेंट पेमेंट लिमिट ही बढ़ी

**यह** बदलाव केवल कुछ खास कैटेगरी में पर्सन-टू-मर्चेंट (पी-एम) लेनदेन के लिए किया गया है। सभी तरह के यूपीआई पेमेंट की लिमिट नहीं बढ़ी है। पर्सन-टू-पर्सन लेनदेन की लिमिट पहले की तरह 1 लाख रुपए ही रहेगी।

### पर्सन-टू-पर्सन लिमिट एक लाख बरकरार

**पर्सन**-टू-पर्सन लेनदेन की लिमिट नहीं बढ़ी है। जब एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को सीधे पैसे भेजता है, तो उसे पर्सन-टू-पर्सन पेमेंट कहते हैं। इसकी मौजूदा सीमा 1 लाख रुपए है, जिसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### अगले महीने से पी-पी कलेक्ट रिक्वेस्ट बंद

**नेशनल** पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया यानी एनपीसीआई ने 1 अक्टूबर 2025 से यूपीआई में पीयर-टू-पीयर (पी-पी) कलेक्ट रिक्वेस्ट को पूरी तरह बंद करने का निर्देश दिया है। इसका मतलब है कि अब कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति से यूपीआई के जरिए पैसे मांगने की रिक्वेस्ट नहीं भेज सकेगा।

# सिंधु जल संधि निलंबन के बाद पानी को भारत की ओर मोड़ने की तैयारी

एजेंसी, नई दिल्ली

जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा है कि केंद्र सरकार अब पूरी ताकत से कोशिश कर रही है कि सिंधु जल संधि के तहत आने वाली नदियों का पानी भारत की ओर मोड़ा जाए, ताकि जिन राज्यों में पानी की कमी है, वहां राहत पहुंचाई जा सके। उन्होंने साफ किया कि यह मामला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहद संवेदनशील है, इसलिए विस्तार से नहीं बोलेंगे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैसले पर अमल हो रहा है और गृह मंत्रालय व विदेश मंत्रालय भी इसमें शामिल हैं। पाटिल ने कहा कि जल्द ही यह पानी उन राज्यों तक पहुंचेगा, जहां पानी की कमी है। किसानों की हालत सुधरेगी और आम लोगों को पीने व खेती के लिए पानी मिलेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस कदम से देश को बड़ा फायदा मिलेगा। यह ऐलान ऐसे समय हुआ है जब पाकिस्तान के आतंकियों के हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। (अनंत ज्ञान)

### आतंकी हमला था संधि के निलंबन का कारण

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमला किया था, जिसमें 26 लोग, ज्यादातर पर्यटक, मारे गए थे। इसके बाद भारत ने संधि को निलंबित करने का ऐतिहासिक फैसला लिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को नशामुक्त रहने की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अपर हरेड़ा में सोमवार को गलोड़ पुलिस ने नशा विरोधी जन-जागरूकता अभियान के तहत छात्रों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। राजकीय चौकी प्रभारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक मीठा जहर है जो व्यक्ति और उसके परिवार दोनों को पतन की ओर ले जाता है। उन्होंने छात्रों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों से अवगत करवाया और कहा कि युवावस्था में नशे की शुरुआत भविष्य को अंधकारमय बना देती है। इस मौके पर बच्चों को नशा मुक्त रहने की शपथ भी दिलाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य और अध्यापकवर्ग भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस संदर्भ में एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने कहा कि जिला पुलिस पूरे क्षेत्र में जागरूकता अभियान चला रही है और समाज की सहभागिता से ही नशे पर रोक लगाई जा सकती है।

### धार्मिक यात्रा के लिए भक्तों का दल रवाना

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गुग्गा माड़ी रावड़ा ग्वाल पत्थर से मंदिर के पुजारी जीवन पाल के नेतृत्व में 18 सदस्यों का दल चार दिवसीय धार्मिक यात्रा पर रवाना हुआ। यह यात्रा गुग्गा जी के जन्म स्थान गोगामेड़ी ददरेवा जिला हनुमानगढ़ (राजस्थान), सालासर बालाजी, श्री खाटू श्याम व मेहंदीपुर बालाजी जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए आयोजित की गई है। यात्रा में पवन कुमार, शक्ति चंद, ओम प्रकाश, कुंदन शर्मा, अजय कुमार, राकेश कुमार, कुलवंत, महेंद्र, मनीष कुमार, अजय सहित अन्य भक्त शामिल हैं।

### आज होगा पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निवारण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों की समस्याओं के निवारण और उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए 16 सितंबर को हमीरपुर में एक सम्मेलन किया जा रहा है। थल सेना के सब एरिया कमांडर मुख्यालय पठानकोट की ओर से आयोजित किए जाने वाले इस सम्मेलन में पूर्व सैनिकों, इनके आश्रितों और वीर नारियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी तथा उनकी समस्याओं का निवारण किया जाएगा। सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक स्क्वॉड्रन लीडर (सेवानिवृत्त) मनोज राणा ने पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों व वीर नारियों से इस सम्मेलन का लाभ उठाने की अपील की है।

### भाषण प्रतियोगिता में विशाल ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में राजभाषा हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत शब्द संगम उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर रहीं। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और शारदा वंदन के साथ हुआ। हिंदी विभाग के सहायकाचार्य सुरेश कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि हिंदी हृदय की भाषा है और हमें इस पर गर्व करना चाहिए। कार्यक्रम में भाषण, कविता वाचन और नारा लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। भाषण प्रतियोगिता में विशाल, शगुन और संजना ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता वाचन में आदित्य, राशि और नंदिता विजयी रहे, जबकि नारा लेखन प्रतियोगिता में रिया, मुस्कान ठाकुर और सविता क्रमशः विजेता बने। अंत में विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की गई।

### आपदा प्रभावित परिवारों को दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के अंतर्गत दीन हित प्रयास, मंडल भरेड़ी की ओर से सोमवार को पपलाह, कोट व पल्ही गांवों के छह परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। ये सभी परिवार हाल ही में भारी वर्षा से क्षतिग्रस्त हुए अपने रिहायशी मकानों की मार झेल रहे हैं। संस्था के सदस्यों ने मानवीय आधार पर प्रत्येक परिवार को उनके घर जाकर 2500-2500 रुपये की आर्थिक मदद दी। सहायता पाने वालों में गांव पपलाह से ख्याली राम, केसरी देवी, संजीव कुमार व धर्मी देवी, गांव कोट से सुनीता देवी तथा गांव पल्ही से सुरेंद्र कुमार शामिल हैं। इसके अलावा फकड़ूहि गांव के गौरव गोरसी जिनकी दोनों किडनियां खराब हैं तथा मनोज कुमार जो ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित हैं, को भी इलाज हेतु 2500-2500 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

### भाषण प्रतियोगिता में श्रुति अव्वल

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** राजकीय उच्च विद्यालय चकमोह में बड़े उत्साह के साथ हिंदी दिवस मनाया गया। हिमोत्थान सोसाइटी और पाठशाला के मुख्याध्यापक सुरेंद्र सिंह के सौजन्य से भाषण, निबंध लेखन, चित्रकला और कविता पाठ जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का शीर्षक था 'हिंदी भाषा हमारी राजभाषा'। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी वितरित किए गए। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं की श्रुति ने प्रथम, आठवीं की शबनम कौशल ने द्वितीय और नव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ में दिव्या, रितिका, दिव्या और परी क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। चित्रकला प्रतियोगिता में शौर्य, नैन्सी और यशवीर ने पुरस्कार जीते। मुख्याध्यापक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति और पहचान का प्रतीक है। भाषा अध्यापक लक्की ने छात्रों को संकल्प दिलाते हुए हिंदी के गौरव को बढ़ाने और इसे जीवन में गर्व से अपनाने का संदेश दिया।

### रियल मेकिंग में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में इंजीनियर दिवस मनाया। तकनीकी विवि में 'नवोन्मेष 2.0' के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम तकनीकी नवाचार और सांस्कृतिक प्रतिभा का समागम रहेगा, जिसमें 400 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग की ओर से इंजीनियर दिवस पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस वर्ष का इंजीनियर दिवस का विषय 'डीप टेक और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता: भारत के टेकएड को आगे बढ़ाना' थीम रहा। इस थीम के केंद्रित विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें इंजीनियरिंग के अलावा सभी विभाग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। पहले दिन में छात्रों के ज्ञान, कौशल और रचनात्मकता को परखने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें मैराथन ऑफ स्किल्स, एरेना ऑफ फैट्स, माइंड ड्यूल, कोलाज मेकिंग, डिजिटल पोस्टर मेकिंग, एआर/रियल मेकिंग, वीडियो एडिटिंग, ग्राफिक एडिटिंग के मुकाबले हुए। इन गतिविधियों में विद्यार्थियों ने अपनी तकनीकी समझ और नवाचार का लोहा मनाया। साथ ही ई-स्पोर्ट्स प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिसमें गेमिंग के क्षेत्र में भी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे दिन को सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित होंगी, जिसमें नृत्य, गायन, नाटक, और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल हैं। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए, जिन्होंने तकनीकी व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# खेलेगा हिमाचल, तभी खिलेगा हिमाचल : अनुराग ठाकुर

## छिंज कमेटियों के जिला स्तरीय सम्मान समारोह में बोले सांसद, पेशेवर कुश्ती अकादमियों की आवश्यकता पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने सोमवार को छिंज (कुश्ती) कमेटियों के जिला स्तरीय सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने की, जबकि संयोजन भोरंज की पूर्व विधायिका कमलेश कुमारी ने किया।

इस दौरान सांसद ने कहा कि 'खेलेगा हिमाचल, तभी खिलेगा हिमाचल'। अनुराग ठाकुर ने हिमाचल में पारंपरिक कुश्ती की समृद्ध विरासत को सुरक्षित रखने में छिंज कमेटियों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये समितियां युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें अनुशासित और स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित कर रही हैं।

उन्होंने पेशेवर कुश्ती को पेशेवर स्तर पर ले जाने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि विकेंद्रीकृत व्यवस्था के कारण स्थानीय पहलवानों को उच्च स्तर पर अवसर सीमित मिल पाते हैं, जिससे बाहरी पहलवान पदक जीत ले जाते हैं। उन्होंने हमीरपुर जिले में दो पेशेवर कुश्ती अकादमियों की स्थापना का प्रस्ताव रखा, जिनका संचालन कुश्ती समितियों द्वारा राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त होकर किया जाएगा। अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक उपलब्ध कराने और स्थानीय प्रशिक्षकों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने का आश्वासन दिया, ताकि हिमाचली पहलवान देश-विदेश में नाम कमा सकें।



छिंज कमेटियों के जिला स्तरीय सम्मान समारोह के दौरान सांसद अनुराग ठाकुर व अन्य।

### छिंज कमेटियों के प्रयासों की सराहना, नशा मुक्त समाज की दिशा में बताया अहम कदम

इस मौके पर बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा, पूर्व विधायक राजिंद्र राणा, डॉ. अनिल धीमान और विजय अग्निहोत्री सहित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी, पांचों मंडलों के अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य और मोर्चों-प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# टिब्बू गांव में बरसात से हुई तबाही का लिया जायजा, हर संभव मदद का दिया आश्वासन

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर सोमवार को बड़सर विधानसभा के एक दिवसीय दौरे पर आए हुए थे। टिब्बू गांव में जैसे-कैसे सांसद पहुंचे लोगों का हाल-चाल जाना तथा बरसात में जो तबाही मचाई है। इसका जायजा लिया। इस दौरान लोगों को हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया।

टिब्बू गांव के रास्ते भी पूरी तरह से ध्वस्त हो गए हैं। एक बार तो अनुराग ठाकुर गिरने से बाल-बाल बचे, क्योंकि रास्ता बहुत खराब था। जैसे कैसे रंग-रंग कर भी कई बार चलना पड़ा। सांसद के सामने लोगों ने अपना दुखड़ा रोते हुए कहा कि इस आपदा की घड़ी में फौरी सहायता के रूप में प्रशासन की तरफ से केवल तारपाल ही दिया गया है। उन्होंने बताया कि गांव को जाने वाले रास्ते ध्वस्त हो गए हैं। लैंडस्लाइड के चलते मकान क्षतिग्रस्त चुके हैं, कई घर गिरने के कगार पर हैं, ऐसे में जाएं तो जाएं कहां। इस

### नुकसान का सही आकलन न करने पर पटवारी को सुनाई खरी-खोटी

दौरान सांसद ने पटवारी को सही आकलन न करने पर खरी खोटी सुनाई। उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि अगर अधिकारी कर्मचारी सरकार के दबाव में नुकसान का सही से आकलन नहीं कर रहे हैं तो उनको अपने घर में एक रात बिताने के लिए साथ रखें, तब पता चलेगा कि पीड़ा क्या होती है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि अधिकारी अपनी ड्यूटी में हमेशा पारदर्शिता से कार्य करें। उन्होंने ग्राम पंचायत पाहलू, सौर समताणा खुर्द पंचायत में पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। उनके साथ बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मंडल अध्यक्ष यशवीर सिंह पटयाल युवा नेता आशीष ठाकुर मंडल कोषाध्यक्ष सुरेंद्र अग्निहोत्री सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भोरंज में मल्टीपर्पज वर्करों को समय पर वेतन न मिलने से बढ़ी परेशानियां

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**

**जाहू।** भोरंज उपमंडल में लोक निर्माण और जल शक्ति विभाग के सैकड़ों मल्टीपर्पज वर्करों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है।

इन कर्मियों का कहना है कि 15 सितंबर बीत जाने के बाद भी वेतन नहीं मिला है। जिसकी वजह से बच्चों की स्कूल फीस व परिवार का पालन पोषण करने में परेशानी का सामना पड़ रहा है। समय पर वेतन न मिलने से भोरंज में जल शक्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग में दोनों उच्च अधिकारियों को सेवानिवृत्त होने के बाद दोबारा से नियुक्त दी गई है जिसके कारण वित्तीय शक्तियां (डीडीओ) नहीं मिली हैं। इसी कारण से भोरंज उपमंडल के लोक निर्माण और जलशक्ति विभाग के सैकड़ों मल्टीपर्पज वर्करों को समय पर वेतन से वंचित होना पड़ रहा है। अगर प्रदेश सरकार सेवानिवृत्ति के बाद किसी उच्च अधिकारी को सेवा विस्तार देती है तो डीडीओ की शक्तियां उस कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी को वित्तीय शक्तियां प्रदान की जाती हैं। परंतु इन दोनों विभागों में किसी भी अन्य वरिष्ठ अधिकारी को वित्तीय शक्तियां न मिलने की से इसका खमियाजा सैकड़ों मल्टीपर्पस वर्करों को समय पर वेतन मिलने के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

### पीडब्ल्यूडी, जल शक्ति विभाग में सेवानिवृत्त अधिकारियों को सेवा विस्तार बना वजह

### अधिशाषी अभियंता बोले - तकनीकी कारण से हुई देरी, जल्द मिलेगा वेतन

लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता केके भारद्वाज ने बताया कि कुछ तकनीकि कारणों की वजह से मल्टीपर्पज वर्करों का वेतन समय पर नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि दो-तीन दिन के अंदर मल्टीपर्पज वर्करों को वेतन दे दिया जाएगा।

# जाहू के राकेश शर्मा ने हासिल की 5 डिग्री ब्लैक बेल्ट

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज उपमंडल के जाहू में ऑल इंडिया लेबल की ग्रेडिंग कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जाहू के राकेश शर्मा ने अपने प्रतिद्वंद्वी को कड़ी टक्कर देकर 5 डिग्री ब्लैक बेल्ट हासिल की। इसमें विभिन्न राज्य के कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। ऑल इंडिया लेबल की ग्रेडिंग कराटे प्रतियोगिता का आयोजन सिहान योगराज की अगुआई में हुआ। इसमें 30 कराटे खिलाड़ियों ने 5 डिग्री ब्लैक बेल्ट के लिए भाग लिया। 5 डिग्री ब्लैक बेल्ट के लिए 30 खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाते हुए इनमें से 10 खिलाड़ियों ने 5 डिग्री ब्लैक बेल्ट की डिग्री हासिल की। इन 10 खिलाड़ियों में जाहू के राकेश शर्मा के द्वारा भी अपने प्रतिद्वंद्वी को कड़ी टक्कर देकर 5 डिग्री ब्लैक बेल्ट हासिल करने पर जाहू के ललित मोहन, प्रताप चंद, रणवीर सिंह, सुरेश कुमार व अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दी।

# आपदा में हर प्रभावित की मदद करेगी सरकार : कैप्टन रणजीत



विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ग्राम पंचायत धमड़ियाना में नई सड़क का लोकार्पण करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

**सोमवार** को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने ग्राम पंचायत धमड़ियाना में सीएसपी और मुख्य मार्ग से संजय कुमार के घर तक नई सड़क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ब्लॉक विकास अधिकारी किशोरी लाल, पंचायत प्रधान वाम देव, जनप्रतिनिधि और स्थानीय जनता ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। पूजा-अर्चना के बाद लोकार्पण कर विधायक ने कहा कि हर गांव को सड़क से जोड़ना उनका और सरकार का प्रमुख प्रयास है।

कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि यह आपदा का दौर है, जहां लोग बेघर हो रहे हैं, पशुशालाएं गिर रही हैं, सड़कें टूट रही हैं और रोज नई समस्याएं सामने आ रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार हर आपदा प्रभावित परिवार की पूरी मदद करेगी और उन्हें उनका हक दिलवाएगी।

इस दौरान विधायक ने पूर्व विधायक राजिंद्र राणा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आपदा के समय राजनीति करना शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि जनता की मदद करने के बजाय राणा स्वागत कार्यक्रमों में व्यस्त रहते हैं और आपदा स्थलों पर सिर्फ दिखावा करते हैं। कार्यक्रम के बाद विधायक 'घर-द्वार' कार्यक्रम के तहत कोट पंचायत के गांव झुली पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा अधिकारों का मौके पर ही निपटारा किया।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में पथल्यार स्कूल रहा अव्वल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** बड़सर उपमंडल के राजकीय उच्च विद्यालय पथल्यार ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में शत-प्रतिशत पंजीकरण कर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। विद्यालय की मुख्याध्यापिका पूनम कुमारी ने जानकारी दी कि इस पर्यावरणीय पहल के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रत्येक छात्र ने ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ वेबसाइट पर पंजीकरण कर अपना सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया।

गौरतलब है कि जिला हमीरपुर में सरकारी और निजी मिलाकर कुल 892 स्कूल हैं। इनमें से 11 सितम्बर 2025 तक 547 स्कूलों ने एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान में पंजीकरण पूरा किया था। वहीं, जिला के 62,440 विद्यार्थियों में से अब तक लगभग 12,000 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कर प्रमाण पत्र हासिल किया है। शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी कर शेष विद्यालयों से भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

# नालियों के अभाव में घरों में घुस रहा पानी

## साशन गांव की महिलाएं पहुंचीं पीडब्ल्यूडी कार्यालय भरेड़ी

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

**साशन** गांव की महिलाओं ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग भरेड़ी कार्यालय का रुख किया। उनका कहना है कि बस्सी-तताहर सड़क के निर्माण कार्य के चलते नालियों का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण घरों, गोशालाओं और आंगनों में लगातार पानी घुस रहा है। मीरा देवी पत्नी दीप चंद, सीमा देवी पत्नी समरजीत, रीना कुमारी पत्नी मनोहर लाल, राजेशां देवी पत्नी रमेश कुमार, पूजा देवी पत्नी अश्वनी कुमार, कांता देवी पत्नी रवि कुमार, सुनीता देवी पत्नी राकेश कुमार, जमना देवी, सिमरो देवी, लता देवी, शीला देवी व विमला देवी पत्नी सुंदर लाल सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि पानी घुसने से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। विमला देवी का डंगा तक गिर चुका है, वहीं कई घरों व गोशालाओं को भी खतरा पैदा हो गया है।



लोक निर्माण विभाग भरेड़ी में जेई से गुहार लगाने पहुंचीं साशन गांव की महिलाएं।

ग्रामवासियों का कहना है कि समस्या को कई बार उठाने के बावजूद अब तक विभाग की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने बताया कि जब महिलाएं सोमवार को शिकायत लेकर कनिष्ठ अभियंता, लोक निर्माण विभाग भरेड़ी से मिलने पहुंचीं तो वे कार्यालय में मौजूद नहीं थे, जिससे ग्रामीणों में निराशा फैल गई।

महिलाओं ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द नालियों का निर्माण किया जाए, ताकि लोगों को पानी की समस्या से राहत मिल सके और मकानों को खतरे से बचाया जा सके।

उधर, इस बार लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि कंपनी को नालियां बनाने के लिए कहा है। नालियों का काम चला है, लेकिन बरसात से कार्य रुक गया है। लोग संयम बनाएं रखें।

# कुलहेड़ा गांव में तीन माह से गहरा रहा पेयजल संकट

**संजीव, अनंत ज्ञान, भोटा।** पेयजल योजना उपमंडल जल शक्ति विभाग भोटा के अंतर्गत पंजाड़ के कुलहेड़ा गांव में पिछले तीन महीनों से गंभीर पेयजल संकट बना हुआ है। स्थिति इतनी खराब हो गई है कि गांववासियों को अपनी जरूरत पूरी करने के लिए निजी टैंकरों से पानी खरीदना पड़ रहा है। ग्रामीण सतपाल सिंह, राजदीप सिंह, दिनेश कुमार, महेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह और राकेश कुमार का कहना है कि बरसात शुरू होने के बाद से जल आपूर्ति बेहद अनियमित हो गई है। लगभग 10-12 दिनों बाद गांव में पानी आता है और वह भी बहुत कम मात्रा में। मजबूरी में लोग कपड़े धोने के लिए खड्डों और नालों का सहारा ले रहे हैं।

गांववासियों ने बताया कि पंजाड़ उठाऊ पेयजल योजना में व्यास नदी और कुणाह खड्ड से पानी आता है, लेकिन फिर भी गांव प्यासी हालत में है। इस मामले पर जल शक्ति उपमंडल भोटा के एसडीओ नवीन कुमार ने बताया कि व्यास प्रोजेक्ट से लंबे समय से जल आपूर्ति बंद है और बारिश के कारण कुणाह खड्ड से भी कई दिनों बाद पानी लिफ्ट हो पाता है। उन्होंने जल्द आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया।

# भरेड़ी-जाहू सड़क पर पड़े गड्ढे दे रहे हादसों को न्योता

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल के तहत भरेड़ी से जाहू वाया जोल कोहटा सड़क की हालत इस समय बेहद खस्ताहाल हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और नालियों की व्यवस्था न होने से बरसात का पानी सीधे सड़क पर बहकर इसे और ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। विशेषकर गांव कोहटा के पास सड़क की स्थिति बेहद दयनीय है। यहां नाली न होने से पानी सड़क के बीचोंबीच से बहता है, जिससे गहरे खड्ड बन गए हैं। वाहन चालकों को इस मार्ग पर सफर करना कठिन हो गया है और छोटे-बड़े हादसों की आशंका बनी रहती है।



भरेड़ी-जाहू सड़क पर पड़े गड्ढे।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की दुर्दशा से न केवल स्थानीय लोग बल्कि इस मार्ग से गुजरने वाले बाहरी वाहन चालक भी परेशान हैं। ग्राम सुधार सभा कोहटा ससोली के प्रधान गौरव कुमार ने लोक निर्माण विभाग से सड़क की मरम्मत की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सड़क की सुध नहीं ली गई तो स्थिति और भी खराब हो जाएगी तथा यातायात पूर्ण रूप से बाधित होने का खतरा है। गौरव कुमार ने विभाग से आग्रह किया कि तत्काल प्रभाव से इस सड़क की मरम्मत करवाई जाए ताकि ग्रामीणों और राहगीरों को राहत मिल सके।

ग्रामीणों ने भी प्रशासन और विभाग से अपील की है कि इस महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग को दुरुस्त किया जाए, क्योंकि यह मार्ग कई गांवों को आपस में जोड़ता है और स्थानीय लोगों की आवाजाही का प्रमुख साधन है।

# सीएसआईआर-जेआरएफ में बॉटनी विभाग के चार छात्रों ने मारी बाजी



छात्रों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन और प्रेरणा से हासिल की बड़ी उपलब्धि।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**राजकीय** महाविद्यालय हमीरपुर के बॉटनी विभाग के चार मेधावी छात्रों ने सीएसआईआर-जेआरएफ, नेट, सेट और गेट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय और जिला का नाम रोशन किया है। इन उपलब्धियों ने न केवल छात्रों बल्कि पूरे शिक्षण समुदाय को गौरवान्वित किया है।

रजत कुमार ने सीएसआईआर-जेआरएफ परीक्षा में 126वां स्थान हासिल किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय और विशेष रूप से डॉ. कल्पना भंडारी को दिया। शिवानी शर्मा ने सीएसआईआर-जेआरएफ, सेट और गेट परीक्षाएं पास कर एक साथ कई उपलब्धियां अर्जित कीं। उन्होंने अपने सभी शिक्षकों और विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार का आभार जताया।

स्मृति ठाकुर ने सीएसआईआर-नेट और गेट में सफलता पाई। उन्होंने कहा कि डॉ. कल्पना भंडारी का मार्गदर्शन और प्राचार्य डॉ. प्रमोद पाटियाल के प्रोत्साहन से उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई। श्वेता ने सीएसआईआर-जेआरएफ में सफलता प्राप्त कर आईआईएसईआर मोहाली में पीएचडी के लिए प्रवेश लिया है।

प्राचार्य डॉ. प्रमोद पाटियाल और विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करेगी। महाविद्यालय प्रबंधन ने सभी चारों छात्रों को सम्मानित करने की घोषणा की है।

# हमीरपुर में भारी बारिश से 19.70 लाख का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जिले के कई क्षेत्रों में पिछले दो दिनों के दौरान रुक-रुक कर हुई भारी एवं मध्यम बारिश से व्यापक नुकसान हुआ है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के जिला एमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (डीईओसी) में सोमवार दोपहर तक प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में सार्वजनिक और निजी संपत्ति का लगभग 19.70 लाख का नुकसान हुआ है। इसके साथ ही इस मानसून सीजन में जिले भर में हुए नुकसान का आंकड़ा 338.54 करोड़ से भी अधिक हो गया है।

इस दौरान जल शक्ति विभाग को सर्वाधिक 184.20 करोड़, लोक निर्माण विभाग को 141.13 करोड़, बिजली बोर्ड को 2.07 करोड़ और शिक्षा विभाग को 1.99 करोड़, स्वास्थ्य विभाग डेढ़ लाख और मत्स्य पालन विभाग को 55 हजार की क्षति हुई है। बागवानी विभाग ने विभिन्न फसलों को हुए 18.06 लाख और कृषि विभाग ने 35.02 लाख के नुकसान की रिपोर्ट प्रेषित की है। 76 कच्चे मकान और 5 पक्का मकान ध्वस्त होने से लगभग 2.17 करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान है। 427 अन्य कच्चे मकानों और 35 पक्के मकानों को आंशिक रूप से क्षति पहुंची है, जिससे 2.73 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। 53 अन्य भवनों को भी लगभग 20.98 लाख रुपये की क्षति पहुंची है। जिले भर में 142 छोटे गिरे हैं, जिनमें लगभग 1.19 करोड़ रुपए की क्षति हुई है। 521 गोशालाओं के ध्वस्त होने से लगभग 2.23 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

**आपदा** ग्रामीणों ने सुरक्षित निकाली बाहर, प्रशासन ने पीड़ित परिवार को तिरपाल करवाया उपलब्ध

# नाहलवी में मकान ढहने से मलबे में दबी सास-बहू

**संजीव, अनंत ज्ञान**

**भोटा।** नाहलवी पंचायत के नाहलवी गांव में सोमवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। रमेश चंद का स्लेटपोश मकान अचानक गिर गया, जिससे उसकी पत्नी रुक्मणी देवी और मां सुखां देवी मलबे में दब गईं। हादसा सुबह 7:30 बजे हुआ जब रुक्मणी देवी खाना बना रही थीं। ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू कर दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोटा में भर्ती करवाया। रुक्मणी देवी ने बताया कि उनका पति मानसिक रूप से बीमार है और वह मजदूरी करके घर का खर्च चलाती हैं। उनकी तीन बेटियां हैं, जिनमें से दो अभी पढ़ाई कर रही हैं।

प्रधान रजनी देवी, कानगो तिलकराज, पटवारी सुरेश कुमार और उपप्रधान वीरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और परिवार को तिरपाल उपलब्ध करवाया। प्रधान ने बताया कि परिवार आईआरडीपी में दर्ज है और प्रशासन से शीघ्र आर्थिक सहायता देने की अपील की है।



## मकान जर्जर, परिवार हुआ बेघर

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल की ग्राम पंचायत धीरड़ के गांव सपलूहि निवासी अशोक कुमार का मकान इस समय पूरी तरह से जर्जर हालत में पहुंच गया है। मकान गिरने की कगार पर है, जिसके चलते परिवार को भारी जोखिम देखते हुए कहीं और आश्रय लेना पड़ा है। पंचायत धीरड़ की उपप्रधान शशि शर्मा ने बताया कि अशोक कुमार का घर लंबे समय से क्षतिग्रस्त हालत में था और हाल ही में बरसात तथा मिट्टी धंसने के कारण इसकी स्थिति और बिगड़ गई। उपप्रधान ने कहा कि प्रशासन को इस संबंध में अवगत करवा दिया गया है और प्रभावित परिवार को जल्द से जल्द राहत तथा पुनर्वास दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## टौणी देवी में बारिश से गिरा रिहायशी मकान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** टौणी देवी में वीना देवी पत्नी जनक कुमार गांव छतैल में रिहायशी मकान भारी बारिश से गिर गया। ग्राम पंचायत बारी के प्रधान रविंद्र ठाकुर ने मौका देखा तथा इसकी सूचना एसडीएम, तहसीलदार और स्थानीय पटवारी को दे दी है। पंचायत प्रधान रविंद्र ठाकुर ने बताया कि इससे परिवार को काफी नुकसान हुआ है।

## गोशाला ढही, कड़ी मशक्कत से निकाली भैंस

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत आने वाले गांव कोट छमेड़ा में एक दर्दनाक हादसा हो गया। संजीव कुमार की पुरानी गोशाला अचानक भरभराकर ढह गई। हादसे के समय गोशाला के भीतर संजीव कुमार और उनकी भैंस मौजूद थे। गोशाला के मलबे तले दबने से भैंस बुरी तरह फंस गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद उसे जीवित बाहर निकाला। वहीं, गोशाला का मालिक संजीव कुमार भी हल्का चोटिल हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही पपलाह पंचायत के प्रधान अंकुश सैणी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय पटवारी ने भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

## बिझड़ी के अंबोटा में पशुशाला गिरी

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** सोमवार को बिझड़ी पंचायत के अंबोटा गांव में लेख राम की पशुशाला धड़ाधड़ नीचे गिर गई। इस दौरान पशुओं के लिए रखा घास भी पूरी तरह से तहस हो गया जिससे कि परिवार पर विपदा आई है पंचायत प्रधान संजय शर्मा ने बताया कि अंबोटा में लेख राम की दो कमरों की पशुशाला गिरने की सूचना मिली थी जिसको की हल्का पटवारी सुरजीत सिंह ने रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी है वहीं पटवारी सुरजीत सिंह ने बताया कि मौके की रिपोर्ट बनाई गई है नुकसान का आकलन भी किया गया है रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### चिट्टा तस्करी के चार आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिला पुलिस ने रामपुर में चल रहे चिट्टा तस्करी के एक और नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। मामले में आगामी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को किन्नौर से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राजदीप, कृष्ण कुमार, ईवान और हिमांशु निवासी जिला किन्नौर के रूप में हुई है। अभी तक इस मामले में पुलिस जांच में मिले सबूतों के आधार पर पुलिस सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस के मुताबिक आने वाले दिनों में इस मामले में कई और गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं। मामला उस समय सामने आया जब पुलिस ने 22 अगस्त को एक एफआईआर दर्जकर करीब 17 ग्राम चिट्टे के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के दावा किया है कि यह पूरा गिरोह जिला शिमला के रामपुर और आसपास के क्षेत्रों में नशा तस्करी को अंजाम दे रहा था। इसी आधार पर पुलिस ने 13 सितंबर को राजदीप नाम के शख्स को गिरफ्तार किया और 14 सितंबर को तीन और आरोपियों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। चारों आरोपियों को कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अदालत में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ और अन्य सबूतों के आधार पर इनसे से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी को लेकर भी गहनता से पड़ताल कर रही है। जिला पुलिस ने मिशन भरोसा के तहत चिट्ट समेत अन्य नशों की तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। इसके तहत इस वर्ष अभी तक करीब 199 केस दर्ज किए गए हैं, जिसमें 455 के करीब आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसमें 442 पुरुष और 13 महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने संदीप शाह, गुरमीत, विजय सोनी, शर्मा गिरोह समेत कई ऐसे गिरोहों का भंडाफोड़ किया है, जो कि जिले के युवाओं को नशे के दलदल में धकेलकर उनकी जिंदगी को बर्बाद कर रहे थे।

### भालू को पकड़ने के लिए वन विभाग सतर्क

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** वन मंडल रामपुर द्वारा काले भालू से प्रभावित वन क्षेत्र डंसा में वन विभाग ने काले भालू से बचाव बारे चेतावनी जारी की है। वन विभाग की टीम द्वारा प्रभावित एरिया में ट्रैप कैमरा इनस्टॉल किया गया है, ताकि भालू की गतिविधियों पर नगर रखी जा सके। डीएफओ गुरु हर्ष सिंह ने बताया कि इसके अलावा भालू को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की योजना भी बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को आगाह किया गया है कि यदि भालू कहीं दिखे तो इसकी जानकारी विभाग को आवश्यक है वैसे भी वन विभाग को दें। विभाग के वन रक्षक और वन मित्र सतर्कता बनाते हुए उपरोक्त क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं। यदि भालू की गतिविधियां नजर आई तो उसे पकड़ने के लिए कदम उठाए जाएंगे भालू को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाए जाने पर भी विचार किया जा रहा है।

### जुब्बल में लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व बागवानी मंत्री, स्वर्गीय नरेंद्र बरागटा की जयंती के अवसर पर आज जुब्बल में एक विशाल रक्तदान शिविर का



आयोजन किया गया। बरागटा फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त एकत्र करना और स्वर्गीय बरागटा द्वारा स्थापित जनसेवा के आदर्शों को आगे बढ़ाना था। शिविर में हर वर्ग के लोगों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। एकत्रित रक्त को विभिन्न अस्पतालों में जरूरतमंदों के लिए भेजा जाएगा। भाजपा नेता चेतन बरागटा ने इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित होकर स्वयं रक्तदान किया। उन्होंने कहा, 'नरेंद्र बरागटा जी ने अपना जीवन जनता की सेवा में समर्पित कर दिया था। हम उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए समाजसेवा को निरंतर जारी रखेंगे। यह रक्तदान शिविर उन्हीं के विचारों से प्रेरित है।' इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल रक्त का दान किया गया, बल्कि स्वर्गीय बरागटा के प्रति एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

**सहकारिता सम्मेलन** | सीएम सुक्खू ने शानन परियोजना व बीबीएमबी बकाया भुगतान का उठाया मुद्दा, कहा-

# हिमाचल के हितों में सहयोग करें पंजाब-हरियाणा

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को अपने हक के लिए लगातार संघर्ष करना पड़ रहा है। शानन जलविद्युत परियोजना की लीज अवधि समाप्त होने के बावजूद पंजाब ने इसे हिमाचल को वापस नहीं सौंपा है।

इसी तरह सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद पंजाब और हरियाणा के कारण बीबीएमबी से बकाया भुगतान अटका हुआ है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य हिमाचल के 'बड़े भाई' हैं और उन्हें सहयोग की उदार भूमिका निभानी चाहिए।

शिमला में आयोजित राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन के समापन अवसर पर सीएम सुक्खू ने यह बात कही। उन्होंने सहकारी बैंक के साइबर सुरक्षा संचालन केंद्र का उद्घाटन किया, सहकारी गान व स्मारिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारी समितियों ने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में भी ग्रामीण



राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

**शानन परियोजना और बीबीएमबी पर ठनी बात**

अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। प्रदेश में 5,000 से अधिक सक्रिय समितियां कार्यरत हैं, जिनमें लगभग 2,000 कृषि ऋण समितियां शामिल हैं। सीएम ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से 20,000 करोड़ रुपए का नुकसान झेलने के बावजूद विकास कार्य जारी हैं।

उन्होंने मणिमहेश यात्रा के दौरान

**आपदा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर फोकस**

16,000 श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकालने का जिक्र किया और कहा कि हिमाचल की संस्कृति करुणा और सेवा से परिपूर्ण है। उन्होंने बताया कि 'हिम ईरा' ब्रांड के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है और दूध की कीमतों में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिला है।

**किसानों और छोटे व्यापारियों को राहत**

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री के आग्रह पर सीएम ने भरोसा दिलाया कि सहकारी समितियों को व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए भूमि खरीदने पर धारा 118 से छूट देने पर विचार होगा। उन्होंने राज्य सहकारी बैंक को वन टाइम सेटलमेंट पॉलिसी लागू करने के निर्देश दिए, जिससे छोटे किसान, बागवान, कामगार और व्यापारी लाभान्वित होंगे।

**शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार**

**मुख्यमंत्री** ने बताया कि शिक्षा क्षेत्र में सुधार के परिणामस्वरूप हिमाचल ने देशभर में पांचवां स्थान प्राप्त किया है, जबकि पिछली सरकार के दौरान यह रैंकिंग 21वीं थी। स्वास्थ्य सुविधाओं में भी तेजी से सुधार हो रहा है और 300 करोड़ रुपए के आधुनिक उपकरण प्रमुख अस्पतालों में उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# पुलिस के 18 जवान वित्त एवं लेखा सेवा परीक्षा में सफल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अनुभाग अधिकारी के रूप में संभालेंगे कार्यभार**

हिमाचल प्रदेश पुलिस ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। प्रदेश की प्रतिष्ठित हिमाचल प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा की परीक्षा में पुलिस विभाग के 18 अधिकारियों और कर्मचारियों ने सफलता प्राप्त कर कुल 29 में से 18 पद हासिल किए हैं। यह उपलब्धि पूरे पुलिस बल और प्रदेश के लिए गर्व का क्षण बनी है।

अधिकारियों का कहना है कि यह सफलता पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी के नेतृत्व में विभाग द्वारा क्षमता निर्माण, पेशेवर विकास और शिक्षा पर दिए जा रहे विशेष बल का परिणाम है। पुलिस बल को पारंपरिक कार्य से आगे बढ़कर नई चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। चयनित उम्मीदवार अब शिमला स्थित हिमाचल प्रशासनिक संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और इसके बाद अनुभाग अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

इस परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वालों में गायत्री देवी, रितेश कुमार, अनिल कुमार, अमनप्रीत सिंह, दामिनी, शीतल गुलेरिया, भानु प्रताप ठाकुर, रजनी सैनी, प्रियंका, हिमांशु कश्यप, सौरभ शर्मा, विनोद कुमार, पूजा शर्मा, नरेंद्र सिंह, अमित ठाकुर, दीपक बीतन, शिव कुमार और मिनाक्षी राणा शामिल हैं। पुलिस विभाग ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह उपलब्धि प्रदेश के वित्तीय और प्रशासनिक ढांचे को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विभाग ने विश्वास जताया है कि नई जिम्मेदारियों में चयनित उम्मीदवार पूरी लगन और निष्ठा से कार्य कर राज्य के विकास में योगदान देंगे।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि पुलिस बल ही नहीं बल्कि प्रदेश के युवाओं को भी प्रेरित करेगी कि वे ऊंचे लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता हासिल करें।

# बीएड के द्वितीय सत्र में स्नेह लता ने हासिल किए 82.28 प्रतिशत अंक



बुशहर बीएड संस्थान कलना की मेधावी छात्राएं।

अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर

**बुशहर बीएड संस्थान के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में हुए पास**

बुशहर बीएड संस्थान नोगली (कलना) का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा संचालित द्वितीय सत्र की परीक्षा में स्नेह लता ने 82.28 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

पूजा ने 81.42 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान तथा रीता शर्मा ने 79 प्रतिशत अंकों से तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. तिलक राज भारद्वाज ने जानकारी दी कि सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

संस्थान के अध्यक्ष पवन आनंद, कोषाध्यक्ष हितेंद्र गुप्ता और सचिव ई. राजीव शर्मा ने अपने संदेश में सफल विद्यार्थियों, अध्यापकों और कर्मचारियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान संस्थान के सभी शिक्षक व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# आपदा पीड़ितों के साथ दुख-दर्द करेंगे साझा, नहीं होगा कोई आयोजन : पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष, कुलदीप सिंह पठानिया, 17 सितंबर को अपना 69वां जन्मदिन नहीं मनाएंगे। इसके बजाय, वह इस दिन को आपदा प्रभावित लोगों के साथ बिताने का फैसला किए हैं।

**कुलदीप पठानिया 17 को मनाएंगे अपना 69वां जन्मदिन**

उन्होंने अपने शुभचिंतकों और प्रशंसकों से भी आग्रह किया है कि वे किसी भी तरह के आयोजन से बचें। जन्मदिन के मौके पर, पठानिया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे, पीड़ितों का दुख-दर्द सुनेंगे और उनके लिए तत्काल राहत व जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम करेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष हाल ही में बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन में भाग लेकर वापस लौटे हैं। वह 15 सितंबर की शाम को चंडीगढ़ पहुँचे और वहाँ से सीधे अपने निर्वाचन क्षेत्र और जिला चंबा के लिए रवाना हो गए। पठानिया 18 सितंबर तक चंबा में ही रहेंगे, जहाँ वह बाढ़ पीड़ितों से मिलेंगे और जिला प्रशासन के साथ भविष्य में राहत कार्यों की रूपरेखा पर एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार एक संवेदनशील सरकार है, जो आपदा पीड़ितों की मदद के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# जीएसटी 2.0 को लेकर भाजपा शुरू करेगी जनजागरण अभियान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल में डॉ. सिकंदर कुमार को बनाया गया अभियान का संयोजक**

राज्यसभा सांसद और भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने घोषणा की है कि भारतीय जनता पार्टी जीएसटी 2.0 को लेकर एक राष्ट्रव्यापी जन जागरण अभियान चलाएगी। हिमाचल प्रदेश में इस अभियान की जिम्मेदारी डॉ. सिकंदर कुमार को दी गई है, जिन्हें इसका संयोजक बनाया गया है। उनके साथ विधायक पवन काजल त्रिलोक जमवाल और संजय सूद को सह-संयोजक का दायित्व सौंपा गया है।

डॉ. सिकंदर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी में सुधार लाने के लिए सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले जीएसटी के चार स्लैब थे (5 फीसदी 12 फीसदी, 18 फीसदी, और 28 फीसदी), लेकिन अब इन्हें घटाकर दो ही स्लैब (5 फीसदी और 18 फीसदी ) कर दिया गया है। डॉ. सिकंदर के अनुसार, इस बदलाव से 90 फीसदी से अधिक वस्तुओं की कीमतों में 10 से 35 फीसदी तक की कमी आएगी। उन्होंने कहा कि दिवाली के मौके पर यह निर्णय आम जनता के लिए एक बड़ा तोहफा है। केवल उन वस्तुओं पर 40 फीसदी जीएसटी लगाया गया है, जिनका इस्तेमाल व्यक्ति के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।

भाजपा 10 सितंबर से 15 अक्टूबर, 2025 तक इस अभियान के तहत प्रेस वार्ता, संगोष्ठी, और बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन करेगी, जिसमें पंचायत स्तर से लेकर नगर निगम तक धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया जाएगा।

# सुन्नी-खेरा-ओगली मार्ग जल्द होगा चौड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिले में सड़कों को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला दंडाधिकारी अनुपम कश्यप ने सुन्नी-खेरा-ओगली-लुहरी मार्ग के चौड़ीकरण और उन्नयन का आदेश दिया है। इस परियोजना का उद्देश्य यात्रियों के लिए यात्रा को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना है।

इस महत्वपूर्ण कार्य को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए, 22 सितंबर से 21 अक्तूबर, 2025 तक इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही को कुछ समय के लिए रोका जाएगा। जारी आदेश के अनुसार, सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक और फिर दोपहर 1:30 बजे से 3:00 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा।

प्रशासन ने जनता से सहयोग की अपील की है, ताकि यह विकास कार्य तय समय पर पूरा हो सके। अधिकारियों का कहना है कि यह एक छोटा सा अस्थायी प्रतिबंध है, जो भविष्य में क्षेत्र के लोगों को एक बेहतर और सुगम मार्ग प्रदान करेगा।

# संगीत और नुक्कड़ नाटकों से लोगों को मिली योजनाओं की जानकारी



लोगों को योजनाओं संबंधी जागरूक करते हुए कलाकार।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल सरकार की अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं को लेकर प्रदेशव्यापी प्रचार अभियान चलाया जा रहा है।

शिमला जिला में आज इस विशेष अभियान के तहत सूचना एवं जन संपर्क विभाग के नाट्य दल त्रिमूर्ति रंगमंच के कलाकारों द्वारा विकासखंड टुटू की ग्राम पंचायत शोघी के गोरो कनौण व ग्राम पंचायत जनोल के काइना तथा भगवती सांस्कृतिक मंडल शंठा के कलाकारों द्वारा विकासखंड चौपाल की ग्राम पंचायत बम्टा व नेरवा में गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और उनके लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कलाकारों ने अनुवर्ती कार्यक्रम, स्वर्ण जयंती आश्रय योजना/गृह अनुदान, कंप्यूटर एप्लीकेशन समवर्गी क्रिया-कलापों के अंतर्गत दक्षता योजना तथा अंतर्जातीय विवाह पुरस्कार योजना के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई। इसके अतिरिक्त, कलाकारों द्वारा नशा मुक्ति और सामाजिक जागरूकता पर भी विशेष बल दिया गया। इस अभियान का उद्देश्य योजनाओं की जानकारी सीधे लोगों तक पहुंचाना और सामाजिक जागरूकता बढ़ाना है।

इस दौरान गोरो कनौण के वार्ड सदस्य दिनेश कश्यप, काइना की बीओ उमा देवी, ग्राम पंचायत नेरवा की आशा वर्कर रीता, ग्राम पंचायत बम्टा के उप-प्रधान योगेश सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# भारी बारिश से 42 पेयजल योजनाएं बाधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, शिमला में मानसून की भारी बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है। जिले में कुल 42 पेयजल योजनाएं बाधित हुई हैं, जिससे कई इलाकों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके साथ ही, 55 ग्रामीण सड़कें भी अवरुद्ध हो गई हैं, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, रोहड़ू उपमंडल में सबसे ज्यादा 73 लिंक रोड हल्के वाहनों के लिए खुले हैं, जबकि 55 पूरी तरह से बंद हैं। रामपुर में 35 और चौपाल में 05 लिंक रोड बाधित हैं। बिजली आपूर्ति की बात करें तो तीन डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर (डीटीआर) ठप हो गए हैं। कुम्हारसैन, चौपाल और डोडराक्वार में एक-एक डीटीआर खराब हुआ है।

डीडीएमए शिमला ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में मशीनरी तैनात कर दी गई है और सड़कों को खोलने तथा पेयजल आपूर्ति को बहाल करने का काम युद्धस्तर पर जारी है। मुख्य मार्गों पर अभी भी यातायात सुचारू रूप से चल रहा है।

नंद लाल ने ननखड़ी के आपदा प्रभावितों से की मुलाकात, अधिकारियों को दिए निर्देश

# बहाली कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान



आपदा प्रभावित लोगों के साथ बातचीत करने के दौरान मौजूद विधायक नंदलाल व अन्य।

**रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक नंद लाल ने आज ननखड़ी क्षेत्र का दौरा कर आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने धाशा, करोली, चमाडा, खामाडी, डीम, आदर्शनगर बनाला, कुंगल, बाल्टी, शकरेला और दंशा गांव का भ्रमण किया। उन्होंने प्रभावित परिवारों की समस्याएं सुनीं और उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

नंद लाल ने कहा कि आपदा की इस कठिन घड़ी में प्रदेश सरकार प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने बताया कि फौरी राहत राशि के साथ-साथ आवासीय भवनों को हुए नुकसान की आर्थिक सहायता, पशुधन की हानि पर मुआवजा तथा बागवानी व कृषि फसलों को हुए नुकसान की भरपाई हेतु विशेष राहत पैकेज उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। प्रभावित परिवारों को तिरपाल भी वितरित किए गए ताकि अस्थायी रूप से वे अपने आवास की सुरक्षा कर सकें।

नंद लाल ने क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों और पेयजल योजनाओं का मौके पर निरीक्षण किया।

**क्षतिग्रस्त सड़कों और पेयजल योजनाओं का मौके पर किया निरीक्षण**

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों और पेयजल आपूर्ति की बहाली को प्राथमिकता पर शीघ्र पूरा किया जाए ताकि लोगों को आवागमन और पीने के पानी की समस्या से राहत मिल सके।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि बहाली कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अपने दौरे के दौरान नन्द लाल ने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद किया। ग्रामीणों ने सड़क अवरोध, पेयजल संकट, विद्युत आपूर्ति बाधित होने तथा बागवानी फसलों को हुए नुकसान की समस्याएं सामने रखीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार इन सभी मुद्दों का समाधान प्राथमिकता से करेगी और विभागीय स्तर पर नियमित निगरानी की जाएगी।

नंद लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार हर परिस्थिति में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। सभी विभागों के सामूहिक प्रयासों से राहत और पुनर्बहाली कार्यों को शीघ्र पूरा कर क्षेत्र की स्थिति सामान्य बनाई जाएगी।

उपमंडल अधिकारी (ना.) रामपुर हर्ष अमरेन्द्र सिंह ने जानकारी दी कि प्रभावित परिवारों को फौरी राहत राशि प्रदान की जा चुकी है।

# गेयटी में सैलानियों के कम आने से कारोबार मंदा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में ट्राइफेड द्वारा हथकरघा और हस्तशिल्प वस्तुओं की प्रदर्शनी आयोजित की गई है। प्रदर्शनी में देशभर के आदिवासी कारीगरों द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है, जिसमें वस्त्र, आभूषण, धातु शिल्प, चित्रकारी, जैविक उत्पाद आदि शामिल हैं।

मगर टूरिस्ट कम होने से कारण कारोबार काफी कम है। गेयटी थियेटर में केवल स्थानीय लोग ही देखने को मिले। इन दिनों वीकेंड पर भी शिमला में कम ही पर्यटकों की चहल-पहल देखने को मिल रही है। स्थानीय लोग ही खरीददारी के लिए पहुंच रहे है। गेयटी थियेटर में सजी प्रदर्शनी में कांथा दुपट्टा और साड़ी महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद बनी हुई है।

कांथा दुपट्टा और कई डिजाइन की साडियां महिलाओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। कांथा टसर सिल्क साड़ी एक पारंपरिक साड़ी है। मेटल के उत्पादों के साथ पश्मीना के शॉल और स्टोल भी प्रदर्शित किए गए है। जैविक उत्पाद जैसे सी बकथॉर्न और एप्रीकोट की क्रीम भी प्रदर्शनी में प्रदर्शित की है।

# अपर शिमला की सड़कें खस्ताहाल सेब सीजन बुरी तरह चौपट: राकेश

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

अपर शिमला के रोहड़ू, रामपुर, जुब्बल-कोटखाई, ठियोग और चौपाल की सड़कें भारी वर्षा और भूस्खलन के कारण पूरी तरह से बदहाल बनी हुई हैं।

पिछले 15 दिनों से सड़कें बंद पड़ी हैं, जिससे सेब सीजन पर बुरी तरह से असर पड़ा है। सरकार व अपर शिमला से जुड़े मंत्री और सभी विधायक इस विकट हालात में मूकदर्शक बने बैठे हैं। सेब सीजन के सबसे अहम समय में सड़कें बाधित होने से बागवानों का करोड़ों का नुकसान हो रहा है।

अधिकतर सड़कें अभी भी बड़े वाहनों के लिए नहीं खुल पाई हैं। बागवान पहले ही पतझड़ की मार से जूझ रहे थे। सेब समय से पहले झड़ रहा था और अब तुड़ान के समय सड़कें अवरुद्ध होने से बागवानों का सेब बागीचों में ही सड़ रहा है। बागवानों के हितों की रक्षा करने वाली एचपीएमसी भी अपनी मनमानी पर उतरी हुई है। खरीद-फरोख्त और दरों में पारदर्शिता का अभाव साफ झलक रहा है, लेकिन सरकार का इस पर कोई नियंत्रण दिखाई नहीं देता।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश डोगरा ने कहा कि कांग्रेस सरकार पूरी तरह असंवेदनशील हो चुकी है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सहित रोहड़ू व ठियोग विधानसभा क्षेत्र एवं रामपुर विधानसभा क्षेत्र से जो चुने हुए विधायक है और वे खुद भी सेब बेल्ट से आते हैं, इस पूरे मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं।

मंत्री और अन्य विधायकों की खामोशी यह साबित करती है कि उन्हें अपने क्षेत्र के बागवानों और किसानों की कोई परवाह नहीं है। यह विडंबना है कि जिस क्षेत्र से मंत्री चुने गए हैं, वहीं के लोग सबसे ज्यादा संकट झेल रहे हैं। मंत्री और विधायक शिमला में बैठकर सिर्फ बयानबाजी करने में व्यस्त हैं।

**कहर** | छह जिलों में अंधड़ व बिजली कड़कने का येलो अलर्ट

# 490 सड़कें बंद, बिजली-पानी की व्यवस्था ठप

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए राज्य के छह जिलों बिलासपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर में अंधड़ और बिजली कड़कने के साथ वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।

**अब तक 409 मौतें, हजारों मकान और दुकानें जमींदोज**

अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। हालांकि विभाग का कहना है कि 17 से 20 सितंबर तक बारिश की तीव्रता कम होगी और अधिकांश इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा रहेगी, जबकि 20 सितंबर के बाद ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम साफ होने लगेगा। जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान कई जिलों में भारी बारिश हुई। चंबा के चुआड़ी में सबसे अधिक 100 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

मंडी के जोगेंद्रनगर में 60, कांगड़ा के पालमपुर में 50, मंडी के पंडोह में 40, गग्गल और नगरोटा सूरियां में 30-30, सराहन, भरेड़ी और करसोग में 20-20 मिलीमीटर बारिश हुई। इस तेज वर्षा ने पहाड़ी रास्तों को दलदल बना दिया और जगह-जगह भूस्खलन से हालात बिगड़े।

भारी बारिश से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक, सोमवार शाम तक प्रदेश में तीन नेशनल हाइवे समेत 490 सड़कें बंद हो चुकी थीं। इनमें अकेले कुल्लू में 153, मंडी में 152, शिमला में 57, कांगड़ा में 29, चंबा में 26, सिरमौर में 19, बिलासपुर में 12 और ऊना में 17 सड़कें शामिल हैं।

बिजली और पेयजल आपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। 352 ट्रांसफार्मर ठप पड़ गए हैं, जिनमें सबसे अधिक 170 मंडी और 75 कुल्लू में हैं। पेयजल योजनाओं में भी 163 प्रभावित हुई हैं, जिनमें मंडी की 53 और शिमला की 49 योजनाएं प्रमुख हैं। मानसून के चलते प्रदेश में तबाही का सिलसिला लगातार बढ़ रहा है। अब तक 409 लोगों की मौत, 473 लोगों के घायल होने और 41 लोगों के लापता होने की पुष्टि हुई है।

जिला स्तर पर मंडी में सबसे अधिक 61 मौतें हुई हैं, जबकि कांगड़ा में 56, चंबा में 50, शिमला में 47, कुल्लू में 44 और सोलन में 31 लोगों ने अपनी जान गंवाई है।

**1,478 मकान गिरे**

**भूस्खलन** और बारिश से 1,478 मकान पूरी तरह ढह गए हैं और 6,298 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। 490 दुकानें और 6,147 गौशालाएं भी जमींदोज हो चुकी हैं। पशुधन को भी भारी क्षति पहुंची है, जिसमें 2,109 पशुओं और 26 हजार से अधिक पोल्ट्री पक्षियों की मौत शामिल है।

**4,500 करोड़ का नुकसान**

**मानसून** सीजन ने हिमाचल प्रदेश को सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान के रूप में अब तक 4,504 करोड़ रुपये से अधिक की क्षति पहुंचाई है। लोक निर्माण विभाग को ज्यादा झटका लगा है। राज्यभर में अब तक 140 भूस्खलन, 97 फ्लैश फ्लड और 46 बादल फटने की घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं।

# हिंदी भाषा ही नहीं, हमारी संस्कृति और सभ्यता की आत्मा भी है: अजय



हिंदी पखवाड़े के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए निदेशक अजय कुमार शर्मा।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**एसजेवीएन में हिंदी पखवाड़े का भव्य शुभारंभ**


एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, भूपेंद्र गुप्ता के मार्गदर्शन में आज कॉर्पोरेट मुख्यालय, शिमला में हिंदी पखवाड़े का शानदार आगाज हुआ।

इस कार्यक्रम में निदेशक (कार्मिक), अजय कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि अजय ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को हिंदी पखवाड़े की बधाई दी और हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और सभ्यता की आत्मा है। यह हिंदी पखवाड़ा 28 सितंबर, 2025 तक चलेगा। इसमें कॉर्पोरेट मुख्यालय और परियोजना कार्यालयों में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कॉर्पोरेट मुख्यालय में शुद्ध शब्द लेखन, श्रुतलेखन, काव्य-गोष्ठी और सुलेख जैसी प्रतियोगिताएं होंगी।

उद्घाटन के दिन, कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन), चंद्रशेखर यादव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शुद्ध शब्द लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 60 अधिकारियों और कर्मचारियों इस मौके पर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 16 सितंबर 2025

# सायर पर्व प्रकृति, पूजा और पकवानों की परंपरा




**हिमाचल** प्रदेश की संस्कृति प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव का प्रतीक है। इसी जुड़ाव का एक अनूठा उदाहरण है सायर उत्सव, जो हर वर्ष सितंबर माह में मनाया जाता है। भाद्रपद महीने की समाप्ति पर जब वर्षा थमती है और चारों ओर हरियाली छा जाती है, तब पहाड़ों के लोग इस पर्व को मनाते हैं।

परंपरागत रूप से इसे भारी वर्षा और प्राकृतिक चुनौतियों से उबरने की खुशी के रूप में यह 16 सितंबर के आस-पास मनाया जाता है। फसल कटाई के बाद इस दिन लोग देवताओं और प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करते हैं। इस तरह सैर असल में फसल पकने, देव पूजा और सामूहिकता का पर्व है, जो केवल मौसम परिवर्तन का उत्सव ही नहीं है, बल्कि जीवन की लय और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव का प्रतीक है। हिमाचल के मंडी, कुल्लू, सिरमौर, शिमला, सोलन और चंबा जिलों में यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। लोग इस दिन नई फसल, खासकर मक्का, कुट्टू और कोल्थ देवताओं को अर्पित करते हैं। इस अवसर पर लगभग 10 से 20 पवित्र पौधों की पूजा की जाती है, जिन्हें औषधीय गुणों की खान कहा जा सकता है। यह पूजा प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने और आपदाओं के बाद जीवन की पुनर्बहाली का उत्सव है। यदि इन पौधों को ध्यान से देखें तो स्पष्ट होता है कि हमारे पूर्वजों ने सैर उत्सव के माध्यम से एक साथ औषधीय, पोषणीय और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने का प्रयास किया। ये पौधे न केवल विविधता का परिचय देते हैं, बल्कि जीवन के हर आयाम से जुड़े हैं। इन पौधों को मोटे तौर पर तीन समूहों में बांटा जा सकता है। औषधीय महत्व वाले पौधे जो कि सैर उत्सव में पूजे जाते हैं उनमें से प्रमुख हैं- पुठकांडा (अपामार्ग), दरीड, कोटा घास, दुधि, आंवला, खट्टे फल, मलोरी, कुरी, तुलसी, धतूरा, भांग, अरंडी, गूलर/उमरे और गिलोय इत्यादि। इन पौधों का उपयोग परंपरागत चिकित्सा, रोग प्रतिरोधक क्षमता और शरीर को संतुलित रखने के लिए होता आया है। इनमें से कई पौधे पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में आज भी उपयोग किए जाते हैं और मानव स्वास्थ्य के लिए वरदान माने जाते हैं। सैर पर्व में पूजे जाने वाले अनाज व खाद्य महत्व वाले प्रमुख पौधे हैं जौ, धान, मक्की ,अरबी, अमरूद, खीरा, कद्दू, पेठू और कोल्थ। ये पौधे पर्व के समय उपलब्ध होते हैं और पोषण का प्राकृतिक स्रोत माने जाते हैं। इन पौधों की सैर पर्व में पूजा करके प्रकृति का आभार प्रकट किया जाता है।



प्रो. तारा देवी सेन, बॉटनी विभागाध्यक्ष, वल्लभ कालेज मंडी



## अखरोट, पीपल और बेलपत्र पूजे जाते

**सांस्कृतिक** व प्रतीकात्मक महत्व वाले अखरोट, दूब, घास, पीपल, बेलपत्र और शमी आदि। पौधे पूजे जाते हैं। ये पौधे केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि रिश्तों की मिठास, सामाजिक एकता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता के प्रतीक हैं। इन पौधों को विभिन्न स्थानों और समुदायों के लोग अपनी परंपरा और उपलब्धता के अनुसार चुनते हैं। कहीं पर तुलसी, बेलपत्र, आंवला और पीपल की आराधना होती है, तो कहीं दूब, अपामार्ग, कोठा घास और शमी का विशेष महत्व होता है। यह विविधता केवल पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय जैव विविधता, सांस्कृतिक धरोहर और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद

**सैर** पर्व का एक और अनोखा पहलू है, पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद। इस दिन घरों में बड़े चाव से भल्ले, दही भल्ले, कचौरी, पतरोडू, पकौड़े और मिठाइयां बनाई जाती हैं। फिर इन व्यंजनों को पड़ोसियों और रिश्तेदारों में बांटकर पर्व की खुशियां साझा की जाती हैं। भोजन का यह साझा आनंद सामूहिकता और भाईचारे की सुंदर मिसाल है। सैर उत्सव हमें यह सिखाता है कि आधुनिकता की दौड़ में भी परंपरा और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखना आवश्यक है। प्रकृति केवल पूजा की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। औषधीय पौधों की पूजा, अखरोटों का आदान-प्रदान और पारंपरिक व्यंजनों का वितरण-सब मिलके इस पर्व को सामाजिक एकता, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतिक बनाते हैं। 'इस पर्व में औषधीय पौधों की पूजा के पीछे हमारे पूर्वजों का सबसे बड़ा उद्देश्य उनके औषधीय महत्व और उपयोग को सुनिश्चित करना था, लेकिन समय के साथ हमने इन्हें केवल आस्था से जुड़े पौधों के रूप में ही संजोकर रखा। परिणामस्वरूप, आज के दौर में इनका वास्तविक उपयोग लगभग समाप्त हो गया है और इसी कारण बड़ी संख्या में लोग जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। अब समय आ गया है कि हम फिर से इन पौधों को पूजने के साथसाथ अपने दैनिक जीवन में शामिल करें।

## अखरोटों का अदान-प्रदान

**सैर** पर्व का दूसरा अनूठा पहलू है अखरोटों का अदान-प्रदान। अखरोट इस पर्व में विशेष महत्व रखते हैं। इन्हें देवता को अर्पित करने के बाद परिवारजन और रिश्तेदारों के बीच भेंट किया जाता है, जो न केवल संबंधों की मिठास को बढ़ाते हैं, बल्कि स्वास्थ्य के लिहाज से भी अत्यंत लाभकारी हैं। अखरोट को बुद्धि, स्मरणशक्ति और ताकत का प्रतीक माना जाता है। यह केवल भक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक रिश्तों को प्रगाढ़ बनाने की परंपरा भी है। त्योहारों और धार्मिक आयोजनों की भव्यता के कारण मंडी जिले को छोटी काशी के नाम से भी जाना जाता है, यह विक्रेताओं और खरीददारों दोनों का मनपसंद स्थान है। यहां के चौटा और सेरी बाजार में न केवल स्थानीय लोग, बल्कि बरोट,पंडोह, मोविसेरी, कोटली, थुनाग, मणिकर्ण, हमीरपुर, करसोग, चंबा और यहां तक कि जम्मू-कश्मीर और दूसरे राज्यों से आए विक्रेता भी अखरोट बेचने पहुंचते हैं। यहां अखरोट की कीमत गुणवत्ता के आधार पर 300 रुपए किलो से लेकर 1000 रुपए किलो तक रहती है। 4 से 5 दिनों के भीतर यहां लाखों का व्यापार हो जाता है। यही वजह है कि मंडी की परंपरा और रौनक से प्रभावित होकर आसपास के जिलों के व्यापारियों के लिए भी यह विशेष आकर्षण का केंद्र है।

# सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक मेले और त्योहार

**भारत** विविधता में एकता का देश है और इसी एकता को सहेजने का काम करते हैं हमारे मेले, तीज और त्योहार। ये पर्व न केवल आनंद और उल्लास के अवसर होते हैं, बल्कि ये हमारी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों के वाहक भी हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि त्योहार हमारे सांस्कृतिक जीवन की आत्मा हैं। हर त्योहार के पीछे कोई न कोई पौराणिक या प्राकृतिक कारण छुपा होता है, जो हमें आध्यात्मिक, सामाजिक और प्राकृतिक जीवन से जोड़ता है। हिमाचल प्रदेश जैसे देव भूमि में वर्ष भर तीज-त्योहारों का सिलसिला चलता रहता है। यहां तो हर महीने की संक्रांति भी 'साजे' या 'संग्रांदी' के रूप में पवित्र मानी जाती है। भादों मास को 'काला महीना' माना जाता है, जिसमें शुभ कार्य वर्जित होते हैं। मान्यता है कि इस समय देवी-देवता पृथ्वी से दूर चले जाते हैं और डाकनियों से युद्ध करते हैं। जब अश्विन माह की पहली तिथि आती है, तब यह समय पुनः शुभ हो जाता है, और इसी दिन मनाया जाता है 'सायर' या 'सैर' त्योहार। सायर का त्योहार सिर्फ धार्मिक ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक और कृषिपरक महत्व भी रखता है। यह वह समय होता है जब वर्षा ऋतु समाप्त होती है और सर्दी की शुरुआत होती है। खरीफ की फसल पक जाती है और उसकी कटाई शुरू हो जाती है। इसी खुशी को नई फसल के स्वागत के रूप में मनाया जाता है सायर। इस दिन लोग मक्की, धान की बालियां, पेठू की बेल, कचालू के पत्ते, खीरा, अमरूद, तिल की टहनी, कोठे का पौधा और अखरोट जैसी चीजें खरीदकर एक दिन पहले घर लाते हैं। अगले दिन इन्हें छंगेर या थाली में सजाकर लकड़ी के पटड़े पर रख कर पूजा की जाती है। घर की साफ-सफाई, गोबर से लिपाई, और गोलू-लोष्ठी से ठाहरे बनाने की परंपरा इस दिन विशेष महत्व रखती है। सायर के दिन हर घर में स्थानीय पकवान बनाए जाते हैं जैसे बाबरू, भल्ले, कचौरी, चिल्डू, गुलगुले, भटूरे, पतरोडू, खीर और सीडू। पूजा के बाद घर के बुजुर्गों का चरण स्पर्श करके आशीर्वाद लिया जाता है और फिर ये पकवान पड़ोसियों में बांटे जाते हैं। विशेष रूप से अखरोट और दूब (द्रुभ) बांटने की परंपरा भी इस दिन निभाई जाती है। हिमाचल के अलग-अलग जिलों में सायर अपने-अपने ढंग से मनाया जाता है, लेकिन सभी के पीछे भाव वही रहता है- सांस्कृतिक एकता और परंपरा का निर्वाह। शिमला और सोलन में सायर मेलों के रूप में मनाया जाता है। पहले बैलों के दंगल आयोजित होते थे, जो अब पशु अधिकार नियमों के चलते बंद कर दिए गए हैं। मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर और कांगड़ा जिलों में यह पर्व लगभग समान तरीके से मनाया जाता है। मंडी क्षेत्र में सायर से पहले ही अखरोटों का बाजार सज जाता है। बच्चे, युवा और बड़े सभी अखरोटों से खेलते और बांटते हैं।



डॉ. कमल के प्यासा
परुथी, लोअर समखेतर, मंडी

# हिमाचल की सांस्कृतिक धरोहर और नई फसल का पर्व

**देवभूमि** के नाम से विख्यात हिमाचल प्रदेश में वर्षभर विविध पर्व और त्योहार मनाए जाते हैं। यहां की पहाड़ी संस्कृति, प्राचीन सभ्यता और देसी पंचांग मिलकर ऐसे पर्वों को जन्म देते हैं, जो सिर्फ धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और पारिवारिक मूल्यों को भी दर्शाते हैं। इन्हीं पर्वों में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और पारंपरिक त्योहार है सैरी (या सायर), जो अश्विन मास की संक्रांति के दिन मनाया जाता है। यह पर्व मुख्यतः चंबा, मंडी, कांगड़ा, सोलन और शिमला जैसे जिलों में विशेष रूप से लोकप्रिय है। हिमाचली जनमानस में भाद्रपद मास को 'काला महीना' कहा जाता है। मान्यता है कि इस महीने में देवी-देवता अपने मंदिरों को छोड़कर दुष्ट शक्तियों से युद्ध करने चले जाते हैं। इस कारण इस अवधि में कोई भी शुभ कार्य जैसे विवाह, गृहप्रवेश आदि वर्जित माने जाते हैं। इस माह में पित्रों की शांति के लिए हर शाम घरों में दीप जलाकर प्रार्थना की जाती है। इसी कारण नवविवाहित वधुओं को विवाह के पहले वर्ष इस मास में ससुराल में न रखकर मायके भेजने की परंपरा भी कई क्षेत्रों में है। सैरी की संक्रांति को खरीफ की फसल तैयार हो जाती है। इस दिन अलसुबह परिवार की सबसे वरिष्ठ महिला 'सैरी वंदना' की प्रक्रिया का नेतृत्व करती है। मक्की, ककड़ी, सेब, अखरोट, धान आदि नई फसल की वस्तुएं एक थाली में सजाकर, जलता दीपक और धूपबत्ती के साथ परिवार के सभी सदस्यों को जगाकर पूजा करवाई जाती है। सभी लोग थाली को सिर से लगाकर वंदन करते हैं और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। सैरी से एक दिन पहले मसंत की रात को विशेष पकवान बोबरू बनाए जाते हैं। ये पकवान दही या आलू की सब्जी के साथ खाए जाते हैं। यह परंपरा केवल स्वाद से नहीं, बल्कि सामाजिक मेलजोल से भी जुड़ी होती है। सैरी के दिन विवाहित बहनें और बहनोई घर बुलाए जाते हैं, जो नहीं आ पाते, उन्हें भोजन सामग्री भेजी जाती है। यह परंपरा आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में जीवित है। हिमाचल में एक प्रचलित किंवदंती के अनुसार, सैरी और लोहड़ी दो बहनें थीं। सैरी की शादी गरीब घर में हुई थी, इसलिए इसे सादे और सस्ते पकवानों के साथ मनाया जाता है, जबकि लोहड़ी अमीर घर में ब्याही गई थी, अतः उसे अधिक धूमधाम से मनाया जाता है। यह कथा पर्वों की गहराई को मानवीय भावनाओं से जोड़ देती है।



सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

### लोक परंपराएं और बदलती धुन

**प्राचीन** समय में सैरी के तीन दिन तक शहनाई और ढोल वादक हर घर में जाकर वादन करते थे। उन्हें सैरी भेंट के रूप में अनाज, पैसे आदि दिए जाते थे, जो उनके जीवनयापन का साधन भी था। वर्तमान में ऐसे कलाकारों की कमी के कारण यह परंपरा लगभग समाप्त हो चुकी है, परंतु सैरी वंदना अब भी पूरे भाव से मनाई जाती है।

### अखरोट का खेल और देव-डायन युद्ध की मान्यता

ग्रामीण क्षेत्रों में अखरोट खेलने की परंपरा आज भी है। बच्चे और बड़े मिलकर इनका खेल खेलते हैं, जिसमें निशाना लगाकर अखरोट जीतने का प्रयास किया जाता है। एक और रोचक परंपरा है देव-डायन युद्ध की। माना जाता है कि सैरी के दिन देवी-देवता अपने मंदिरों में लौट आते हैं और उनके 'गूर' या पुजारी, युद्ध के परिणाम और क्षेत्रीय शुभ-अशुभ घटनाओं की जानकारी लोगों को बताते हैं। कुल्लू में सैरी को 'सैरी-साजा' के रूप में मनाया जाता है, जहां देवता स्वर्ग से धरती पर आते हैं। मंडी व कांगड़ा में यह एक पारिवारिक पर्व है। शिमला और सोलन में सामूहिक मेलों और पूजा के साथ मनाया जाता है।

# राहु का प्रभाव और उपाय

**वैदिक** ज्योतिष में राहु को माया, छल और भ्रम का प्रतीक माना गया है। यह ग्रह जिस भी भाव में स्थित होता है, वहां जीवन के उस क्षेत्र में धोखे, असंतोष या असमंजस की संभावना बढ़ जाती है। राहु के प्रभाव से व्यक्ति का मन डबल माइंडेड हो जाता है और कई बार वह सही निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करता है। यदि राहु पहले भाव में हो तो व्यक्ति निर्णय लेने में अस्थिर रहता है। दूसरे भाव में यह कुटुंब से दूरी और धन के मामलों में धोखे का कारण बन सकता है। तीसरे भाव में भाई-बहनों से विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। वहीं, चौथे भाव में घर-परिवार में असंतोष और असुरक्षा का भाव बना रहता है। पांचवें भाव में राहु प्रेम संबंधों में विश्वासघात ला सकता है। छठे भाव में यह सहकर्मियों से छल करवाता है, जबकि सातवें भाव में जीवनसाथी या बिजनेस पार्टनर से धोखा मिलने का योग बनाता है। आठवें भाव में गुप्त शत्रु और छिपे हुए नुकसान का डर रहता है। नौवें भाव में राहु आस्था, गुरु या भाग्य से जुड़े मामलों में धोखा दिला सकता है। दसवें भाव में करियर में अचानक झटका लगता है। ग्यारहवें भाव में मित्रों या नेटवर्क धोखा मिल सकता है, जबकि बारहवें भाव में विदेश यात्रा और गुप्त खर्चों से हानि का संकेत मिलता है, इसलिए कहा गया है कि राहु जहां भी हो, वहां सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। यदि सतर्कता न रखी जाए तो जीवन के किसी न किसी क्षेत्र में धोखे और भ्रम से बच पाना मुश्किल हो जाता है। राहु के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए आध्यात्मिक साधना और दान का विशेष महत्व बताया गया है। मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ करना तथा हनुमान जी की आराधना करना राहु को शांत करता है। इसके साथ ही 'भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः' मंत्र का नियमित जाप करना लाभकारी होता है। शनिवार के दिन काले तिल, उड़द और नीले वस्त्र दान करना शुभ माना जाता है। नदी में नारियल प्रवाहित करना और जरूरतमंदों को जूते, चप्पल या छाता दान करना भी राहु दोष को कम करने वाले उपायों में शामिल है। सबसे महत्वपूर्ण उपाय है कि जीवन में सत्य और सदाचार को अपनाया जाए। राहु छल और माया का कारक है, इसलिए सत्संग, सत्यनिष्ठा और सद्भावना से जीने वाला व्यक्ति इसके नकारात्मक प्रभावों से काफी हद तक बचा रहता है।



ज्योतिषविद विभा शर्मा
जोगिंद्रनगर।



# पितृ दोष और उसका निवारण



**ज्योतिष** शास्त्र में पितृ दोष को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। जब किसी जातक की जन्म कुंडली में सूर्य पर शनि की दृष्टि पड़ती है, चंद्रमा के साथ बुध की युति होती है या सूर्य और शनि समसप्तक (सातवें भाव में आमने-सामने) स्थिति में होते हैं, तब पितृ दोष का निर्माण होता है। ऐसा दोष बनने पर जातक को जीवन में कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। करियर में असफलताएं, विवाह में अड़चनें, संतान सुख में बाधाएं और पारिवारिक जीवन में तनाव इसकी सामान्य स्थितियां मानी जाती हैं। पितृ दोष बनने का मुख्य कारण यह माना जाता है कि पूर्वजों की आत्माएं किसी कारणवश संतुष्ट नहीं होती या उनके प्रति किसी प्रकार की उपेक्षा हुई हो। जब पूर्वज अप्रसन्न रहते हैं, तो उनके आशीर्वाद से व्यक्ति वंचित रह जाता है और जीवन में संघर्ष अधिक बढ़ जाता है, इसलिए पितृ दोष से मुक्ति के लिए पितृ शांति करना आवश्यक माना गया है। पितृ शांति के लिए पितृ पक्ष या श्राद्ध के दिन सबसे उपयुक्त माने जाते हैं। यह समय वर्ष में एक बार आता है, जब अपने पूर्वजों को याद करके उन्हें तर्पण, दान और पिंडदान दिया जाता है। मान्यता है कि इन दिनों किए गए कार्य सीधे पितरों तक पहुंचते हैं और उनकी आत्मा को शांति मिलती है। पितृ दोष की शांति के लिए हरिद्वार, गया, पयोहा और कुरुक्षेत्र जैसे पवित्र तीर्थ स्थानों पर जाकर श्राद्ध और तर्पण करना अत्यंत शुभ माना गया है। इन स्थानों पर हजारों वर्षों से लोग पितरों के लिए कर्मकांड करते आ रहे हैं। इसके अलावा यदि किसी कारणवश वहां जाना संभव न हो, तो अमावस्या के दिन घर में ही विधिपूर्वक श्राद्ध और पितृ शांति की जा सकती है। पितृ दोष से मुक्ति का एक और प्रभावी उपाय पितृ गायत्री मंत्र का जप है। इस मंत्र के माध्यम से पूर्वजों की आत्मा की शांति के साथ-साथ उनका आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। नियमित रूप से पितृ गायत्री का जप करवाने या स्वयं करने से परिवार की बाधाएं कम होती हैं, घर में शांति आती है और समृद्धि का मार्ग खुलता है। मान्यता है कि जब पितरों की आत्मा संतुष्ट होती है, तो वे अपने वंशजों को सुख, समृद्धि और सफलता का आशीर्वाद देते हैं, इसलिए पितृ पक्ष में श्रद्धा और भक्ति के साथ श्राद्ध, तर्पण और पितृ गायत्री के माध्यम से पूर्वजों को स्मरण करना और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करना अत्यंत आवश्यक है। यह न केवल कुंडली के दोषों को कम करता है, बल्कि जीवन की कठिनाइयों को दूर करने का एक आध्यात्मिक और पारिवारिक मार्ग भी है।

*-अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।*



# स्वर्ग सुख दिलाए इंदिरा एकादशी

**आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को इंदिरा एकादशी के नाम से जाना जाता है। इंदिरा एकादशी के दिन भगवान इंद्र की पूजा की जाती है। इंदिरा एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति के जीवन के सभी कष्ट और पाप नष्ट हो जाते हैं। इंदिरा एकादशी का व्रत विधि-विधान से करने पर राज सूर्य यज्ञ के समान फल प्राप्त होता है।**

## इंदिरा एकादशी कथा

एक बार धर्मराज युधिष्ठिर ने मधुसूदन भगवान कृष्ण से अश्विनी मास कृष्ण पक्ष की एकादशी बारे पूछा, तब भगवान कृष्ण ने धर्मराज को बताया कि महिष्मति नाम की एक प्राचीन नगरी थी। उस नगरी में एक प्रतापी राजा इंद्रसेन का शासन था। इंद्रसेन अत्यंत धार्मिक प्रवृत्ति के थे। वे अपनी प्रजा का बहुत ध्यान रखते थे। उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। उनका पूरा परिवार सुख-समृद्धि और धन-धान्य से संपन्न था। इंद्रसेन भगवान विष्णु के भी परम भक्त थे। एक बार जब राजा अपनी सभा की अध्यक्षता कर रहे थे, तभी नारद जी उनके पास आए। राजा ने उन्हें सभा में स्थान दिया और उनका बहुत आदर-सत्कार किया फिर राजा ने उनके आने का उद्देश्य पूछा। नारद मुनि राजा से कहते हैं कि आपका राज-काज और आपका सारा कामकाज कुशलता से चल रहा है। भगवान विष्णु के प्रति आपकी भक्ति अद्वितीय है। यह सुनकर राजा नारद जी को प्रणाम करते हैं और उनके आशीर्वाद के लिए धन्यवाद देते हैं, जिनकी बदौलत उनका राज्य किसी भी अप्रिय घटना से मुक्त रहा है। नारद ने राजा को एक घटना सुनाई। नारद यमलोक गए थे और वहां उनकी भेंट राजा के पिता से हुई। राजा के पिता एकादशी का व्रत ठीक से न करने के कारण यमलोक पहुंच गए थे, इसलिए पिता ने नारद से राजा को एक संदेश देने का अनुरोध किया है। नारद ने बताया कि राजा के पिता पूर्वजन्म में हुई किसी भूल के कारण यमराज के पास यम पास में फंस गए हैं। अगर राजा अपने पिता को यमराज से मुक्त कराना चाहते हैं, तो उन्हें अपने पिता के निमित्त आगामी आश्विन माह के कृष्ण पक्ष में इंदिरा एकादशी का व्रत करना होगा। नारद जी के मुख से अपने पिता के वचन सुनकर, राजा इंद्रसेन अपने पिता की मुक्ति के लिए व्रत करने के लिए तत्पर हो गए। नारद जी से व्रत विधि जानकर राजा ने इंदिरा एकादशी का व्रत करने का संकल्प लिया। व्रत के शुभ प्रभाव से राजा के पिता को स्वर्ग में स्थान प्राप्त हुआ। राजा इंद्रसेन भी शांतिपूर्वक अपना राज्य चलाते हुए अंततः स्वर्ग में स्थान प्राप्त करते हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### जीजीडीएसडी कॉलेज में मनाया लोकतंत्र दिवस

अनंत ज्ञान, पालमपुर। राजपुर स्थित जीजीडीएसडी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने क्या सोशल मीडिया लोकतंत्र को मजबूत कर रहा है या कमजोर? विषय पर समूह चर्चा की। राजनीति शास्त्र के छात्रों ने सोशल मीडिया के लोकतंत्र में पारदर्शिता और जनभागीदारी को बढ़ावा देने वाले पक्षों के साथ-साथ इसके दुरुपयोग की आशंकाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। कॉलेज के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के जिम्मेदार प्रयोग के लिए प्रेरित किया और कहा कि लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सही उपयोग ही इसकी ताकत है। कार्यक्रम का सफल संचालन राजनीतिशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका सीमा भाटिया के मार्गदर्शन में किया गया।

### डीएवी नगरोटा सूरियां में मनाया हिंदी दिवस



शिव गुलेरिया,अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां। डीएवी स्कूल नगरोटा सूरियां में हिंदी दिवस पर पहली कक्षा से लेकर जमा दो कक्षा के विद्यार्थियों ने आशु भाषण, कविता पाठ, दोहा गायन, नाटक, कवि सम्मेलन आदि विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। वहीं, बच्चों द्वारा बनाई गई गतिविधियों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रधानाचार्य ने बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियों के ऊपर चर्चा की। प्रधानाचार्य शेखर मोदगिल ने बच्चों के हुनर की खूब सराहना की।

### पंचायत समिति सदस्य ने दी पानी की दो टंकियां

अनंत ज्ञान, डरोह। विकास खंड सुलह स्थित भेडूमहादेव की पंचायत सपड्डुल के वार्ड नंबर 1, वैष्णो देवी मंदिर में, वार्ड नंबर 2, शिव मंदिर जमनखोला, वार्ड नंबर 3, शिव मंदिर लिंझन में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के लिए पंचायत समिति सदस्य वार्ड नंबर 24 (भ्रांता) ने 15वें वित्तायोग के तहत 1000 लीटर की दो टंकियां व दो स्टैंड और एक डिस्पेंसर प्रदान किए। लोगों ने पंचायत समिति सदस्य मोनिका देवी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य मोनिका देवी उपप्रधान बलवंत सिंह, कुलवंत गुलेरिया, नवीन गुलेरिया, जगदीश चंद, रवि कुमार और अंजना कुमारी उपस्थित रहे।

### बणी गांव में नकदी और जेवरात चोरी

अनंत ज्ञान, परागपुर। जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के गरली के पास बणी गांव के वार्ड नंबर 6 में चोरी की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, एक दंपति जो बणी में किराए के मकान में रहते हैं, शनिवार को अपने पुश्तैनी घर नगरोटा बगवां गए थे। रविवार को लौटने पर उन्होंने देखा कि घर का पिछला दरवाजा खुला है और सामान बिखरा पड़ा है। जांच पर पाया कि बैग से करीब 50,000 नकद और कुछ सोने के आभूषण गायब हैं। पीड़ित सोहन सिंह क्लीनिकल प्रैक्टिस करते हैं और उनकी पत्नी गृहिणी हैं। मामले की शिकायत स्थानीय थाना में दर्ज करवा दी गई है।

### पीएम ने आपदा को अपना दर्द समझाः घनश्याम

अनंत ज्ञान, पालमपुर। भाजपा नेता व पूर्व कर्मचारी कल्याण बोर्ड अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को अपने परिवार की तरह देखते हैं। हाल ही में हिमाचल में आई आपदा पर पीएम मोदी की तत्परता इस बात का प्रमाण है। उन्होंने चंबा व भरमौर क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण कर हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। केंद्र सरकार ने हिमाचल को 1500 करोड़ रुपए का विशेष राहत पैकेज और मृतकों को 2 लाख व घायलों को 50 हजार की सहायता दी है। पीएम मोदी ने 7 वरिष्ठ मंत्रियों को भी राज्य में स्थिति का जायजा लेने भेजा। शर्मा ने कहा कि यह मोदी की कार्यशैली और देशप्रेम को दर्शाता है। उन्होंने जनता से केंद्र की सहायता का सदुपयोग कर पुनर्निर्माण में जुटने की अपील की।

### सायर पर्व पर लोक परंपरा उत्सव व मेला आज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। इंद्रु नाग मंदिर सेवा समिति खनियारा द्वारा मंगलवार को पटोला खनियारा में सायर पर्व पर भेड़े के मेले व लोक परंपरा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इंद्रु नाग देवता की छड़ी गुर, पुजारी व बजंतरियों संग पटोला पहुंचेगी। सुबह झंडे की रस्म व पूजा के बाद पिड्ड, सुंदरटापू, पांच गिट्टियां व कबड्डी प्रतियोगिताएं होंगी। लोकगायन नृत्य में मंचविहीन प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा। विभिन्न स्कूलों, महिला मंडलों व समाजसेवी संगठनों के प्रतिभागी भाग लेंगे। खेलपात्र के बाद भजन संध्या होगी। समिति अध्यक्ष नीरज कुमार व्यास ने सभी से भागीदारी की अपील की।

### जयसिंहपुर में मल्टीस्पेशलिटी कैंप 19 को

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। सिविल अस्पताल जयसिंहपुर में 19 सितंबर को मल्टीस्पेशलिटी कैंप का आयोजन किया जाएगा। एमडी मेडिसिन जो कि नाक, कान, गला के विशेषज्ञ व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध होंगे तथा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी डॉ. मुनीश राणा ने दी। उन्होंने क्षेत्र की महिलाओं से आह्वान किया कि इस कैंप का भरपूर लाभ उठाएं।

### डॉ. पारस का आर्मी मेडिकल कोर में चयन




अनंत ज्ञान, जवाली। जवाली विधानसभा क्षेत्र की बट पंचायत के डॉ. पारस ठाकुर का भारतीय सेना की आर्मी मेडिकल कोर में कैप्टन पद पर चयन पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। टांडा मेडिकल कॉलेज से डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी कर उन्होंने अनुशासन, समर्पण और मेहनत से यह उपलब्धि पाई। उनके माता-पिता ठाकुर बलवीर सिंह व सुरेश कुमारी शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। डॉ. पारस के दादा स्व. प्रकाश चंद का आशीर्वाद व परिवार के नैतिक मूल्यों ने उन्हें यह मुकाम दिलाया। पंचायत बट सहित पूरे हिमाचल को उन पर गर्व है। उन्हें आर्मी हॉस्पिटल पठानकोट के लिए शुभकामनाएं।

# महिला आईपीएस अधिकारी से दुर्व्यवहार मामले में होगी कानूनी कार्रवाई : डीजीपी

## एसपी कांगड़ा अशोक रत्न को मामले की गहनता से जांच के आदेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में 12 सितंबर को पुलिस आईपीएस अधिकारी के साथ एक नेता द्वारा किए गए दुर्व्यव्यवहार के मामले में कानूनी की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में हिमाचल प्रदेश पुलिस महानिदेशक डीजीपी आईपीएस अशोक तिवारी ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

डीजीपी ने जिला कांगड़ा के पुलिस अधीक्षक अशोक रत्न को मामले की गहनता से जांच पड़ताल का जिम्मा सौंपते हुए उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, 12 सितंबर को टांडा में रोबोटेटिक्स सर्जरी के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्यातिथि के रूप में पहुंचने वाले थे। हालांकि, मौसम खराब होने के चलते सीएम टांडा नहीं पहुंच पाए थे। ऐसे में उन्होंने वर्चुअली रूप से रोबोटिक्स सर्जरी का उद्घाटन किया था। इस दौरान प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल, कृषि मंत्री प्रो. चौधरी चंद्र कुमार, पर्यटन निगम के अध्यक्ष एवं नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली सहित अन्य नेता, अधिकारी व पदाधिकारी भी मौजूद थे। इस दौरान वीवीआईपी काफिले में वाहनों के गुजरने के समय प्रोटोकॉल में शामिल न होने वाले नेता के वाहन को लेकर भी पुलिस विभाग कांगड़ा की एक महिला आईपीएस अधिकारी के साथ विवाद हुआ। इसमें ड्यूटी में तैनात अधिकारी की ओर से नेता को नियमों के तहत ही जाने की बात कही जा रही थी।

इस बात पर एक नेता की ओर से आईपीएस अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार किया गया था। उक्त मामले में पूर्व मंत्री एवं जसवां-परागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने भी प्रेसवार्ता करके मामले को तुल दिया। वहीं, द्वितीय भारतीय आरक्षित वाहिनी सकोह धर्मशाला में कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने पहुंचे डीजीपी अशोक तिवारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि मामला उनके ध्यान में आया है। पुलिस अधीक्षक कांगड़ा को गहतना से जांच पड़ताल करते हुए कानूनी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मामला चाहे महिला पुलिस अधिकारी का हो या अन्य किसी आम महिला का। आरोपियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने इस ज्वलंत मामले में जल्द कार्रवाई की बात कही है।

### बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने वाले पुलिस अधिकारी नवाजे



धर्मशाला में द्वितीय भारतीय आरक्षित वाहिनी ने रजत जयंती समारोह मनाया।

▶ रजत जयंती समारोह में डीजीपी अशोक तिवारी रहे मुख्यातिथि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। द्वितीय भारतीय आरक्षित वाहिनी (आईआरबी) सकोह धर्मशाला के स्थापना दिवस एवं रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश पुलिस महानिदेशक डीजीपी अशोक तिवारी (भापुसे) ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। आरक्षित वाहिनी की स्मारिका का भी विमोचन किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया गया। डीजीपी ने कहा कि आज का दिन गौरव व बलिदान का प्रतीक है। बटालियन के हर एक सदस्य ने अपने अनुशासन व कार्य से पूरे हिमाचल की पुलिस को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को हर शिकायत को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को सबसे पहले आगे बढ़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस को फीडबैक सिस्टम पर भी गंभीर होकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुलिस हेडक्वार्टर का कार्य सभी कड़ियों को जोड़कर रखना है। महिला पुलिस को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि आपको आत्मविश्वास के साथ काम करना है।

### एयरपोर्ट केस की सुनवाई अब 28 अक्तूबर को

अनंत ज्ञान, गगल। एयरपोर्ट विस्तारीकरण का मामले की हाईकोर्ट शिमला में सुनवाई हुई। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर एवं न्यायमूर्ति सुशील कुकरेजा ने इस केस की सुनवाई अब 28 अक्तूबर को रखी है।

कोर्ट में छुट्टियों के चलते इस मामले की सुनवाई में थोड़ा इंतजार करना पड़ा, लेकिन सोमवार को कुछ आपत्तियां सरकार ने कोर्ट में पेश की है, जिसका जवाब सरकार को अब 28 अक्तूबर को देना है। संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने कहा कि गांववासियों को न्यायालय पर पूरा विश्वास है वह जनता के साथ कभी भी धोखा नहीं होने देंगे।

### हैप्पी बर्थडे



धुसाड़ा (ऊना) के अरमान लट्ठ को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### खटियाड़ और धमेटा में आज बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, फतेहपुर। उपमंडल फतेहपुर के खटियाड़ और धमेटा क्षेत्र में मंगलवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता अभिजीत सिंह ने बताया कि 11 केवी धमेटा फीडर की मरम्मत और रखरखाव कार्य के चलते प्रातः 9 बजे से कार्य समाप्ति तक बिजली बंद रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में खटियाड़, धमेटा, दियाल, मानगढ़, पोलियां व आसपास के गांव शामिल हैं। यदि मौसम खराब हुआ या तकनीकी दिक्कत आई तो कार्य अगले दिन होगा। विभाग ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### होलीफेथ स्कूल में छात्र अभिनंदन कार्यक्रम



अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। होलीफेथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल पठियार में गुरु वंदन, छात्र अभिनंदन दिवस मनाया गया। संस्कार प्रमुख रिटायर्ड प्रिंसिपल उत्तम वालिया, भारत विकास परिषद के हिमाचल के एडवाइजर कुमुद मेहता, शाखा अध्यक्ष आरके धीमान के अलावा स्कूल के अध्यापकों और बच्चों ने भी अपने विचार रखे। बच्चों में दसवीं बोर्ड में 98.7 फीसदी लेने वाली रिदम, 98 फीसदी के साथ छठे स्थान पर रही अनुष्का, 97 फीसदी अंक लेकर उत्तीर्ण हुईं अवनि डोगरा, रिधिका और खुशी धीमान को सम्मानित किया गया। इसके अलावा अध्यापकों में निशिकांत, साहिल सूद व सुषमा देवी को सम्मानित किया गया। आरके धीमान ने स्कूल के डायरेक्टर दीपक सूद का धन्यवाद किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद नगरोटा बगवां के सदस्य स्वर्णा वलिया, रमा शर्मा, इंदु वाला, अंदराज पटियाल, ईश्वर दास शर्मा, सुभाष वर्मा मनोहर, केवल कौशल और सचिव किशोरी लाल आदि भी उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिकों ने बांटी प्रभावितों को राशन किटें

अनंत ज्ञान, फतेहपुर

पौंग बांध के पानी से हुई तबाही से विस्थापित प्रभावित परिवारों के लिए राहत कार्य में पूर्व सैनिक आगे आए हैं।

फतेहपुर विधानसभा के रियाली क्षेत्र कौड़ूवेला और इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के मंडमयाणी, मंड सनौरा सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों में करीब 200 राशन किटें वितरित की गईं। इस मौके पर पूर्व सैनिक दौलत राम, राजेश गुलेरिया, संजय कतनौरिया, जगदीश सोमल और रशपाल गुलेरिया के साथ पुजारी सनी भी मौजूद रहे। उन्होंने प्रभावित परिवारों को आवश्यक राशन सामग्री प्रदान कर उनकी मुश्किलें कम करने का प्रयास किया। पूर्व सैनिकों ने कहा कि इस तरह के राहत कार्यों के माध्यम से प्रभावित लोगों को तुरंत मदद मिलती है और उन्हें जीवन यापन में थोड़ी राहत महसूस होती है। उन्होंने प्रशासन और स्थानीय स्वयंसेवकों का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने राहत कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने में योगदान दिया।

### बीएड धारकों के लिए जेबीटी टेट आवेदन में विकल्प जोड़े बोर्डः विजय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। टीजीटी कला संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने मांग की है कि शिक्षा बोर्ड सुप्रीम कोर्ट के 28 नवंबर 2023 के आदेशों को लागू करते हुए बीएड धारकों के लिए जेबीटी टेट आवेदन प्रणाली में बीएड + छह माह ब्रिज कोर्स का पृथक विकल्प शामिल करे। उन्होंने कहा कि कई बीएड शिक्षक, जो सीटेट पेपर-1 के लिए पात्र हैं, वर्तमान ऑनलाइन आवेदन प्रणाली में उचित विकल्प न होने के कारण आवेदन करने से वंचित हो रहे हैं। हीर ने शिक्षा बोर्ड से आग्रह किया कि एनसीटीई के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रदेश के पात्र बीएड शिक्षकों को जेबीटी टेट के लिए आवेदन की सुविधा तुरंत उपलब्ध करवाई जाए, जिससे उनके साथ न्याय हो सके और वे परीक्षा में भाग ले सकें।

### ब्लू स्टार इंडिया 19 को लेगी साक्षात्कार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय धर्मशाला के अक्षय कुमार ने बताया कि ब्लू स्टार इंडिया द्वारा विभिन्न ट्रेडों में 80 पदों पर भर्ती की जाएगी। फिटर, आरएसी, टर्नर, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिशियन, मोटर मैकेनिक, पंप ऑपरेटर और वेल्डर के लिए आईटीआई पास युवाओं (18-25 वर्ष) को चयनित किया जाएगा। वेतन 16,000 से 20,800 रुपए रहेगा। साक्षात्कार 19 सितंबर को प्रातः 10:30 बजे उपरोजगार कार्यालय नगरोटा बगवां में होगा। अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्र, फोटो, बायोडाटा व निवास प्रमाण साथ लाएं। पंजीकरण अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 96500-74838 पर संपर्क करें या विभागीय वेबसाइट पर विवरण देखें।

### न्यूगल स्कूल भवारना की छात्रा पायल ने 12वीं कक्षा की संशोधित मेरिट लिस्ट में प्रदेशभर में पाया 9वां रैंक



राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह। न्यूगल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भवारना की छात्रा पायल ने स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित प्लस टू की संशोधित मेरिट लिस्ट में शानदार उपलब्धि हासिल की है। पुनर्मूल्यांकन के बाद पायल ने प्रदेशभर में 9वां स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्या निशा गुलरिया ने कहा कि पायल की यह सफलता सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है। विद्यालय के डायरेक्टर अशोक कुमार, तथा अध्यक्ष अंकुर कटोच ने पायल को हार्दिक बधाई दी। वहीं, छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों ने भी इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। न्यूगल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन ने आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी विद्यालय के छात्र-छात्राएं इसी तरह प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहेंगे।

### पठानिया ने किया बरसात प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

अनंत ज्ञान। शाहपुर। शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सोमवार सुबह शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के बरसात प्रभावित क्षेत्र रजोल, बनोई, सुधेड़ चुंगी, कुसुंबर एवं जटेड़ इत्यादि स्थानों का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ दौरा किया। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों, कूहलों, पेयजल योजनाओं, डगों एवं मकानों का स्थल पर निरीक्षण किया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रभावित योजनाओं की शीघ्र बहाली सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विधायक ने कहा कि क्षतिग्रस्त मकानों और गोशालाओं का शीघ्र सर्वेक्षण कर रिपोर्ट तैयार करें, ताकि प्रदेश सरकार द्वारा प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत और सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। इसके बाद रैत स्थित कांग्रेस कार्यालय में लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकांश का मौके पर निपटारा करते हुए शेष को त्वरित निदान के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया।

### एबीआरएमएस ने पीएम मोदी को भेजा ज्ञापन

## अध्यापकों की सेवा सुरक्षा के लिए हस्तक्षेप करने की अपील

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (एबीआरएसएम) जिला कांगड़ा इकाई ने जिलाधीश कांगड़ा हेमराज वैरवा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन भेजकर 1 सितंबर 2025 को उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। इस निर्णय के अनुसार, कक्षा आठ तक पढ़ाने वाले सभी सेवारत शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) अनिवार्य कर दी गई है, चाहे उनकी नियुक्ति की तिथि कुछ भी रही हो। यह स्थिति देशभर के लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और आजीविका को संकट में डाल सकती है। एबीआरएसएम ने स्पष्ट किया है कि आरटीई अधिनियम 2009 एवं एनसीटीई की अधिसूचना 23 अगस्त, 2010 के अनुसार दो अलग-अलग श्रेणियां मान्य थीं। 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षक, जिन्हें योग्य माना गया और जिन्हें टीईटी से छूट दी गई थी। 2010 के बाद नियुक्त शिक्षक, जिन्हें एक निश्चित अवधि में टीईटी उत्तीर्ण करना आवश्यक था।

न्यायालय के इस निर्णय ने इस भेद को अनदेखा कर दिया है, जिससे 2010 से पूर्व वैध रूप से नियुक्त शिक्षकों की सेवा भी असुरक्षित हो गई है। प्रदेश शिक्षक महासंघ के जिला अध्यक्ष देसराज ठाकुर ने कहा कि विगत कई वर्षों से शिक्षा व्यवस्था को संभाल रहे अनुभवी शिक्षकों पर अचानक टीईटी की अनिवार्यता थोपना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि यह शिक्षा की निरंतरता को भी बाधित करेगा। सरकार को तत्काल हस्तक्षेप कर इसे केवल भविष्य की नियुक्तियों पर लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से 20 लाख से अधिक शिक्षक प्रभावित होंगे। जिन्होंने वैधानिक प्रक्रिया के अंतर्गत नियुक्ति प्राप्त की थी, उनकी सेवा अब असुरक्षित हो गई है।

### जामा मस्जिद धर्मशाला का आपदा राहत कोष में अंशदान



अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश में बरसात से आई आपदा ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस संकट की घड़ी में जामा मस्जिद धर्मशाला ने राहत कोष में योगदान दिया है। सोमवार को मस्जिद के इमाम मोहम्मद कामिल जामीई ने डीसी हेमराज बैरवा को आपदा राहत के लिए चेक भेंट किया। इमाम ने प्रशासन को भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया और सहयोग देने वालों का आभार जताया। डीसी ने समुदाय का धन्यवाद करते हुए कहा कि जनता का यह योगदान प्रभावितों के लिए वरदान है। उन्होंने आपदा राहत कोष 2025 में सभी से सहयोग की अपील की।

### कल से शुरू होगा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। स्वास्थ्य विभाग कांगड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान शुरू करेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराधा शर्मा ने बताया कि अभियान का शुभारंभ सांसद राजीव भारद्वाज करेंगे। इसका उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, प्रसवपूर्व देखभाल और टीकाकरण सेवाओं को बढ़ावा देना है। साथ ही महिलाओं में उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियों की जांच भी की जाएगी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश सूद ने बताया कि इस अभियान में टीबी मुक्त भारत, निक्षय मित्र योजना और रक्तदान शिविरों पर विशेष फोकस रहेगा।

### नगरोटा बगवां में रामलीला का मंचन 22 से

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। नगरोटा बगवां रामलीला एवं दशहरा कमेटी की बैठक प्रधान बलराम पुरी की अध्यक्षता में हुई। बलराम पुरी ने बताया कि प्रथम शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर पर 22 सितंबर से गांधी ग्राउंड में स्थापित मंच से रामलीला मंचल का शुभारंभ किया जाएगा। 2 अक्तूबर को दशहरा के मौके पर रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा। दशहरे के मौके पर शोभायात्रा निकली जाएगी जो लक्ष्मी नारायण मंदिर से शहर से निकलती हुए गांधी मैदान में पहुंचेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों के साथ पंजाब के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

### गोमा ने जताया मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में जयसिंहपुर उपमंडल के हलेड़ में नया जलशक्ति विभाग का नया उपमंडल खोलने की मंजूरी मिली है। इसका विधानसभा क्षेत्र के विधायक व कैबिनेट मंत्री यादविंदर गोमा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। गोमा ने कहा कि कांग्रेस सरकार जयसिंहपुर के विकास को प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर रही है।

# भारी बारिश से जिले में 603 करोड़ से अधिक का नुकसान

▶ 55 की मौत, 180 कच्चे और 27 पक्के मकान क्षतिग्रस्त

▶ उपायुक्त हेमराज बैरवा ने दी जानकारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

लगातार भारी बारिश के चलते जिले में जन-धन का भारी नुकसान हुआ है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि 20 जून से 14 सितंबर तक बारिश से जिले में कुल 60,310.225 लाख रुपए (603 करोड़ से अधिक) का नुकसान आंका गया है। इस दौरान 55 लोगों की जान गई, 215 पशुओं की भी मौत हुई है।

इसके अलावा मकानों को भारी क्षति पहुंची है। 180 कच्चे मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए, जबकि 27 पक्केमकान पूर्णतः क्षतिग्रस्त हुए हैं। 1076 कच्चे एवं 126 पक्के मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त पाए गए हैं। 1388 गोशालाएं, 74 श्रमिक शेड, रसोईघर, बाथरूम, डंगे और 33 दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग को लगभग 29,808 लाख, सिंचाई एवं पेयजल विभाग को 26,315 लाख, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड को 627 लाख, ग्रामीण विकास विभाग को 1126 लाख, स्वास्थ्य विभाग को 280 लाख रुपए का नुकसान आंका गया है। कृषि और बागवानी को भी क्रमशः 188.83 लाख और 2.91 लाख रुपए की क्षति दर्ज हुई है। वहीं, धर्मशाला नगर निगम क्षेत्र को भारी वर्षा से 620 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। डीसी ने बताया कि बड़ा भंगाल क्षेत्र में हेलिकॉप्टर की मदद से राहत सामग्री पहुंचाई गई है। वहीं, पौंग बांध के आसपास प्रभावित इलाकों में राहत एवं पुनर्वास कार्यों को तेजी से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि प्रभावित परिवारों और व्यक्तियों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### पौंग बांध का फिर बढ़ा जलस्तर, ब्यास उफान पर

अनंत ज्ञान, फतेहपुर। पौंग बांध के छोड़े पानी से एक बार फिर ब्यास नदी उफान पर है। बांध का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई है। रविवार शाम 5 बजे जलस्तर 1391.90 फुट और इनफ्लो 1,32,755 क्यूसेक दर्ज किया गया था। सोमवार सुबह 7 बजे यह 1392.51 फुट और 72,452 क्यूसेक, दोपहर 12 बजे 1392.87 फुट और 1,25,091 क्यूसेक, जबकि दोपहर 2 बजे 1393.05 फुट और 1,10,026 क्यूसेक तक पहुंच गया। खतरे का निशान 1390 फुट है। बीबीएमबी के अनुसार, रविवार को बांध का आउटफ्लो 49,855 क्यूसेक था। सोमवार दोपहर 4 बजे नवीनतम आंकड़ों के अनुसार जलस्तर 1393.16 फुट, इनफ्लो 89,314 क्यूसेक और आउटफ्लो 51,652 क्यूसेक दर्ज हुआ।

प्रशासन ने बताया कि आउटफ्लो को नियंत्रित रखते हुए बांध से पानी धीरे-धीरे छोड़ा जा रहा है और सोमवार दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक इसे 55,000 क्यूसेक तक बढ़ाया जाएगा। डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि फिलहाल बांध से औसतन 40,000 क्यूसेक पानी ही स्पिलवे के माध्यम से छोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों पर जमा सिल्ट को जेसीबी से हटाया जा रहा है और प्रभावित घरों का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। मवेशियों के चारे की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। डीसी कहा कि प्रशासन सतर्क है और जरूरत पड़ने पर प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाएगा।

### स्प्रिंग डेल स्कूल में कला प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने चमकाया नाम

## पारस को किया फाइव स्टार ब्रिलिएंट अवॉर्ड से सम्मानित




स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल जवाली में रंगोत्सव सेलिब्रेशन राष्ट्रीय स्तर की करवाई थी कला प्रतियोगिता।

अनंत ज्ञान, जवाली

स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में रंगोत्सव सेलिब्रेशन राष्ट्रीय स्तर की कला प्रतियोगिता करवाई गई थी, जिसमें 210 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने हैंडराइटिंग, कोलाज मेकिंग, कार्टून मेकिंग, ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग, टैटू मेकिंग, स्केचिंग फिंगर एंड थंब पेंटिंग, मास्क मेकिंग आदि प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता का परिणाम आने पर स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई।

तीसरी कक्षा की छात्रा सानिया को रंगोत्सव सेलिब्रेशन की ओर से फर्स्ट प्राइज अवॉर्ड तथा पांचवीं कक्षा के छात्र पारस रुद्राक्ष धवन को फाइव स्टार ब्रिलिएंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में 29 बच्चों ने स्वर्ण पदक, 15 बच्चों ने रजत पदक तथा 10 बच्चों ने कांस्य पदक जीते तथा अन्य बच्चों को संस्था की ओर से प्रशंसनीय पत्र प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल को, स्कूल की एचओडी अंजना कटोच तथा अध्यापिका मिस श्रुति को रंगोत्सव सेलिब्रेशन की ओर से अप्रिशिएसन अवॉर्ड की ओर से सम्मानित किया गया। शत-प्रतिशत परिणाम देने पर स्कूल को एक्सीलेंस अवॉर्ड द्वारा सम्मानित किया गया। बच्चों ने अपनी इस सफलता का श्रेय स्कूल के कमेटी मेंबर, अध्यापकों तथा अपने माता-पिता को दिया। प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल ने चित्रकला पर प्रकाश डालते हुए बताया कि चित्रकला कई कारणों से महत्वपूर्ण हैं।

### बल्क ड्रग पार्क को केंद्र सरकार की अंतिम स्वीकृति मिलना ऐतिहासिक उपलब्धिः शांता

अनंत ज्ञान, पालमपुर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि ऊना में बल्क ड्रग पार्क की भारत सरकार से अंतिम स्वीकृति मिलना हिमाचल प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री और हिमाचल की जनता को हार्दिक बधाई दी। शांता ने कहा कि इस परियोजना पर प्रारंभ में लगभग 2,000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे और इसके बाद 20,000 करोड़ रुपए का और निवेश किया जाएगा। कुल मिलाकर इस महत्वाकांक्षी योजना में 30,000 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है और इससे 20,000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पहले से ही देश के प्रमुख औषधि निर्माण राज्यों में शामिल है। भारत को विश्व फार्मेसी कहा जाता है और देश में बनने वाली कुल दवाइयों में से लगभग 40 प्रतिशत दवाइयां हिमाचल में बनती हैं। इससे हजारों लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि दवाई निर्माण में उपयोग होने वाला केएसएम कच्चा माल अत्यंत आवश्यक होता है, जिसे वर्तमान में चीन से आयात किया जाता है। अब ऊना के बल्क ड्रग पार्क में इस महत्वपूर्ण कच्चे माल का निर्माण शुरू होगा, जिससे दवा उद्योग में चीन पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी। उन्होंने प्रदेश सरकार से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि अब हिमाचल में निर्मित कोई भी दवा गुणवत्ता परीक्षण में विफल नहीं होनी चाहिए। दवाइयों के फेल होने की खबरों से प्रदेश की छवि और उद्योग की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह योजना न केवल हिमाचल को बल्कि पूरे भारत को वैश्विक औषधि उद्योग के मानचित्र पर और अधिक मजबूत स्थिति में स्थापित करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### टुल्लू पंप चोरी मामले में लोगों के हत्थे चढ़ा चोर

**विनोद चड्ढा, अनंत ज्ञान, कुटेड़ा (बिलासपुर)।** कुटेड़ा क्षेत्र में तीन दिन पहले चोरी हुए टुल्लू पंप के मामले में स्थानीय लोगों ने चोर को पकड़ लिया। ग्रामीणों को एक युवक पर शक हुआ तो उसने सतर्कता दिखाते हुए उसे दबोच लिया। आरोपी की पहचान अजहर पुत्र मोहम्मद अदीर, निवासी नेपाल के रूप में हुई है, जो मजदूरी का काम करता है। तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी किया हुआ टुल्लू पंप बरामद हुआ। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में आरोपी ने स्वीकार किया कि क्षेत्र में हुई अन्य टुल्लू पंप चोरी की घटनाओं में भी उसका हाथ रहा है। आरोपी द्वारा बेचे गए सामान को भी बरामद कर लिया है। इस मौके पर पंचायत प्रधान ज्योति प्रकाश, वार्ड सदस्य अशोक महाजन, मसौर के वार्ड सदस्य अरविंद मेहता, प्रीतम सिंह ठाकुर और हिंदू रक्षा मंच के प्रदेश सचिव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### राजीव गांधी संगठन पंचायत चुनावों में उतारेगा उम्मीदवार

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन बिलासपुर की बैठक जिला अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि संगठन आगामी पंचायत चुनावों में अपने उम्मीदवार मैदान में उतारेगा। प्रदेश संयोजक ठाकुर हीरा पाल सिंह ने कहा कि चयन जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के साथ समन्वय से होगा। केवल सक्रिय, विचारधारा से जुड़े और बूथ स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को उम्मीदवार बनाया जाएगा। एक माह के भीतर सूची जारी होगी। योग्य पदाधिकारियों को जिला परिषद, प्रधान व समिति पदों के लिए नामित किया जाएगा।

### स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान कल से

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर में 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान महिलाओं और बच्चों की विभिन्न स्वास्थ्य जांचें होंगी। रीजनल अस्पताल बिलासपुर सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष शिविर आयोजित होंगे। साथ ही गर्भवती महिलाओं, छात्राओं और अधूरे टीकाकरण वाले बच्चों की जांच व टीकाकरण किया जाएगा। वहीं, बिलासपुर में नौसेना एनसीसी इकाई ने 'सतुद्री वंदन' सेलिंग अभियान की शुरुआत की। चार राज्यों के 70 एनसीसी कैडेट्स इसमें भाग ले रहे हैं। अभियान के तहत सतलुज नदी में नौकायन और कंदरौर में नशा मुक्ति रैली आयोजित की जाएगी। कमांडर सज्जन कुमार ने युवाओं से अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी को अपनाने का आह्वान किया।

### भाजपा चलाएगी विशेष अभियानः सुमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा प्रदेश सचिव सुमित शर्मा ने कहा कि 22 सितंबर से लागू होने जा रहे न्यू जनरेशन जीएसटी को लेकर पार्टी व्यापारी वर्ग के बीच विशेष स्मरक अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य नए प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा करना और व्यापारियों को केंद्र सरकार द्वारा किए गए सुधारों की जानकारी देना है। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने जीएसटी को 'वन नेशन, वन टैक्स' की भावना के अनुरूप अधिक सरल और पारदर्शी बनाया है। सुमित ने कहा कि न्यू जनरेशन जीएसटी से न केवल व्यापारियों और सरकार के बीच बेहतर संवाद स्थापित होगा, बल्कि उपभोक्ताओं को भी सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही राजस्व वृद्धि से देश और प्रदेश में पूंजीगत निवेश बढ़ेगा।

### जरूरतमंद बच्चों की मदद से मिलता सुकून : सोनी

**अनंत ज्ञान, कुटेड़ा (बिलासपुर)।** सेवानिवृत्त बीएसएफ कमांडेंट हेमराज सोनी ने घुमारवीं क्षेत्र के स्कूलों व संस्थानों में बच्चों को स्कूल बैग और लेखन सामग्री भेंट की। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी रेणुका सोनी भी मौजूद रहीं। सोनी ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता से न केवल उन्हें सहारा मिलता है, बल्कि मददगार को भी सुकून मिलता है। उन्होंने आशा किरण दिव्यांग शिक्षण संस्थान कोठी टोबका, अपराजिता आश्रम भगेड़ और प्राथमिक पाठशाला बरोटा में सामग्री वितरित की। सोनी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में बड़ी सफलता पाने की क्षमता होती है, बस उन्हें अवसर और सहयोग मिलना चाहिए।

### झंडूता कॉलेज में विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** श्री सत्य साईं सेवा समिति जिला अध्यक्ष प्रोफेसर प्यारेलाल की समिति के अन्य सहयोगियों के सौजन्य से झंडूता कॉलेज में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसकी अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी अर्शिया शर्मा ने की। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि आज के युवा वर्ग को रक्तदान देने के लिए आगे आना चाहिए क्योंकि रक्तदान महादान है, जिससे किसी की जान बच सकती है। शिविर में महाविद्यालय के 40 विद्यार्थियों के साथ-साथ छह प्राध्यापकों ने भी रक्तदान किया। इस शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय कुमार सहित समस्त शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

### कृषि विश्वविद्यायल ने मनाया इंजीनियर्स-डे

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय ने महान इंजीनियर सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में कृषि महाविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी विभाग में इंजीनियर्स दिवस मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. डीके वत्स (पूर्व कुलपति एवं पूर्व अधिष्ठाता ), डॉ. एमसी राणा (अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय) और विशिष्ट अतिथि इंजीनियर अजय शर्मा (सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, द्वितीय इंजीनियरिंग महासंघ) सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. आरके गुप्ता, के साथ-साथ डॉ. राधना गुप्ता, डॉ. सुशांत भारद्वाज, डॉ. राजेंद्र कुमार, विश्वविद्यालय के संपदा कार्यालय के कर्मचारी, कृषि अभियांत्रिकी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी विभागों के शिक्षकों व छात्रों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

### विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम ने की बैठक

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम बैजनाथ इकाई की बैठक लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह बैजनाथ में अध्यक्ष केसी कटोच की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में लगभग सतर पेंशनर्स ने भाग लिया। इकाई सचिव बलबीर सिंह राणा ने इकाई की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। 1-1-16 के बाद और 31-1-22 से पहले सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों का बकाया जल्द से जल्द जारी किया जाना चाहिए। बैजनाथ इकाई ने बोर्ड प्रबंधन से आग्रह किया कि सभी आयकरदाताओं को बिना सब्सिडी के बिजली बिल जारी किए जाएं, जिससे बोर्ड की आर्थिक सुदृढ़ हो सके। बैजनाथ इकाई ने बिजली मित्र रखने का विरोध किया तथा उसे मानदेय के रूप में 6000 रुपए दिए जाएंगे, जो बिजली मित्र पूरे चार घंटे काम पर रहेगा वह ब्रेकडाउन में मदद कर सकेगा। कई बार सप्लाई ठीक करने में पूरा दिन लग जाता है। अनुरोध किया गया कि इस निर्णय की समीक्षा की जाए और मानदेय भी अच्छा किया जाए, ताकि वह अपना जीवन यापन ठीक से कर सकें।

---

### विमल नेगी मौत रहस्य : पंकज की गिरफ्तारी के बाद बिलासपुर में बढ़ी सरगर्मी

# सीबीआई ने फिर टटोले सुराग

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** ऊर्जा निगम के मुख्य अभियंता विमल नेगी की मौत का मामला अब सीबीआई की गिरफ्त में आते ही और पेचीदा हो गया है। निलंबित एएसआई पंकज की गिरफ्तारी ने कहानी को नया मोड़ दे दिया है। आरोप है कि गोबिंदसागर झील से शव निकालने के बाद उसी ने साक्ष्य गायब किए। सवाल यह है कि क्या यह अकेला खेल खेल रहा था या उसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है? गिरफ्तारी के बाद अब जांच का पूरा फोकस बिलासपुर पर लौट आया है।

सीबीआई की विशेष टीम झील किनारे उस दिन के हालात को फिर से जोड़ने की कोशिश कर रही है। नाविकों से लेकर स्थानीय गवाहों तक, हर बयान को वीडियो रिकॉर्डिंग और मोबाइल फुटेज के साथ मिलाया जा रहा है। एजेंसी इस परख में जुटी है कि झील से शव निकालते वक्त कौन कहां खड़ा था और किसने क्या किया।

#### शक की सुई औरों की ओर भी

**सूत्रों** का कहना है कि सीबीआई केवल पंकज पर ही नहीं रुकी है। जांच एजेंसी यह जानने में जुटी है कि उसे साक्ष्यों से छेड़छाड़ करने का आदेश किसने दिया। ऊर्जा निगम से जुड़े अधिकारी और कुछ स्थानीय पुलिसकर्मी अब एजेंसी की रडार पर हैं। आने वाले दिनों में बड़े नामों की गिरफ्तारी से भी इनकार नहीं किया जा रहा। विमल नेगी की पत्नी किरण नेगी ने कहा कि पंकज की गिरफ्तारी से हमें राहत मिली है, लेकिन जब तक असली मास्टरमाइंड सामने नहीं आते, यह लड़ाई खत्म नहीं होगी। मेरे पति आत्महत्या नहीं कर सकते थे, उन्हें योजनाबद्ध तरीके से मारा गया।

#### साक्ष्यों और वीडियो रिकॉर्डिंग का होगा वैज्ञानिक तरीके से मिलान

सूत्रों के अनुसार, सीबीआई टीम ने बिलासपुर में झील किनारे घटनास्थल का पुनः निरीक्षण करने का फैसला लिया है। एजेंसी अपराध-स्थल पुनर्निर्माण (क्राइम सीन रीकंस्ट्रक्शन) की तैयारी में है, ताकि उस दिन की घटनाओं की कड़ियां जोड़कर यह साफ किया जा सके कि असल में नेगी की मौत किन परिस्थितियों में हुई।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

सीबीआई अब इस बात पर भी फोकस कर रही है कि पंकज ने किसके कहने पर साक्ष्यों से छेड़छाड़ की और झील से शव बरामदगी के दौरान किन लोगों की भूमिका संदिग्ध रही। बिलासपुर में स्थानीय स्तर पर जुटाए गए साक्ष्यों और वीडियो रिकॉर्डिंग को अब दिल्ली स्थित सीबीआई मुख्यालय में भेजा जाएगा, ताकि वैज्ञानिक तरीके से उनका मिलान किया जा सके।

---

## भाजपा ने सेवा पखवाड़े की तैयारी को दिया अंतिम रूप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**जिला** भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले सेवा पखवाड़े के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। इसके मद्देनजर सोमवार को भाषा एवं संस्कृति विभाग के सभागार में भाजपा के जिला अध्यक्ष कृष्णलाल चंदेल की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई।

17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा की जयंती के साथ प्रधानमंत्री मोदी का जन्म दिवस भी है। इसके उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़े के तहत 17 सितंबर से 2 अक्तूबर को कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनकी शुरुआत 17 सितंबर को 17 स्थानों पर रक्तदान शिविरों के माध्यम से होगी। 17 से 25 तक कई रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। स्वच्छता अभियान चलाने समेत समाज सेवा की दृष्टि से कई अन्य कार्यक्रम होंगे। 25 सितंबर को अंत्योदय का सिद्धांत प्रतिपादित करने वाले जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है। उस दिन पोलिंग बूथ स्तर पर पौधरोपण के साथ स्वच्छता व मेडिकल कैंप जैसे सेवा कार्य भी किए जाएंगे। 2 अक्तूबर को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल' का मंत्र दिया है। इसके आधार पर गांधी व शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में 25 सितंबर से 2 अक्तूबर तक स्वदेशी को बढ़ावा देने का अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत स्थानीय स्तर पर बुनकर, कुम्हार व बढ़ई कारीगरों के उत्पादों को प्रमोट किया जाएगा। बैठक में भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा, विधायक एवं वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक जम्वाल, विधायक जीतराम कटवाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, प्रदेश सचिव डॉ. संजय, सुमित शर्मा, अमित शर्मा आदि मौजूद रहे।

---

### बैजनाथ में हो रहा चहुंमुखी विकासः किशोरी लाल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर विधायक किशोरी लाल ने सोमवार को पत्रकारवार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व से चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ में विकास सामने नजर आ रहा है, जिसमें जलशक्ति विभाग द्वारा दो बड़ी योजनाएं क्रियान्वित की जा जारी रही है, जिस पर लगभग 92 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल शक्ति विभाग की एक योजना 48 करोड़ की बैजनाथ-पपरोला दोनों शहरों में शुद्ध पानी लोगों को मिले, जिसके लिए टैंकों का निर्माण शुरू कर दिया गया है और नई पाइपलाइन बिछानी शुरू कर दी गई है। वहीं, दूसरी अमृत पेयजल योजना जिसका शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा किया गया है, जिस पर 42 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जलशक्ति विभाग मंडल कार्यालय का नया भवन तैयार किया जा चुका है, जिसका शुभारंभ नवरात्र में किया जाएगा। वहीं धारक्षणी में निर्माणधीन विश्राम गृह का जल्द पूरा करवा कर जनता को समर्पित किया जाएगा।

## बेहतर प्रदर्शन करने वाली 12 पंचायतें सम्मानित

### प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के लक्ष्यों को 30 तक करें पूरा : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



डीसी बिलासपुर राहुल कुमार की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक।

**उपायुक्त** बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि जिले में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाई) के अंतर्गत चयनित गांवों की संबंधित पंचायतें आगामी 30 सितंबर तक निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित बनाएं। यह बात डीसी ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत गठित जिला स्तरीय अभिसरण समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने इस दौरान योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत लक्ष्यों की पूर्ति करने वाली 12 ग्राम पंचायतों के प्रधानों व सचिवों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि जिले में जनगणना वर्ष 2011 के आंकड़ों के अनुसार, 500 से अधिक आबादी तथा 40 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति बहुल 25 गांवों को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में शामिल किया गया है। पीएमएजीवाई योजना के माध्यम से इन चयनित गांवों में दस विभिन्न कार्यक्षेत्रों में 50 सामाजिक-आर्थिक निगरानी योग्य संकेतकों के माध्यम से व्यापक सुधार लाना है। उन्होंने कहा कि चयनित गांवों में जिन कार्यों को वर्तमान में किसी भी राज्य या केंद्र योजना के अंतर्गत पूर्ण नहीं किया जा सकता है, उनको इस योजना के गैप फिलिंग (अंतर पाटन) निधि से पूर्ण किया जाना है। साथ ही चयनित गांव में राज्य की विभिन्न योजनाओं के अभिसरण (कन्वर्जेंस) द्वारा गांव में विकासात्मक कमियों को भी पूर्ण करना है। इस योजना के तहत चयनित हर गांव में 20-20 लाख रुपए की धनराशि मुहैया कराई गई है। उन्होंने सभी चयनित गांव की पंचायतों के प्रधानों व सचिवों से गांव विकास योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित बनाने को भी कहा, ताकि जिला बिलासपुर इस योजना के समयबद्ध क्रियान्वयन में अग्रणी बन सके। उन्होंने कहा कि योजना में चयनित सभी 25 गांवों में विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत कुल 4761 लाभार्थियों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से 4623 को लाभान्वित किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का 97 प्रतिशत है। उन्होंने विभागीय योजनाओं के शत-प्रतिशत संतृप्ति (सैचुरेशन) लक्ष्यापूर्ति के लिए सभी संबंधित विभागों से समन्वित होकर कार्य करने के भी निर्देश दिए।

योजना के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाली 12 ग्राम पंचायतों के प्रधानों व सचिवों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### भूस्खलन होने से प्रवासी पति-पत्नी घायल

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** जवाली में बारिश के कारण सिविल असपताल जवाली के पुराने भवन के समीप भूस्खलन होने से प्रवासी समुदाय के चार लोग मलबे में दब गए, जिनको अस्पताल में कार्यरत स्टाफ व दाखिल मरीजों के रिश्तेदारों द्वारा बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। भूस्खलन में अस्पताल के समीप निर्मित हो रही बिल्डिंग के प्रवासी मजदूर झुग्गी बनाकर, जिसमें करीब 9 लोग रह रहे थे। रात को आचानक भूस्खलन होने से संजय कुमार (33), पत्नी राधा देवी (25), बच्चे अनुराग (5) व रागिनी (7) भूस्खलन के कारण मलबे में दब गए। बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। पति-पत्नी को गंभीर चोटें आई हैं और बच्चों को मामूली चोटें आई हैं, जिनका सिविल अस्पताल जवाली में इलाज चल रहा है। एसएमओ इरशान मोहम्मद ने कहा कि इमरजेंसी ड्यूटी में डॉक्टर शिव व्रत व अस्पताल कर्मियों के साथ मिलकर भूस्खलन में दबे हुए लोगों को बाहर निकाला। भूस्खलन से अस्पताल की बिल्डिंग को खतरा पैदा हो गया है। अस्पताल प्रबंधन ने पुरानी बिल्डिंग को खाली करवाकर नई बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया है। वहीं, घायल हुए लोगों को सीटी स्कैन के लिए नूरपुर भेजा जा रहा है।

---

## कविता लेखन में स्मृति को प्रोत्साहन पुरस्कार



ग्वाल मुठाणी स्कूल में सुलेख और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**बलवंत कमल, अनंत ज्ञान**

**दधोल ( बिलासपुर )।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्वाल मुठाणी में हिंदी दिवस पर सुलेख और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 34 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

सुलेख प्रतियोगिता में कक्षा 6-8 वर्ग में नव्या प्रथम, अनुष्का द्वितीय और शगुन तृतीय रही। कक्षा 9-10 वर्ग में शालू प्रथम, अनिता द्वितीय और अंजली तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 11-12 वर्ग में पल्लवी प्रथम, सपना देवी द्वितीय और सोनिका तृतीय रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं वर्ग में भावेश शर्मा प्रथम, सुषमा द्वितीय और शौर्य शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। 12वीं कक्षा के वर्ग में सना देवी प्रथम, पल्लवी द्वितीय और निशांत तृतीय रहे। कविता लेखन में दसवीं कक्षा की स्मृति शर्मा को प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हिंदी प्रवक्ता और साहित्यकार रविकुमार ने हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यकारी प्रधानाचार्य राकेश नड्डा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं और सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

### शिविरों व शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**राज्यसभा** सांसद इंदु गोस्वामी और विधायक सुधीर शर्मा टीबी उन्मूलन अभियान में शामिल हुए। उन्होंने सिद्धबाड़ी में स्थित ग्यूतो करमापा बौद्ध मठ में राष्ट्रव्यापी टीबी उन्मूलन पहल का समर्थन करने के लिए दौरा किया। हिमाचल प्रदेश में हर साल 15,000 टीबी के मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए सांसद गोस्वामी ने नियमित शिविरों और शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। विधायक सुधीर शर्मा ने भी इस भावना को प्रतिध्वनित किया और टीबी मुक्त भारत के लिए अपना समर्थन दोहराया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश सूद और उनकी चिकित्सा टीम के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में 200 से अधिक लामाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

### एम्स बिलासपुर पहुंचे नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र अरोड़ा, प्रगति की समीक्षा की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एम्स बिलासपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रो. (डा.) नरेंद्र कुमार अरोड़ा ने सोमवार को संस्थान का प्रथम दौरा कर प्रगति की समीक्षा की। प्रख्यात शिशु रोग विशेषज्ञ एवं वैज्ञानिक महामारी विज्ञान के विद्वान डॉ. अरोड़ा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण और जनस्वास्थ्य नीति में उल्लेखनीय योगदान दे चुके हैं। उन्होंने कई उच्च स्तरीय राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय समितियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और भारत के पोलियो उन्मूलन तथा कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम में भी प्रमुख योगदान दिया। दौरे के दौरान कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) डीएन शर्मा सहित संकाय व अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने संस्थान को चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि 'एम्स मात्र संस्थान नहीं, बल्कि एक विचारधारा है।'

### भाजपा कार्यकर्ता रक्तदान कर मनाएंगे पीएम बर्थडे

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर भाजपा जिला की बैठक जिला अध्यक्ष रागिनी रखवाला की अध्यक्षता में हुई। प्रदेश के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर विशेष तौर पर बैठक में मौजूद रहे। भाजपा के प्रदेश सचिव तिलक राज शर्मा ने पालमपुर भाजपा जिला द्वारा आयोजित परिचय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता रक्तदान करके प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिवस मनाएंगे। तिलक राज शर्मा ने कार्यकर्ताओं का परिचय लेने के उपरांत प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन दिवस से शुरू होने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों की जानकारी कार्यकर्ताओं के सामने रखी।

### पूर्व सैनिक कल्याण समिति थुरल ने की बैठक

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** पूर्व सैनिक कल्याण समिति थुरल की मासिक बैठक कैप्टन ओम प्रकाश राणा समिति अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में भारी बरसात के कारण हो रहे नुकसान के बारे में आपसी बातचीत की गई और क्या मदद की जा सकती है, उसके बारे में भी बातचीत की गई। बैठक में समिति के सलाहकार कैप्टन संसार राणा, कैप्टन अशोक गुलेरिया, कैप्टन स्वरूप राणा, कैप्टन रविंद्र शर्मा, सूबेदार सुदेश गुलेरिया, हवलदार जोगेश राणा, हवलदार रमेश शर्मा, सूबेदार अनुराग ठाकुर, हवलदार रमन और कैप्टन राजू गुलेरिया उपस्थित रहे। बैठक में आम लोगों से आग्रह किया कि अगर किसी को कोई भी समस्या आती है तो वे पूर्व सैनिक कल्याण समिति से संपर्क कर सकते हैं।

### शाहपुर में इंजीनियर-डे पर सम्मानित किए कर्मचारी



**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** इंजीनियर-डे पर जलशक्ति विभाग मंडल शाहपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जल शक्ति विभाग मंडल शाहपुर के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों व फील्ड में बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि के तौर पर जल शक्ति विभाग मण्डल शाहपुर के अधिशाषी अभियंता अमित डोगरा मौजूद थे। उन्होंने फील्ड और कार्यालय के बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारी, जिन्होंने आपदा या अन्य विभिन्न आपात परिस्थितियों में विभाग का कार्य सुचारु रूप से चलाने के लिए अपना योगदान दिया को सम्मानित किया। अमित डोगरा ने मंडल शाहपुर के 10 फील्ड और पांच कार्यालय कर्मचारियों को सम्मानित किया और बधाई दी। सहायक अभियंता उपमंडल शाहपुर रज्जाक मुहम्मद ने भी इंजीनियर दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर सुरेश कुमार, कुशल, मीनू, अमन, बुद्धि सिंह, रवि, शमशेर, सुमन विकास, सुरेश, मुकेश, स्वर्ण, सन्नी, राजेंद्र आदि भी मौजूद थे।

### मॉक संसद शिक्षा सुधार, आतंकी हमले पर चर्चा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के लोक प्रशासन विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मॉक संसद का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में पधारे, जबकि राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां से प्रो. सीमा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मॉक संसद में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और गंभीरता के साथ भागीदारी की। कुछ छात्रों ने सत्ता पक्ष के सदस्यों की भूमिका निभाई, जबकि अन्य छात्रों ने विपक्ष की ओर से मुद्दे उठाए। विपक्षी सदस्यों ने आपदा प्रबंधन, पहलगाम आतंकी हमला, नारी सशक्तिकरण, शिक्षा सुधार जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा की, जिनका सत्ता पक्ष के मंत्रियों ने प्रभावशाली उत्तर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि लाहौल-स्पीति की छात्राओं ने पारंपरिक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि प्रो. राकेश पठानिया ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां युवाओं को देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और विधायी यात्रा में अपनी सार्थक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करती हैं।

---

### विधायक कटवाल ने विकास कार्यों को दी रफ्तार : चंदेल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भारतीय जनता पार्टी मंडल झंडूता के अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल ने कहा कि विधायक जीतराम कटवाल की जनसेवा और कार्यशैली ही उनकी पहचान है।

उन्होंने कहा कि कटवाल ने झंडूता विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक परिवार को अपना समझते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। पिछले आठ वर्षों में झंडूता में 26 सड़कों और 9 पुलों का निर्माण हुआ है। साथ ही, 14 पेयजल योजनाएं और 33 केवी सब-स्टेशन भी स्थापित किए गए हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी विशेष कार्य हुए हैं। चंदेल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक द्वेष के चलते कई विकास कार्य बंद कर दिए। विधायक के प्रयासों से कलोल स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास ही असली मुद्दा है, और जनता को राजनीतिक शोर से दूर रहकर क्षेत्र की उन्नति में सहयोग देना चाहिए।

## चलेली का जवान अजय पंचतत्व में विलीन

### सेना की टुकड़ी ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर, सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से दी विदाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नयना देवी विधानसभा क्षेत्र की राजपुरा पंचायत के गांव चलेली (उपमंडल सदर) का माहौल सोमवार को गमगीन हो गया, जब 26 वर्षीय जवान अजय सिंह ठाकुर की पार्थिव देह तिरंगे में लिपटकर पैतृक गांव पहुंची। कर्नाटक में तैनाती के दौरान अचानक साइलेंट हार्ट अटैक से हुए निधन ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। अजय सिंह ठाकुर भारतीय सेना के क्लेरिकल विभाग में सेवाएं दे रहे थे।

शुक्रवार देर रात बेलगांव (कर्नाटक) में हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया। पोस्टमार्टम के बाद सेना ने परिजनों को सूचना दी। खबर मिलते ही गांव और परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। अजय जुलाई 2018 में भारतीय सेना में भर्ती हुआ था। जून में एक महीने की छुट्टी पर घर आए थे।



विधायक रणधीर शर्मा और पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने दी शहीद अजय सिंह ठाकुर को श्रद्धांजलि।

जवान के परिवार में पिता धर्म सिंह ठाकुर, माता मीरा देवी, पत्नी दीक्षा ठाकुर और सात महीने का बेटा अर्जुन ठाकुर है। अचानक हुए इस हादसे ने परिवार को तोड़कर रख दिया है। अजय के बड़े भाई विजय सिंह वर्तमान में सिक्किम में सेना में सेवाएं दे रहे हैं। परिवार के दोनों बेटे देश सेवा में जुटे हैं, लेकिन छोटे बेटे की आकस्मिक मौत से घर में मातम पसरा है। सोमवार को अजय सिंह ठाकुर का अंतिम संस्कार पूरे सैन्य सम्मान के साथ पैतृक गांव चलेली में किया गया। सेना की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया और सलामी के बीच उन्हें पंचतत्व में विलीन कर दिया गया। अंतिम संस्कार में नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा, पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर, सेना के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

### कांग्रेस नेता विवेक ने किया री गांव का दौरा किया

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव विवेक कुमार ने कहा कि उन्होंने सोमवार को बड़गांव के री का दौरा किया। उन्होंने कहा कि री गांव के लोग लंबे समय से परेशानियां झेल रहे थे। बिना सड़क सुविधा के समस्या झेलनी पड़ रही थी। इस सड़क का सर्वे करवाया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भी बातचीत की गई और समस्या रखी, ताकि इस सड़क को लेकर बजट मुहैया करवाया जाए। इसके चलते मुख्यमंत्री द्वारा इस सड़क के लिए दो करोड़ 20 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। अब इस गांव के लोगों को जल्द ही बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले री गांव में एक घटना घटित हुई थी, लेकिन वह इस पर कुछ नहीं कहना चाहते हैं। न ही इस तरह की घटना को राजनीतिक रंग देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि री गांव के लोगों को बारिश के चलते समस्या हुई थी। अब सरकार द्वारा दो करोड़ 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार जताया है। क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की अन्य समस्याओं को भी प्राथमिकता से हल किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पांगी में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, पांगी।** बिजली विभाग पांगी ने उपभोक्ताओं को अवगत कराया है कि साच पावर हाउस (23450 किलोवाट) में आवश्यक रखरखाव एवं सिल्ट रिमूवल का कार्य प्रस्तावित है। इस कारण पावर हाउस को 15 सितंबर शाम 4 बजे से लेकर 16 सितंबर शाम 4 बजे तक बंद रखा जाएगा। अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग पांगी सुनील चंदेल ने बताया कि निर्धारित अवधि के दौरान क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है।

### दिवंगत दिलदार अली शाह को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा में अंजुमन इस्लामिया ने दिवंगत दिलदार अली शाह की याद में अपना छठा रक्तदान शिविर आयोजित किया। दिलदार अली शाह ने जीवनभर समाज सेवा और मानवता के कार्य किए, जिनकी याद आज भी नई पीढ़ियों को प्रेरित करती है। शिविर में चंबा के विभिन्न समुदायों के लोग बढ़-चढ़कर शामिल हुए, जिससे मानवता और भाईचारे की भावना उजागर हुई। वक्ताओं ने कहा कि रक्त की प्रत्येक बूंद ज़रूरतमंद के लिए जीवनरेखा बन सकती है और सामूहिक प्रयास से यह छोटा सा योगदान किसी के जीवन को बचाने का बड़ा साधन बन जाता है। उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक रक्तदान की अपील की, ताकि दिलदार अली शाह की करुणा और सेवा की विरासत जीवित रह सके।

### कुलदीप पठानिया का दो दिवसीय चंबा प्रवास

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया दो दिवसीय चंबा प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता के अनुसार, कुलदीप सिंह पठानिया 16 सितंबर को सायं 5 बजे सिहुंता पहुंचेंगे। प्रवासी कार्यक्रम के दौरान, 17 सितंबर को वे विधानसभा क्षेत्र भटियात के तहत आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे और प्रभावित लोगों की समस्याओं का जायजा लेंगे। 18 सितंबर को अध्यक्ष चंबा के अन्य आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे और वहां चल रहे राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस दौरे का उद्देश्य आपदा प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत सुनिश्चित करना और कार्यों में किसी भी तरह की कमी को दूर करना है। विधानसभा अध्यक्ष का यह प्रवास स्थानीय प्रशासन और जनता के लिए मार्गदर्शन एवं समर्थन का अवसर भी साबित होगा।

### जीएसटी सुधार का निर्णय महत्वपूर्ण: अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** सांसद अनुराग ठाकुर ने सोमवार को हमीरपुर जिले के व्यापार प्रकोष्ठ और स्थानीय व्यापारियों के साथ हमीर भवन परिसर में एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। बैठक में अनुराग ठाकुर ने कहा कि नए जीएसटी सुधार जीवन और व्यापार को आसान बनाने की दिशा में एक अहम कदम हैं। उन्होंने 'अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों' की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम छोटे व्यवसायों को और सशक्त बनाएगा, और भारत की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगा। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से कई महत्वपूर्ण वस्तुओं पर कर की दरों में कमी के साथ सभी क्षेत्रों को राहत मिलेगी। इसे एक 'साहसिक निर्णय' बताते हुए, उन्होंने जीएसटी सुधारों की घोषणा के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का धन्यवाद किया। स्थानीय व्यापारियों ने इस बात पर भी चिंता व्यक्त की कि कैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने भारत में खरीदारी के चलन को बदल दिया है, वे सुविधा के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी मूल्य प्रदान कर रहे हैं, और उनकी अनियंत्रित वृद्धि स्थानीय व्यवसायों के लिए खतरा बन रही है। ठाकुर ने कहा कि निष्पक्ष व्यवहार और स्थानीय दुकानदारों का समर्थन करके, हम भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत और संतुलित बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।

### नघला में कार और बस की टक्कर, 3 घायल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट घुमारवीं सुपर हाईवे पर नघला के पास प्राइवेट बस और कार की जोरदार टक्कर में कार चालक और दो सवारियां घायल हो गईं। चालक का सरकाघाट नागरिक अस्पताल इलाज के लिए लाया गया, जबकि तीन सवारियां प्राइवेट हॉस्पिटल और नेरचौक मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए जा चुके हैं। मिली जानकारी अनुसार मंडी सरकाघाट संघोल रूट पर आ रही सकलानी कोच प्राइवेट बस नघला के पास विपरीत दिशा में जाकर सामने से आ रही मारुति स्विफ्ट कार को टक्कर मार दी। इस टक्कर के कारण कर चला रहे देवराज ठाकुर और तीन अन्य सवारियां घायल हो गईं। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। देवराज का अस्पताल में इलाज चल रहा है, बाकी दो अन्य सवारियां खुद ही नेरचौक मेडिकल कॉलेज चली गई हैं। एसएचओ रजनीश ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते कहा कि घर चालक कायवान लेकर बस चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज कर लिया है बाकी अन्य घायल सवारियां अभी तक ट्रेस नहीं हो पाई है।

### माता हणोगी मंदिर की सड़क की मरम्मत शुरू

**अनंत ज्ञान, बालक राम, पंडोह।** हिमाचल प्रदेश का सुप्रसिद्ध हणोगी न्यास पिछले 3 वर्षों से सुनसान पड़ा हुआ है। विशेष कर वर्ष 2023 में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान मंदिर न्यास को जोड़ने वाली हणोगी से माता के दरबार वाली सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसकी मरम्मत ना होने से श्रद्धालुओं को बड़ी परेशानी उठानी पड़ती थी। इस बार की बरसात ने इस सड़क मार्ग को और अधिक क्षतिग्रस्त कर दिया है। अब सभी प्रकार के वाहन माता के मंदिर तक नहीं पहुंच पा रहे थे। इसके लिए पंडोह पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कटोच और ट्रैफिक इंचार्ज चेतराम ने कुछ स्थानीय ठेकेदारों से सहयोग की अपील की थी, जिसके परिणामस्वरूप ठेकेदार अनिल ठाकुर ने अपनी एलएण्टी मशीन लगा कर सोमवार को आधे सड़क मार्ग पर आए स्लिप को साफ कर दिया है। उम्मीद की जा रही है कि मंगलवार को कोई दूसरा ठेकेदार अपनी मशीन भेज कर इस सड़क मार्ग को पूरी तरह से सभी प्रकार के वाहनों के लिए सुचारू कर देगा। पुलिस कांस्टेबल चेतराम ने अनिल ठाकुर का सहयोग के लिए धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि माता रानी के आशीर्वाद से नवरात्रों तक यह सड़क मार्ग पहले जैसा साफ और सुरक्षित हो सकेगा। न्यास के पुजारी विकास शर्मा ने माता के दरबार के लिए सड़क मार्ग की मरम्मत बहीत सेवाएं करने के लिए सभी का धन्यवाद किया और श्रद्धालुओं से अपील की है कि कुल्लू से माता के मंदिर को आने वाले पुराने सड़क मार्ग की वाहन योग्य अस्थाई सड़क सुचारू करने में सहयोग करें।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में समिति गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी के आयुक्त रोहित राठौर ने बताया कि नक्शा कार्यक्रम के तहत क्षेत्र सर्वेक्षण गतिविधियों की प्रगति की निगरानी के लिए शहरी स्थानीय निकाय स्तर पर समन्वय समिति का गठन किया गया है। उपायुक्त मंडी इस सात सदस्यीय समिति के अध्यक्ष होंगे। आयुक्त/अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम मंडी को सदस्य सचिव बनाया गया है। संजय कुमार, निदेशक, स्थानीय जीडी, एसओआई, जिला लोक संपर्क अधिकारी, मंडी, डॉ. बृजेश सकलानी, प्रोजेक्ट मैनेजर, एनपीएमए, मनीष कुमार तिवारी, जीआईएस डेटा विशेषज्ञ, एमपीएसईडीसी, मनोज शर्मा, जीडीओ विशेष प्रबंधक, एसपीएमयू, एजीआईएसएसी इसके सदस्य होंगे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग के निर्देशों के अनुपालन में, भूमि विकास विभाग साप्ताहिक/पाक्षिक आधार पर नक्शा कार्यक्रम की प्रगति की निगरानी कर रहा है। कार्यक्रम का प्रभावी और सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और शहरी स्थानीय निकाय स्तर की समन्वय समितियों के गठन की आवश्यकता जताई गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र सर्वेक्षण गतिविधियां शीघ्र ही शुरू होने वाली हैं और समिति की ओर से इसकी गहन और निरंतर निगरानी की जाएगी।

### बीडीसी सयोग खेम चंद को मातृ शोक

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** मंडी सदर विकास समिति की ग्राम पंचायत सयोग -जागर के बीडीसी सदस्य और पूर्व में सयोग पंचायत के पूर्व प्रधान खेमचंद को मातृ शोक है। उनकी माता दर्शनु देवी का 90 वर्ष की आयु पर दुखद निधन हुआ है। जिनका दाह संस्कार व्यास नदी के तट पर किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने नमन आंखों से विदाई दी। खेम चंद ने बताया कि माता जी की अचानक तबियत बिगड़ी और वे उन्हें मेडिकल कॉलेज नेरचौक ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। वे अपने पीछे तीन बेटे और दो बेटियां छोड़ गए हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक अनिल शर्मा ने इनके अकस्मात देहान्त पर शोक व्यक्त किया है तथा शौकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की है। प्रधान पंडोह गीता देवी, पूर्व प्रधान नरेश शर्मा, बलदेव राज, उषा चौहान, समाजसेवी बीआर भाटिया, डीआर कौंडल और देशराज ठाकुर ने अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है।

# भरमौर की लिल्ह घाटी में बारिश से कई घर क्षतिग्रस्त

## गाण पंचायत के 3 परिवार पड़ोसियों के पास रहने को मजबूर

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

**भरमौर** विधानसभा क्षेत्र की लिल्ह घाटी में हाल ही में हुई भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। ग्राम पंचायत गाण में तीन घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे प्रभावित परिवारों के पास रहने के लिए कोई दूसरा ठिकाना नहीं बचा है। मजबूरी में वे लोग पड़ोसियों के बरामदों में रहकर दिन-रात गुजार रहे हैं। यहां तक कि भोजन पकाने से लेकर नहाने और कपड़े धोने तक की व्यवस्था भी उन्हें यहीं करनी पड़ रही है।

ग्राम पंचायत के उपप्रधान काकाराम ने बताया कि भारी बारिश के कारण न केवल घर क्षतिग्रस्त हुए हैं बल्कि एक पूरा गांव भूस्खलन के खतरे में है। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों के पास दूसरा घर नहीं है और वे बेहद दयनीय स्थिति में जीवनयापन कर रहे हैं। काकाराम ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इन परिवारों को शीघ्र राहत सामग्री, अस्थायी आश्रय और पुनर्वास की व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाए।

गौरतलब है कि पिछले दिनों जनजातीय क्षेत्र भरमौर में हुई बारिश से दर्जनों घर और खेत बर्बाद हो चुके हैं। केंद्र और राज्य सरकार के नेता लगातार मौके का दौरा कर नुकसान का आकलन कर रहे हैं। स्थानीय लोग उम्मीद जता रहे हैं कि जल्द ही प्रभावितों को मुआवजा और पुनर्वास सुविधा प्रदान की जाएगी।



उपप्रधान ने प्रशासन से शीघ्र राहत व पुनर्वास की लगाई गुहार

### कैंपस इंटरव्यू में 8 अभ्यर्थी हुए चयनित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय चंबा के सौजन्य से सोमवार को एसओई चोवाड़ी में ऑनलाइन कैंपस इंटरव्यू का सफल आयोजन किया गया। इस इंटरव्यू में क्षेत्र के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 17 अभ्यर्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिनमें से 8 योग्य अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। जिला रोजगार कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि ऐसे कैंपस इंटरव्यू युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने में सेतु का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों के युवाओं को घर-द्वार पर ही रोजगार उपलब्ध कराना इस तरह की पहलों का मुख्य उद्देश्य है। अधिकारियों ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को शीघ्र ही कंपनियों द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर उपस्थित रोजगार कार्यालय के प्रतिनिधियों ने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक युवा लाभान्वित हो सकें।

# राज्यपाल ने चंबा और भरमौर के आपदाग्रस्त क्षेत्रों का किया दौरा



आपदा प्रभावित परिवारों से की मुलाकात और साझा किया दुख

अनंत ज्ञान, चंबा

**राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल ने अपने चंबा जिले के दो दिवसीय प्रवास के दौरान जनजातीय क्षेत्र भरमौर सहित चंबा विधानसभा क्षेत्र के आपदा ग्रस्त इलाकों का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। दौरे के दौरान भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज, डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर और सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर भी मौजूद रहे।

राज्यपाल ने कहा कि यह हिमाचल की अब तक की सबसे बड़ी त्रासदी है, जिसमें जिला चंबा में भारी नुकसान हुआ है। कई लोगों के घर व जमीन तक बह गए हैं, फिर भी लोगों का मनोबल मजबूत है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से राहत कार्यों में सहयोग करने की अपील की। राज्यपाल ने बताया कि केंद्र सरकार हिमाचल को 1500 करोड़ की सहायता दे चुकी है और आगे भी मदद मिलने की उम्मीद है। उन्होंने राजनीति से ऊपर उठकर प्रभावितों की मदद करने पर बल दिया और राज्य सरकार को राहत राशि शीघ्र खर्च करने की सलाह दी।

# खज्जियार में फिर दिखेंगे मानव परिंदे

अनंत ज्ञान, खज्जियार

**विश्व** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खज्जियार जिसे 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से भी जाना जाता है। यहां पिछले दो महीनों से बरसात के मौसम में बंद की गई पैराग्लाइडिंग गतिविधियां अब पर्यटकों के लिए दोबारा शुरू कर दी गई हैं।



खज्जियार आने वाले पर्यटकों के लिए यह वाकई बेहद खुशी की बात है। अब यहां आने वाले सैलानी फिर से आसमान की ऊंचाइयों में उड़ान भरने का रोमांच महसूस कर पाएंगे। पर्यटक लंबे समय से इसका इंतजार कर रहे थे और अब यह शुरू होते ही खज्जियार की खूबसूरती और भी बढ़ जाएगी। इसके शुरू होने से खज्जियार में रौनक बढ़ेगी और स्थानीय व्यवसाय जैसे होटल, रेस्तरां, टैक्सी सेवाओं को भी बड़ा फायदा होगा।

खज्जियार पहुंचे पर्यटकों का कहना है कि पैराग्लाइडिंग खज्जियार का मुख्य आकर्षण है और इसके बिना यहां का सफर अधूरा लगता है। अब दोबारा यह सुविधा शुरू होने से उनका सफर यादगार बनेगा। पर्यटन विभाग और प्रशासन ने सुरक्षा इंतजाम पुख्ता करने के बाद ही पैराग्लाइडिंग की अनुमति दी है। पायलटों की सुरक्षा जांच, उपकरणों की टेस्टिंग और मौसम की मॉनिटरिंग के बाद पर्यटकों को उड़ान की सुविधा दी जाएगी।

### 6 स्वयंसेवी राज्य स्तरीय शिविर के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा में सोमवार को जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्री रिपब्लिक-डे चयन प्रक्रिया का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला चम्बा के विभिन्न महाविद्यालयों से आए स्वयंसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

एनएसएस नोडल अधिकारी प्रो. अविनाश ने बताया कि चयन प्रक्रिया केंद्रीय अधिकारियों और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों के अनुसार आयोजित की गई। मुख्य चयनकर्ता हिमाचल प्रदेश पुलिस के मुख्य ड्रिल इंस्ट्रक्टर दीपक कुमार, आरक्षी मुकेश शर्मा, प्रो. अविनाश, महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संतोष देवी, प्रो. नीता राम भारद्वाज और प्रो. गौरव शर्मा रहे। चयन के दौरान स्वयंसेवियों की ड्रिल, परेड, सामान्य ज्ञान, वाक्-कला और सांस्कृतिक प्रस्तुति का मूल्यांकन किया गया। पारंपरिक वेशभूषा और लोक संस्कृति की प्रस्तुति ने निर्णायकों को प्रभावित किया। अंतिम परिणाम में लतु शर्मा, बिंदिया कुमारी, निखिल गौतम, कार्तिक शर्मा, काजल वर्मा और नेहा वर्मा का राज्य स्तरीय शिविर के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया सहित संपूर्ण स्टाफ और स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

# चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग बंद

## तुनुहट्टी में सड़क पर मलबा व पेड़ों के गिरने से यातायात बाधित

अनंत ज्ञान, चंबा

**चंबा-पठानकोट** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह तुनुहट्टी के पास बड़े-बड़े चीड़ के पेड़ और भारी मलबा सड़क पर गिर जाने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सुबह लगभग 11:30 बजे हुई इस घटना के बाद से मार्ग दोनों ओर से बंद है, जिससे चंबा और पठानकोट की ओर से आने-जाने वाले सैकड़ों वाहन जगह-जगह फंसे हुए हैं।

विभागीय टीमें मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीनों की मदद से सड़क को बहाल करने के प्रयास कर रही हैं। हालांकि भारी मलबा और विशालकाय पेड़ों के कारण मार्ग खोलने में भारी मुश्किलें सामने आ रही हैं। घंटों से फंसे यात्री सड़क खुलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं ताकि वे अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। इस मुख्य मार्ग के बाधित होने से न केवल स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि पर्यटकों की भी आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द मार्ग बहाल कर वाहनों की आवाजाही सामान्य कर दी जाएगी।

# राड़ी में आंशिक रूप से बहाल पानी व्यवस्था

अनंत ज्ञान, धरवाला

**विकास** खंड मैहला के अंतर्गत पड़ने वाली पंचायत राड़ी में पानी की सप्लाई आंशिक रूप से बहाल हुई है। स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि राड़ी पंचायत के एक दर्जन गांव में पिछले कई दिनों से पानी की व्यवस्था चरमाई हुई थी जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

पिछले दिनों हुई भारी बारिश के चलते पानी की पाइपें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, जिन्हें भारी दलदल व कीचड़ के बीच जोड़ पाना संभव नहीं था। ऐसे में नजदीकी जलस्त्रोतों व कुदरती रूप से निकले पानी को लोगों के घरों तक पहुंचाया गया ताकि काफी हद तक लोगों की पानी की समस्या को सुलझाया जा सके।



# जो घर रहने योग्य नहीं, उन्हें भी पूर्ण क्षतिग्रस्त घोषित करने का हो प्रावधान: जयराम ठाकुर

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सराज विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने प्रभावितों को राहत सामग्री व आर्थिक सहायता प्रदान की, जो प्रदेश व प्रदेश के बाहर से दानदाताओं द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी। उन्होंने सभी सहयोगियों की ओर से प्रभावित परिवारों का आभार व्यक्त किया।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में आपदा ने व्यापक पैमाने पर तबाही मचाई है। प्रभावित लोग लगातार शिकायत कर रहे हैं कि उनके घर अब रहने योग्य नहीं बचे हैं, लेकिन सरकार के मानकों के चलते उन्हें पूर्ण क्षतिग्रस्त घोषित नहीं किया जा रहा है। इससे उन्हें मुआवजा भी नहीं मिल पा रहा। उन्होंने आग्रह किया कि जो घर रहने लायक नहीं हैं, उन्हें भी पूर्ण क्षतिग्रस्त घोषित करने का प्रावधान होना चाहिए, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा घोषित आर्थिक पैकेज को शीघ्र प्रभावितों तक पहुंचाने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा में लोगों की जीवन भर की कमाई नष्ट हो गई है। 30 साल पहले जिस हालत से हमने विकास शुरू किया था, आज फिर वहीं स्थिति बन गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासी हिम्मत नहीं हारेंगे, संघर्ष करेंगे और फिर से उठ खड़े होंगे। उन्होंने प्रभावित इलाकों का दौरा कर थाची व सोमागढ़ पंचायत में पीड़ित परिवारों से भेंट की और भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में वे उनके साथ खड़े रहेंगे।



### केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री का आभार

**जयराम** ठाकुर ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा का आभार जताया जिन्होंने आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर सड़कों की मरम्मत के लिए तत्काल बजट स्वीकृत करवाया। एनएचएआई ने युद्धस्तर पर कार्य कर रायसन, पतलीकूहल, कलाथ, अलियो ग्राउंड जैसे स्थानों की कनेक्टिविटी बहाल की। किरतपुर-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थायी सुरक्षा के लिए लगभग 4000 करोड़ रुपये की परियोजना तैयार की गई है, जिसमें सुरंगें, पुल व नदी सुरक्षा कार्य शामिल होंगे। इससे भविष्य में ऐसे नुकसान को न्यूनतम किया जा सकेगा।

### गुरुकुल स्कूल में मनाया हिंदी दिवस

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** गुरुकुल स्कूल जोगिंदरनगर में हिंदी दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक विशाल अवस्थी ने की। कार्यक्रम में छात्रों के लिए कविता, कहानी, निबंध, श्रुतलेख और भाषण जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियों से हुई, जिनकी ऊर्जा और उत्साह देखते ही बन रहा था। कक्षा एक व दो के बच्चों ने हिंदी के महत्व पर कविताएं सुनाईं। प्रतियोगिता में कक्षा एक से रूहानी और शिवांश प्रथम रहे, जबकि कक्षा दो से आयुष व ऐसी द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा तीन से पांच तक के विद्यार्थियों के बीच आयोजित कहानी प्रतियोगिता में वनिशा अवस्थी ने प्रथम तथा आदित्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छह से आठ तक के छात्रों की श्रुतलेखन प्रतियोगिता में स्माइली ने बाजी मारी और अक्षत उपविजेता बने। वहीं, कक्षा नौ और दस की निबंध प्रतियोगिता में तपस्या प्रथम और श्वेता द्वितीय स्थान पर रहीं।

# एचआरटीसी सुंदरनगर की राइड विद प्राइड टैक्सी लंबे समय से पड़ी खराब

भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान

**महादेव।** यात्रियों की सुविधा के लिए नए बस अड्डे सुंदरनगर से बीएसएल परियोजना (बीबीएमबी) की कॉलोनी क्षेत्र के लिए चलने वाली राइड विद प्राइड टैक्सी लंबे समय से खराब पड़ी है, जिससे कॉलोनी आने जाने वाले लोगों को खासी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। वर्षों से एचआरटीसी सुंदरनगर द्वारा दी जा रही इस टैक्सी सुविधा से लोगों का समय पर आना-जाना लगा रहता था। क्योंकि दो की संख्या में ये गाड़ियां पूरा दिन सवारियां ढोती रहती थी। लोगों को बड़ी देर तक इंतजार नहीं करना पड़ता था, मगर जबसे यह खराब पड़ी हैं तब से कॉलोनी की सवारियों सहित अन्य यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

एचआरटीसी इन गाड़ियों को ठीक कर चलाने में असमर्थता जता रहे हैं जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। अपनी तरह की इस विशेष सुविधा के जाते रहने से भीड़भाड़ वाले वर्तमान समय में ऐसी सुविधाएं देना जरूरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है। लोगों को प्राइवेट महंगी टैक्सी में जाना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि शीघ्र ही खराब पड़ी इन टैक्सियों को सुधार कर अपने रूट पर चलाएं।




बीबीएमबी कॉलोनी आने-जाने वाले लोगों को हो रही भारी परेशानी

# केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा ने किया आपदा प्रभावित किरतपुर-मनाली फोरलेन का दौरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

किरतपुर-मनाली एनएच-3 को इस वर्ष आपदा में भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है।

नुकसान का जायजा लेने के लिए, राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय अजय सिंह टम्टा ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। बता दें कि इस वर्ष हिमाचल प्रदेश ने मानसून के दौरान भारी बारिश का सामना किया है। इस भारी बारिश से प्रदेश में जान-माल का नुकसान हुआ है, साथ ही कुल्लू और मंडी जिला भी बहुत प्रभावित हुए हैं। मानसून की शुरुआत से ही कीरतपुर-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हलके भूस्खलन देखे जा रहे थे। हालांकि, लोगों की सुविधा को देखते हुए एनएचएआई ने बहुत कम समय में सुचारु यातायात शुरू कर दिया था। अगस्त माह के आखिर में मानसून में तेजी आई और 25, 26 और 27 अगस्त को अंजनी महादेव (सोलंग नाले के पास), मनालसू (पुराने मनाली के पास) और बड़ाग्राम (पतलीकूहल में) जैसे कई नालों में बादल फटने की घटना से ब्यास नदी में अचानक बाढ़ आ गई। पानी का तेज बहाव अपने साथ तेज गति से भारी पत्थर व मलबा लेकर आया। इससे कई स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गया। इसके परिणामस्वरूप, राजमार्ग कई स्थानों पर पूरी तरह बह गया और मनाली और कुल्लू का संपर्क बाधित हुआ। इसके बाद एनएचएआई के प्रयासों से यातायात को बाएं किनारे वाली सड़क से डायवर्ट किया गया। मनाली का संपर्क सुनिश्चित करने के लिए, एनएचएआई ने इस सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत के लिए 4 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। इसके अतिरिक्त, कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। एनएचएआई के अध्यक्ष ने तत्काल मरम्मत कार्यों के लिए 40 करोड़ रुपए पहले ही स्वीकृत कर दिए हैं।

# योग व अद्वितीय शिल्पकला की प्रतीक नंदीकेश्वर प्रतिमा

## पांगणा के सुकेत रियासत की वैदिक राजधानी और महाभारतकालीन तीर्थ स्थल

अनंत ज्ञान, करसोग

पांगणा, जो कि सुकेत रियासत की आदि राजधानी रही है, आज भी अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक गरिमा के लिए विख्यात है। यह ऐतिहासिक स्थल मध्य हिमालय की अप्रतिम पर्वतमाला शिकारी देवी से नि:सृत चरणगंगा (पांगणा सरिता) के तट पर स्थित है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, पांगणा वैदिक काल में जालंधर पीठ का अंग रहा है।

महाभारत काल में यह क्षेत्र सुकुट राज्य के नाम से जाना जाता था। सुकेत संस्कृति साहित्य एवं जन-कल्याण मंच पांगणा-सुकेत के अध्यक्ष डॉ. हिमेंद्र बाली हिम का कहना है कि लाक्षागृह की घटना के पश्चात पांडव माता कुंती सहित पांगणा और करसोग में छद्म वेश में रहे। यहीं पांडु पुत्र भीम ने हिडिंब का वध करने के बाद उसकी बहन हिडिंबा से पांगणा के अंबरनाथ मंदिर में गंधर्व विवाह किया था। अंबरनाथ मंदिर के अग्रभाग में स्थित स्थानक मुद्रा में नंदीकेश्वर भगवान की प्रस्तर प्रतिमा पूरे प्रदेश में अपनी विशिष्टता के लिए जानी जाती है।

यह प्रतिमा स्थानीय नीले पत्थर से निर्मित है और इसकी ऊंचाई 5 फुट 8 इंच है। प्रतिमा को 2 फुट ऊंचे चबूतरे पर प्रतिष्ठित किया गया है। नंदी देव की यह मूर्ति अत्यंत सुडौल, जीवंत और भावप्रवण शैली में गढ़ी गई है। उनकी पूंछ को एक गण (साधक) पकड़े हुए है, जो उन्हें भवसागर से तारक के रूप में दर्शाता है। प्रतिमा के उदर से गले तक नाग की मेखला दर्शाई गई है, जो योग की कुंडलिनी जागरण की प्रतीक मानी जाती है। नंदी की दाईं ओर एक लघु नंदी प्रतिमा भी बैठी मुद्रा में स्थापित है, जो अपने सौंदर्य और शिल्प की दृष्टि से अनुपम है।



अंबरनाथ मंदिर में हुआ था भीम-हिडिंबा का गंधर्व विवाह

पुरातत्व चेतना संघ मंडी द्वारा सम्मानित डॉ. जगदीश शर्मा के अनुसार, यह प्रतिमा शिल्प की दृष्टि से 8वीं से 9वीं शताब्दी की प्रतीत होती है। किंतु आजकल यहां की पूजा परंपरा में कलें अनुष्ठान (तेल/घी का अभिषेक) किया जाता है, जो हर संक्रांति को देव विग्रहों पर किया जाता है। डॉ. शर्मा ने बताया कि यह परंपरा जहां आस्था का प्रतीक है, वहीं यह प्रस्तर प्रतिमाओं की मौलिकता और संरक्षण के लिए खतरा भी बनती जा रही है। तेल व अक्षत के प्रयोग से शिल्प की सूक्ष्मता धूमिल हो रही है, जो पुरातत्वीय विरासत के लिए चिंता का विषय है। अंबरनाथ मंदिर परिसर में आमलक, यंत्र शिलाएं, अलंकृत प्रस्तर स्तंभ, प्रस्तर लिंग और अन्य देव प्रतिमाएं भी संरक्षित हैं, जो इस मंदिर के समृद्ध इतिहास और शिल्पकला की गौरवमयी परंपरा का प्रतिनिधित्व करती हैं।

ऐसी जवानी किसी काम की नहीं जो अपनी मातृभूमि के काम न आ सके।
–चंद्रशेखर आजाद

## संपादकीय

# पर्यावरण है तो जिंदगी है

पर्यावरण है तो जिंदगी है–अगर इतनी सी बात इंसान समझ ले तो हिमाचल प्रदेश जैसे संवेदनशील पहाड़ी राज्यों को मानसून सीजन में होने वाले बेतहाशा नुकसान से बचाया जा सकता है। इस बार मानसून ने प्रदेश में जिस तरह व्यापक तबाही मचाई है, उसके पीछे प्राकृतिक आपदाओं के साथ-साथ पर्यावरण की अनदेखी भी एक बड़ी वजह है। पहाड़ों पर अनियंत्रित निर्माण, खड्डों और नालों के किनारे होटल और मकानों का निर्माण और लगातार जंगलों की कटाई ने हिमाचल की नाजुक पारिस्थितिकी को गहरी चोट पहुंचाई है। हिमाचल की असली खूबसूरती हरे-भरे जंगलों और बर्फ से ढकी चोटियों में है। अगर जंगल ही नहीं रहेंगे, तो भला कोई पर्यटक यहां क्यों आएगा? पर्यटन उद्योग की रफ्तार सीधे तौर पर प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यावरणीय संतुलन पर टिकी हुई है। पर्यटक यहां केवल ठंडी हवाओं और सुहावने मौसम के लिए नहीं आते, बल्कि यहां की हरियाली, देवदार और चीड़ की खुशबू और मन को सुकून देने वाले शांत वातावरण के लिए आते हैं।

यही जंगल लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन देते हैं और पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। हाल ही में हिमाचल से जुड़ा एक बड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट में उठा, जिसने पूरे प्रदेश का ध्यान पर्यावरण संरक्षण की ओर खींचा। सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरणीय संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े मुद्दों पर स्वत: संज्ञान लिया और हिमाचल सरकार से रिपोर्ट मांगी। दरअसल, एमएस प्रिस्टिन होटल्स एंड रिजॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने शिमला के पास तारादेवी मंदिर के निकट एक होटल बनाने की योजना बनाई थी, लेकिन राज्य सरकार ने इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया, क्योंकि तारादेवी का पूरा इलाका 'ग्रीन एरिया' के रूप में नोटिफाई है। ग्रीन एरिया का सीधा अर्थ है कि वहां किसी भी तरह का निर्माण कार्य प्रतिबंधित है, ताकि जंगलों और पर्यावरण को बचाया जा सके। प्रिस्टिन होटल्स ने इस सरकारी नोटिफिकेशन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हालांकि, कोर्ट ने 28 जुलाई को उस याचिका को खारिज कर दिया।

अब यह मामला जनहित याचिका के रूप में विचाराधीन है और सुप्रीम कोर्ट स्वयं पर्यावरणीय हितों को लेकर बेहद गंभीर है। यही कारण है कि कोर्ट ने 28 जुलाई की सुनवाई के दौरान टिप्पणी की थी–यदि हिमाचल में निर्माण कार्य और विकास योजनाएं इसी तरह बिना वैज्ञानिक दृष्टिकोण के चलती रहीं, तो वह दिन दूर नहीं जब हिमाचल देश के नक्शे से गायब हो जाएगा, भगवान करे कि ऐसा न हो। यह टिप्पणी केवल चेतावनी नहीं थी, बल्कि आम जनता और सरकार को समय रहते सावधान करने की पहल थी। जंगलों को बचाने के लिए राज्य सरकार ने शिमला शहर में लगभग 17 जंगलों को ग्रीन एरिया घोषित कर रखा है। इन क्षेत्रों में निर्माण कार्य पूरी तरह से प्रतिबंधित है। अगर एक होटल को भी अनुमति दे दी जाती है, तो दूसरे मालिक भी यही मांग करेंगे। धीरे-धीरे ग्रीन एरिया का पूरा स्वरूप बदल जाएगा और इसका असर न केवल पर्यटन पर, बल्कि पूरे प्रदेश के जलवायु संतुलन पर पड़ेगा। हिमाचल प्रदेश में बीते दो वर्षों से मानसून ने लगातार भारी तबाही मचाई है। भूस्खलन, बादल फटना, नदियों और नालों का उफान–इन सबने न केवल हजारों करोड़ का नुकसान किया है, बल्कि अनगिनत लोगों की जिंदगी भी छीन ली है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार लगातार आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में जुटी रही है, लेकिन जब तक हम मूल कारणों पर ध्यान नहीं देंगे, तब तक हर साल यही तबाही देखने को मिलेगी। हकीकत यह है कि प्रदेश की पहाड़ी ढलानों पर लगातार निर्माण कार्य हो रहे हैं। होटल, रिसॉर्ट और मकान बनाने के लिए पेड़ों की बलि दी जा रही है। खड्डों और नालों में, जहां पानी का प्राकृतिक बहाव होता है, वहां भी लोग मकान बना लेते हैं। जब बरसात आती है, तो वही मकान मलबे में दब जाते हैं और तबाही का मंजर पैदा हो जाता है। ऐसी घटनाओं को केवल प्राकृतिक आपदा कहकर टाल देना उचित नहीं होगा। यह इंसान की गलतियों और लालच का नतीजा है। इस संदर्भ में हिमाचल की जनता की जिम्मेदारी भी बहुत बड़ी है। केवल सरकार पर अंगुली उठाने से काम नहीं चलेगा। जनता को भी पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होना पड़ेगा।

जंगलों को काटकर बनाए गए होटल या घर थोड़े समय के लिए लाभ दे सकते हैं, लेकिन लंबे समय में यह प्रदेश के अस्तित्व को ही संकट में डाल देंगे। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि हिमाचल की पारिस्थितिकी बेहद नाजुक है। यहां छोटे-छोटे बदलाव भी बड़े असर डालते हैं। अगर जंगल कटते रहे, तो मिट्टी का कटाव बढ़ेगा, भूस्खलन की घटनाएं तेज होंगी और जलवायु असंतुलन और ज्यादा खतरनाक रूप ले लेगा। इसके साथ ही, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव भी पहाड़ों पर ज्यादा तेजी से नजर आते हैं। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट और राज्य सरकार दोनों ही ग्रीन एरिया की नीति पर अडिग हैं। यह केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक जरूरी कदम है। अगर आज जंगल बचेंगे, तभी कल पर्यटन बचेगा, खेती बचेगी और हिमाचल का अस्तित्व भी बचा रहेगा। इसलिए यह हम सबकी साझा जिम्मेदारी है कि हम मिलकर अपने जंगलों, नदियों और पहाड़ों की रक्षा करें। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती


# झंडा गीत 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' के रचयिता

**श्यामलाल** गुप्त 'पार्षद' भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक सेनानी, पत्रकार, समाजसेवी एवं अध्यापक थे। श्यामलाल गुप्त 'पार्षद', भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उत्प्रेरक झंडा गीत 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' के रचयिता थे। श्यामलाल गुप्त का जन्म कानपुर जिले के नरवल कस्बे में साधारण व्यवसायी विश्वेश्वर गुप्त के घर पर हुआ था। यह अपने पांच भाइयों में सबसे छोटे थे। इन्होंने मिडिल की परीक्षा के बाद विशारद की उपाधि हासिल की। जिसके पश्चात् जिला परिषद तथा नगरपालिका में अध्यापक की नौकरी प्रारंभ की, परंतु दोनों जगहों पर तीन साल का बॉन्ड (अनुबंध) भरने की नौबत आने पर नौकरी से त्यागपत्र दे दिया। वर्ष 1921 में गणेश शंकर विद्यार्थी के संपर्क में आए तथा राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में सहभागिता की। आपने एक व्यंग्य रचना लिखी जिसके लिए तत्कालीन अंग्रेजी सरकार ने आपके उपर 500 रुपए का जुर्माना लगाया। आपने वर्ष 1924 में झंडागान की रचना की जिसे 1925 में कानपुर में कांग्रेस के सम्मेलन में पहली बार झंडारोहण के समय इस गीत को सार्वजनिक रूप से सामूहिक रूप से गाया गया। ■




श्यामलाल गुप्त
जन्म :16 सितंबर 1893
मृत्यु :10 अगस्त, 1977

## कविता — सुंदरतम



डॉ. राजीव डोगरा, गांव जनयानकड़, कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

*जल ने प्रलय मचा रखी है,*
*आसमां की मोहब्बत में, दुनिया तबाह कर रखी है।*

*सोचते हो मोहब्बत*
*बस तुमने ही की है यहां, ओह नहीं नहीं......*


*हवा ने पानी से, पानी ने हवा से,*
*आंखों से आंखें मिला रखी है।*

*सोचते हो खूबसूरत*
*बस तुम ही हो यहां, ओह नहीं नहीं......*

*पर्वतों ने अपनी सुंदरता से*
*सारी दुनिया अपने कदमों में झुका रखी है।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# चीन की सरजमीं से एटमी ताकतों की जुगलबंदी का पैगाम





**प्रताप सिंह पटियाल**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

राजनीतिक सत्ता बंदूक की नली से निकलती है। ये कथन इतिहास में सबसे प्रभावशाली लोगों में शुमार 'चेयरमैन माओत्से तुंग' के थे। चीन की पीपल लिबरेशन आर्मी अपने प्राचीन सेनापति 'सुंत जू' द्वारा लिखी किताब 'आर्ट ऑफ वार' के असूलों पर अमल करती है। भू-माफिया नजरिया तथा विस्तारवादी सोच की विरासत चीन को अपने अजदाद सुंत जू से विरासत में मिली है। सुंत जू ने आर्ट ऑफ वार में लिखा था कि 'अपने पड़ोसियों को हमेशा अशांत रखो। शत्रु को अपनी मौजूदगी का एहसास कराते रहो। दुश्मन को बिना लड़े अपने वश में करो'। माओत्से तुंग ने सन् 1949 में रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की तथा सन् 1950 में चीन ने तिब्बत पर सैन्य हमले को अंजाम देकर तिब्बत पर कब्जा करके अपने विस्तारवाद का खूनी मजमून लिख कर सुंत जू की तहरीर को पुख्ता कर दिया था। कई छोटे मुल्कों को कर्ज के जाल में फंसाकर चीन ने अपना गुलाम बना लिया है।

विडंबना यह है कि लोगों द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए सियासी रहनुमा तथा लाव लश्कर की तरबियत से निकले फौजी हुक्मरानों की सोच में बहुत अंतर होता है। वंशवादी तानाशाह तथा मजहबी परवरिश वाले कट्टरपंथी रहनुमाओं की सोच भी चरमपंथ की पैरवी करती है। गत तीन सितंबर 2025 को चीन ने दूसरी जंगे अजीम के दौर में जापान पर अपनी जीत की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर सैन्य ताकत का मुजाहिरा करके अमेरिका सहित पूरी दुनिया को पैगाम नसर कर दिया कि ड्रैगन की मिसाइलें, लड़ाकू विमान, सैकड़ों टैंक, ड्रोन तथा परमाणु हथियार पूरी कायनात में रोज-ए-महशर का मंजर लाने की सलाहियत रखते हैं। चीन विक्ट्री डे जरूर मनाता है मगर जापान का आत्मसमर्पण अगस्त 1945 में अमेरिका द्वारा हिरोशिमा और नागासाकी पर किए गए परमाणु हमले के बाद हुआ था। चीन के विक्ट्री डे परेड में मौजूद 26 देशों के राष्ट्राध्यक्षों में तानाशाही की झलक भी पूरी शिद्दत से दिखी। रूस के राष्ट्रपति 'व्लादीमीर पुतिन' तथा उत्तर कोरिया का तानाशाह 'किम जोंग उन' जैसे चर्चित चेहरे मौजूद थे। अमेरिका का मोहरा बन चुके पाकिस्तान के हुक्मरान भी बीजिंग में पहुंच चुके थे।

विक्ट्री डे के इजलास में पाक हुक्मरानों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराकर जाहिर किया कि उनकी भी कुछ हैसियत है। विक्ट्री डे पर चीन के सदर 'शी जिनपिंग' ने माओत्से तुंग की तर्ज पर लिवास पहन कर पैगाम दिया कि चीन माओ के विचारों को ही अपनाता है।

बीजिंग के तियानमेन चौक पर आयोजित विक्ट्री डे परेड में पुतिन और किम जोंग के साथ चीन ने मंच साझा करके अमेरिका सहित मगरबी मुल्कों के प्रति अपने विरोधी जज्बातों को जाहिर कर दिया। ज्यादातर मुल्क अपनी आवाम में वतनपरस्ती के जज्बात जगाने के लिए विक्ट्री डे या अपने मुल्क की यौम ए आजादी के इजलास पर सैन्य ताकत की नुमाइश करते हैं। उत्तर कोरिया, रूस तथा चीन तीनों मुल्क एटमी हथियारों से लैस हैं। इसलिए चीन की सरजमीं पर एटमी ताकतों की जुगलबंदी तथा सैन्य तानाशाही का एक मंच पर इकट्ठे होना मुस्तकबिल की जंगी सनक की ओर इशारा करता है। स्मरण रहे शी जिनपिंग की बेगम 'पेंग लियुयान' चीन की सेना पीएलए में तीन दशक से अधिक समय तक अपनी सेवाएं दे चुकी है। सन् 1984 में चीन तथा वियतनाम के दरम्यान हुई जंग में पेंग लियुमान हिस्सा ले चुकी है तथा चीन के राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय की निदेशक भी रह चुकी है। अत: चीन के मौजूदा नेतृत्व में भी फौजी किरदार मौजूद है।

विक्ट्री डे से ठीक पहले चीन के तियानजिन में 'शंघाई सहयोग संगठन' के इजलाम में भारत के प्रधानमंत्री तथा चीन के सदर शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दावे किए जा रहे हैं कि भारत और चीन के रिश्तों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। चीन से सटे सरहदी क्षेत्रों में सैन्य माहौल शांत रहेगा। स्मरण रहे अक्तूबर 1949 को माओ ने पीपल रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की तथा चार जनवरी 1950 को पाकिस्तान चीन को मान्यता देने वाला पहला मुस्लिम मुल्क बना था। माओत्से तुंग के समय से चीन ने भारत को अपना स्थायी दुश्मन माना तथा पाकिस्तान को स्थायी मित्र बनाया है। मगर चीन की इस शातिर सोच को समझने में भारत के सियासी रहनुमा एक मुद्दत से असफल रहे हैं। भारत से अदावत के चलते अक्ल से नाबिना हो चुके पाकिस्तान ने सन् 1963 में पीओके में स्थित शक्सगाम घाटी का ट्रांस-काराकोरम ट्रैक्ट नामक 5180 वर्ग किमी भू-भाग चीन को खैरात में दे दिया था। शक्सगाम घाटी के तहत ही चीन गवादर बंदरगाह तक पहुंच बनाना चाहता है।

ग्वादर पोर्ट तक पहुंचने के लिए चीन गिलगित-बाल्टिस्तान में 'चाइना-पाकिस्तान इकॉनोमिक कोरिडोर' बना रहा है। भारत व चीन के बीच सन् 1996 में हुए 'कॉन्फिडेंस बिल्डिंग मीजर्स' नामक समझौते के तहत दोनों देशों के सैनिक एलएसी पर एक दूसरे की तरफ हथियारों का रुख नहीं कर सकते, लेकिन विडंबना है कि चीन किसी भी समझौते का पालन नहीं करता। अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, लद्दाख तथा डोकलाम के महाज पर ड्रैगन से होने वाले सैन्य तसादुम इसका सबूत हैं। यदि भारत हमसाया मुल्कों से सरहदी तनाजे से जूझ रहा है तो इसके लिए देश का सियासी निजाम ही जिम्मेदार है। बहरहाल भारत विश्व की चौथी सैन्य ताकत है। विश्व की सर्वोत्तम थलसेना भारत के पास है। चीन जानता है कि जंग के मैदान में भारतीय सेना ड्रैगन को चुनौती पेश करके चीन का भूगोल तब्दील कर देगी। इसीलिए पाकिस्तान का हमदर्द बनकर चीन यूएनओं के मंच पर पाक परस्त आतंकियों की हिमायत करता है। आपरेशन सिंदूर में चीन ने पाक सेना को हथियारों की भारी मदद की थी। अत: चीन पर भरोसा करना भयंकर भूल साबित होगा। विक्ट्री डे पर चीन की एटमी नुमाइश का पैगाम समझना होगा। आज के दौर में आधुनिक सैन्य क्षमता से लबरेज सैन्य वर्चस्व को कायम करना लाजिमी है। चूंकि बड़ी सैन्य ताकत वाले देश ही विश्व में महाशक्ति के रूप में जाने जाते हैं। चीन और पाकिस्तान से निपटने का एकमात्र विकल्प यही है कि भारतीय सेना को अचूक मारक क्षमता वाले अत्याधुनिक हथियारों से लैस किया जाए। ताकि यदि एलएसी पर चीन घुसपैठ की कोई हिमाकत करे तो भारतीय सेना पीएलए को माकूल जवाब दे सके। गलवान में शहीद हुए बीस सैनिकों के जख्मों का हिसाब बाकी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# संघ और सरकार दोनों ने बदला देश का वातावरण



**अजय श्याम**
स्वतंत्र लेखक

ग्यारह सितंबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत के 75 वर्ष पूर्ण होने एवं 76 वे जन्मदिन के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. भागवत के जीवन पर एक लेख एक्स पर लिखा जिसे देश के अनेक समाचारपत्रों ने भी प्रकाशित किया।

यह एक संयोग ही है कि प्रधानमंत्री मोदी भी सप्ताह के भीतर ही 17 तारीख को अपना जन्मदिवस मनाएंगे एवं यह भी संयोग ही है कि दोनों महान पुरुष एक ही वर्ष के एक ही महीने में जन्मे हैं एवं जिस वर्ष यह भारत गणतंत्र बना उसी वर्ष यानी 1950 को दोनों महान विभूतियों ने जन्म लिया। आज एक ओर जहां डॉ. भागवत संघ के शिखर पर विराज है वहीं संघ के स्वयंसेवक के रूप में मोदी राजनीतिक जगत के शीर्ष पर राष्ट्र सेवा में समर्पित है। इन दोनों महापुरुषों के अमृतकाल के साथ साथ देश की आजादी का भी अमृतकाल चल रहा है। इसी काल में जहां राष्ट्र को विकसित करने हेतु मोदी ने पंच प्रण का सूत्र दिया है वहीं समाज जीवन में सापेक्ष बदलाव एवं राष्ट्रीय भाव को पुष्ट करने हेतु संघ प्रमुख के नाते डॉ. भागवत ने भी पंच परिवर्तन की बात कही है। मोदी के पंच प्रणों में जहां विकसित भारत, गुलामी के भाव से मुक्ति,विरासत पर गर्व,राष्ट्रीय एकता एवं नागरिक कर्तव्यों का उल्लेख है वहीं




मोहन भागवत द्वारा उल्लेखित पंच परिवर्तन में स्व का बोध, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन पर्यावरण एवं नागरिक कर्तव्य शामिल हैं। कुल मिलाकर कहें तो यह पंच संकल्प भारत की सिद्धि के ही संकल्प हैं जो कहीं न कहीं आंतरिक रूप से समरूप हैं जिसमें राष्ट्रहित अंतर्निहित है।

यह बात सर्वमान्य है कि संघ इस देश में व्यक्ति निर्माण के द्वारा राष्ट्र निर्माण के आधारभूत काम में निस्वार्थ भाव से लगा है एवं समाज जीवन के क्षेत्र में कार्य कर रहे लगभग 50 से ज्यादा संगठनों के लिए नीति निर्देशक एवं नियामक संस्था के रूप में कार्य कर रहा है। संघ की प्रासंगिकता एवं महत्वता का बोध इसी बात होता है कि संघ के किसी भी संगठन में सक्रिय सहभागी न होने के बावजूद इन संगठनों का समुच्चय संघ परिवार कहलाता है।

संघ वो आत्मा है जो इन सभी संगठन रूपी शरीरों में विद्यमान तो है, परंतु दृष्टिगोचर नहीं। संघ के विविध संगठनों में संघ एवं भाजपा को छोड़कर शेष संगठनों से आंतरिक रिश्तों को बहुत बारीकी से नहीं देखा जाता, परंतु संघ एवं भाजपा के संबंधों पर आरंभिक दौर से ही चर्चाओं का दौर रहता है कि आखिर संघ का भाजपा अथवा पूर्ववर्ती संगठन जनसंघ से क्या संबंध है ऐसा जानने का प्रयास तमाम राजनीतिक पंडित तो करते ही हैं, परंतु आम जनमानस भी इस संबंध को गहराई से जानना चाहता है। परंतु यह विषय सुखद है कि संघ के स्वयंसेवक जो राजनीतिक क्षेत्र में आए उन्होंने कभी भी संघ से अपने संबंधों को राजनीतिक नफा नुकसान की कसौटी पर नहीं तोला वो यह जोर देकर कहते रहे कि राजनीतिक तौर पर चाहे जनसंघ हो या भाजपा संगठन के नाते वो स्वतंत्र रूप से कार्य करते हैं, परंतु राजनीतिक हितार्थ यदि किसी नेता को यह कहना पड़े कि वो स्वयंसेवक नहीं है तो ऐसा कदापि नहीं हुआ। चलते-चलते यह कह दूं कि दोनों महाविभूतियों के जन्म सप्ताह में हम यह मान के चले कि देश की सेवा में निस्वार्थ दोनों महामानव इस महाभारत के वो भीष्म हैं जो आयु बंधनों से मुक्त हैं एवं इनकी लंबी सेवा का काल जितना बढ़ेगा देश उतना सुरक्षित रहेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**आज** के समय में नशा और विशेषकर चिट्टा युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहा है। नशे की चपेट में आने से युवा न केवल अपनी सेहत गंवा बैठते हैं, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका गहरा नकारात्मक असर पड़ता है। चिट्टा जैसे घातक नशे से शरीर के अंग धीरे-धीरे काम करना बंद कर देते हैं और मानसिक संतुलन भी बिगड़ने लगता है। इसकी वजह से अपराध दर बढ़ रही है, चोरी-डकैती जैसी घटनाएं सामने आती हैं और घर-परिवार बिखरने लगते हैं। सरकार और प्रशासन नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन समाज और परिवार की भूमिका भी अहम है। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों पर नजर रखें और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करें। युवाओं को खेलकुद और सकारात्मक गतिविधियों में शामिल कर नशे से दूर रखना जरूरी है।

**रमेशना चौधरी, भड़वाल**

# विश्वभर के सिकुड़ते जंगल पर्यावरण के लिए बेहद घातक



**रामलाल पाठक**
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

वर्तमान समय में पर्यावरण प्रदूषण पूरे विश्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना है। जमीन, जल एवं वायुमंडल में प्रदूषण फैल जाने से सृष्टि के सभी प्राणधारी अपने अस्तित्व के लिए संघर्षरत हैं। धरती का तापमान बढ़ जाने से हजारों साल पुराने हिमखंड पिघल रहे हैं। बिगड़ते पर्यावरण संतुलन के कारण असंख्य प्राकृतिक जलस्रोत लुप्त हो रहे हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरण गड़बड़ाने का सबसे बड़ा कारण प्रकृति से अनावश्यक छेड़छाड़ है। दिनोंदिन बढ़ते प्रदूषण व सिकुड़ते जंगलों के कारण पृथ्वी पर अनहोनी घटनाएं हो रही है। जगह-जगह बादल फट रहे हैं तथा बड़ी मात्रा में भूस्खलन हो रहा है। पहाड़ खिसकने से तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है।

सैकड़ों जिंदगियां सदा-सदा के लिए धरती में समा गई है। हजारों लोगों की जिंदगीभर की कमाई मिट्टी में मिल गई है। मौसम का ज्यादातर प्रभाव जंगलों पर ही निर्भर करता है। जंगलों से वातावरण में नर्मी बनी रहती है तथा तापमान सामान्य रहता है। इससे शुष्क मौसम में होने वाली बीमारियों से भी राहत मिलती है। वारिश के लिए जंगलों की अहम भूमिका रहती है। जंगली जानवरों व पक्षियों का जीवन पूरी तरह जंगलों पर ही निर्भर है। यही नहीं जंगलों में औषधीय जड़ी- बूटियां भी पैदा होती है। प्राय: गर्मियों के मौसम में जंगलों का आग से भारी नुकसान होता है। इसके साथ ही बन कटुए जंगलों के अस्तित्व को ही मिटाने पर तुले है।

हर वर्ष गर्मियों के मौसम शुरू होते ही जंगलों में आग लगने की घटनाएं भी बढ़ने लगती है। आग से इतना अधिक नुकसान होता है कि उसकी भरपाई नहीं हो पाती है। हालांकि सरकार का वन विभाग हर वर्ष जंगलों को आगजनी घटनाओं की रोकथाम के लिए अनेक प्रभावशाली योजनाएं बनाता है तथा इसके लिए सरकार की ओर से पर्याप्त बजट भी उपलब्ध होता है। फिर भी ऐसी घटनाएं बेरोक-टोक घटती रही है। आग के धुएं से पर्यावरण के साथ ही वायुमंडल भी प्रदूषित हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण की दुहाई देने वाले जितनी सुर्खियां बटोर रहे हैं। जमीनी स्तर पर वैसी स्थिति नहीं है। आज के युग में सबसे बड़ी चिंता पर्यावरण को संतुलित करने की है। इसके लिए जन सहयोग की भागीदारी नितांत आवश्यक है। पेड़ लगाने की दुहाई तो सब देते फिर रहे हैं। हर वर्ष बरसात के दिनों में बड़े पैमाने पर पेड़ लगाए



जाते हैं। सरकार लाखों रुपए खर्च करके हर साल वनमोहत्सव मनाती है। इसके अलावा अनेक स्वयंसेवी संस्थाएं भी बड़ी धूमधाम से वन महोत्सव मनाती है। यह भी दुहाई दी जाती है कि हर व्यक्ति कम से कम एक पेड़ लगाए, लेकिन अगले वर्ष कितने पेड़ जिंदा रहते हैं। इसकी किसी के पास कोई हिसाब नहीं होता और न ही किसी को इसकी चिंता है। विभिन्न कारणों से सिकुड़ते जंगल भविष्य की तबाही के संकेत दे रहे हैं। तेज धूप के साथ ही वातावरण शुष्क हो रहा है। बड़े पेड़ों सहित झाड़ियों की सूखी पत्तियां व घास-फूस जमीन में जहां-तहां बिखर जाता है। छोटी सी चिंगारी से आग धधक जाती है।

सूखी पत्तियों व घास में लगने वाली आग आस-पास के रिहायसी मकानों तक को अपनी चपेट में लेकर सब-कुछ तबाह कर देती है। समय रहते यदि आग पर काबू नहीं पाया जाता तो नुकसान लाखों-करोड़ों में पहुंच जाता है। जंगलों में पेड़ों की कमी के कारण खूंखार जंगली जानवर आवादी वाले क्षेत्रों की ओर पहुंच कर जानी नुकसान भी करने लगे हैं। जंगली जानवरों व पक्षियों का बेधड़क शिकार हो रहा है।

वन कटुओं की कुल्हाड़ी भी पर्यावरण से छेड़छाड़ के लिए अहम भूमिका निभा रही है। सिकुड़ते जंगलों में पेड़ों की कमी के चलते जंगली जानवरों के अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है। जंगलों तक आग फैलने से करोड़ों की वन संपदा नष्ट होने के साथ ही बड़ी संख्या में बेजुबान वन्य पाणी भी झुलस जाते हैं। आग लगने की ज्यादातर घटनाएं मानवीय भूल से ही घटित होती है। कई बार तो आग दो-तीन या इससे अधिक समय तक धधकती रहती है। गर्मियों का मौसम शुरू होते ही विभिन्न श्रेणी के मादा जंगली जानवर बच्चे तथा मादा पक्षी अंडे देती हैं। जानवरों के छोटे बच्चे अपना बचाव करने के लिए भाग भी नहीं सकते तथा पंख न निकले के कारण पक्षियों के बच्चे उड़ नहीं सकते। ऐसी स्थिति में बड़ी बेरहमी से उनके प्राण निकलते हैं। इस प्रकार की घटनाओं से जंगली जानवरों व पक्षियों की कई दुर्लभ प्रजातियां ही लुप्त होने के कगार पर है। इससे पर्यावरण पर विपरीत असर पड़ रहा है। जंगलों के साथ ही जिन किसानों की मालकियत भूमि है, वे अपनी जमीन में घास-फूस व अनावश्यक झाड़ियों की काट-छूट करने के बाद उनको जलाते हैं। कई बार आग इतनी धधक जाती कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो जाता है। धूम्रपान करने वाले बिना बुझए सिगरेट या बीड़ी चलते-फिरते हर कहीं फेंक देते हैं। जो बाद में सुलग जाती है तथा इससे बहुत बड़ा नुकसान हो जाता है। जिसकी भरपाई नमुमकिन है।

पशु पालक गर्मियों के दिनों में अपनी घसनियों में इसलिए आग लगते हैं ताकि घास काटते समय उनके हाथों में कांटे न चुभ सकें। जहां चीड़ आदि पत्तियों सूख कर गिरती हैं वहां यदि आग पहुंच जाती है तो उसे बुझाना आसान नहीं हैं। हवा के रुख के साथ ही जंगल में लगी आग की लपटें बड़े-बड़े पेड़ों तक को झुलसा देती है। इनमें से कुछ पेड़ तो बिलकुल ही सूख जाते हैं जो मामूली सी हवा चलने से गिर जाते हैं। इसलिए पेड़ लगाने के साथ ही उनकी हिफाजत भी जरूरी है। अन्यथा कुछ पेड़ लगाते ही सूख जाते हैं तथा कुछ आग की भेंट चढ़ जाते हैं। जो शेष रह बच गए पेड़ वनकाटुओं की कुल्हाड़ी के शिकार हो जाते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# नवजात शिशु के सही पोषण से बनेगा स्वस्थ और सशक्त भारत



**शिवालिक अवस्थी**
शिला चौक, सिद्धपुर,धर्मशाला

शिशु के जन्म लेने उपरांत माता-पिता अथवा उसके अभिभावकों को किसी बात की यदि चिंता सताती है तो वह होती है उसके शारीरिक एवं मानसिक विकास की। या यूं कहें तो नवजात शिशु का सही विकास कैसे होगा इस विषय पर माता-पिता का विशेष ध्यान रहता है। यह तो सभी को मालूम है कि 06 माह तक बच्चे को अपनी मां के दूध के अलावा अन्य कोई भी खाद्य सामग्री खिलाई अथवा पिलाई नहीं जाती है। किंतु 06 माह उपरांत बच्चे को मां के दूध के साथ-साथ अन्य खाद्य सामग्री में क्या खिलाएं और क्या न खिलाएं, इन बातों का एक भ्रम जैसा हर समय बना रहता है।

भला भ्रम पैदा हो भी क्यों न? आखिर पहले 1000 दिनों को अत्यंत महत्वपूर्ण दिन जो बताया गया है, जिसमें गर्भावस्था से लेकर जन्म उपरांत के दो वर्षों को सम्मिलित किया गया है। यही वह 1000 दिन होते हैं जिनमें शिशु का ज्यादा तर शारीरिक और मानसिक विकास हो जाता है और यदि इन 1000 दिनों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो इसके परिणाम विपरीत साबित होने का खतरा



बना रहता है। अधिक संभावना रहती है कि बच्चा या तो शारीरिक अथवा मानसिक तौर पर कुपोषण का शिकार बन जाए। जी हां, कुपोषण एक ऐसी समस्या जिसके बढ़ते हुए दायरे के जिम्मेदार कहीं न कहीं हम स्वयं बनते जा रहे हैं। इसमें या तो जागरूकता की कमी है या बच्चों के अभिभावक सही देखभाल प्रदान करने में असमर्थ नजर आ रहे हैं। विकसित भारत की राह में कुपोषण आज भी एक जटिल समस्या बनकर खड़ा है, जिससे निपट पाना नामुमकिन नहीं, लेकिन इतना आसान भी नहीं है। इसी समस्या से लड़ने के लिए केंद्र सरकार के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा पोषण अभियान की शुरुआत सन 2018 में की गई थी। जिसका आगे चलकर मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 में विलय किया गया।

यह एक एकीकृत पोषण सहायता कार्यक्रम है जिसका मुख्य उद्देश्य कुपोषण मुक्त देश का निर्माण करना है। इसके अलावा स्टंटिंग, एनीमिया आदि का खात्मा भी इसके मुख्य उद्देश्यों में सम्मिलित किया गया है।

सही पोषण की कमी एक ऐसा प्रमुख कारण है जो स्टंटिंग और एनीमिया दोनों में समान रूप से पाया जाता है। यानी हमारा सही खानपान स्टंटिंग के साथ-साथ एनीमिया पर भी प्रहार करेगा यह 100 प्रतिशत सत्य कथन है। इसलिए उपरोक्त कहा गया कि कुपोषण के कुछ प्रतिशत में बच्चों के अभिभावक ही कहीं न कहीं जिम्मेदार हैं जो बच्चों के खानपान के प्रति गंभीरता नहीं दिखाते। यदि सरकार द्वारा बताए गए वैध दिशा-निर्देशों के अनुसार बच्चों के खानपान की निगरानी रखी जाए, तो कुछ हद तक हम स्वयं ही कुपोषण को दूर भगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आएंगे। हमारा एक सही कदम कुपोषण पर वार करने का अत्यंत प्रबल हथियार हो सकता है। अंतत: हम सभी को यह ध्यान रखना है कि संतुलित एवं पौष्टिक आहार ही कुपोषण को मिटाने का एक शक्तिशाली एवं सफल हथियार है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सुधार, कथोग में कल से बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, बरोट।** बिजली उपमंडल बरोट के सहायक अभियंता राहुल ठाकुर ने जानकारी दी है कि 11 केवी सुधार फीडर और 33 केवी गवाली-टिक्कन फीडर के नीचे व आसपास पेड़ों की शाखाओं की छंटाई एवं कटाई का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के चलते 17 व 19 सितंबर को तरस्वाण, सुधार, कथोग, शिल्हबधाणी ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में बिजली पूरी तरह बाधित रहेगी। इसी प्रकार, 18 सितंबर को 33 केवी गवाली व टिक्कन फीडर के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि पधर से वैकल्पिक वायपास बिजली आपूर्ति उपलब्ध हो जाती है, तो कुछ हद तक बिजली सुचारू रह सकती है। सहायक अभियंता ने जियो, एयरटेल, बीएसएनएल सहित सभी डीजी सेट मालिकों से आग्रह किया है कि बिजली बंद रहने की स्थिति में उनके डीजी सेट की सप्लाई लाइन में वापस न आएं।

### राजकुमार को मिला राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** अयोध्या धाम में आयोजित तृतीय राष्ट्रीय रक्तदान महोत्सव के दौरान हिमाचल ब्लड टाइगर बैजनाथ महाकाल संस्था के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा को रामकृष्ण सेवा फाउंडेशन अयोध्या उत्तर प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान 2025 से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें रक्तदान और अन्य सामाजिक सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। गौरतलब है कि हिमाचल ब्लड टाइगर संस्था समय-समय पर राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में रक्तदान शिविरों का आयोजन करती है और अन्य सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाती है। संस्था के जरिए अब तक कई जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध करवाया गया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद राजकुमार शर्मा ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह सम्मान संस्था के समर्पित कार्यों का परिणाम है। इस मौके पर संस्था के सदस्यों व स्थानीय लोगों में भी खुशी की लहर है।

### विधायक ने लगाया बंदरबांट का आरोप

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में पिछले तीन वर्षो से भारी बरसात ने कई परिवारों के घर आंशिक और पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त कर दिए हैं। कई मकान तो पूरी तरह रहने योग्य नहीं बचे। भाजपा विधायक दिलीप ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर राहत वितरण में बंदरबांट का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वास्तविक प्रभावित परिवारों को अभी तक आर्थिक सहायता नहीं मिली है, जबकि चुनिंदा लोगों को ही लाभ पहुंचाया गया। विधायक ने बताया कि पंचायत भरनाल के गांव सडवाल में गरदितु के चारों पुत्रों के घर पूरी तरह तबाह हो गए, जिसके चलते ये परिवार स्कूल में शरण लिए हुए हैं। सरकार ने इन्हें मात्र एक लाख रुपये प्रति परिवार देकर औपचारिकता पूरी की है। इसके अलावा पंचायत गैहरा, खंडाहर, गदयाहड़ू, कास, घौड़ी-भटोह के कई प्रभावित परिवार अब तक राहत से वंचित हैं। विधायक ने मांग की कि प्रभावित परिवारों की सूची का पुनः सर्वे करवाकर सभी पात्र परिवारों को निष्पक्ष तरीके से राहत राशि उपलब्ध करवाई जाए।

### चमुखा में पूर्व सीपीएस ने लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर की ग्राम पंचायत चमुखा में बीते दिनों मूसलाधार वर्षा और लगातार हो रहे भूस्खलन के चलते कई मकानों को भारी नुकसान पहुंचा है। जमीन धंसने से कुछ मकानों की दीवारों में गहरी दरारें आ गई हैं और कई परिवार प्रभावित हुए हैं। इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पूर्व सीपीएस व पूर्व विधायक सोहन लाल ठाकुर रविवार को मौके पर पहुंचे और विभिन्न प्रभावित स्थलों का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और इस आपदा से हुए नुकसान पर दुख जताया। ठाकुर ने मौके पर मौजूद परिवारों को फौरी राहत के तौर पर तिरपाल वितरित किए और उन्हें भरोसा दिलाया कि सरकार व प्रशासन के माध्यम से हरसंभव मदद पहुंचाई जाएगी।

### विद्यार्थियों ने ली स्काउट एंड गाइड की शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** इंडस ग्लोबल स्कूल इंडिया मंडी में स्काउट एवं इंडस ग्लोबल स्कूल में शपथ समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रधानाचार्या सोनिया पंवार रहीं। कार्यक्रम में भारत स्काउट एवं गाइड के प्रशिक्षकगण जितेंद्र कुमार यादव (एएमटी), सुनील कुमार एचबीएस तथा नवनीत कुमार एचबीएस की विशेष उपस्थिति रही। विद्यालय के 80 छात्र-छात्राओं ने इस समारोह में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मअनुशासन, सेवाभाव, सहयोग एवं राष्ट्रीय चरित्र निर्माण जैसे गुणों का समावेश करना था। स्काउट एवं गाइड आंदोलन के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा राष्ट्र सेवा के मूल्यों से परिचित कराया गया।

### ओजोन परत के महत्व पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय प्रयोगशाला सुंदरनगर द्वारा आईटीआई सुंदरनगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्रधानाचार्य सीता राणा ने की। लगभग 50 विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। क्षेत्रीय प्रयोगशाला की कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी पूजा शर्मा ने ओजोन परत के महत्व और इस वर्ष की थीम 'विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई तक' पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ओजोन परत पृथ्वी को हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाती है और इसे संरक्षित रखना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल जैसे वैश्विक समझौतों का जिक्र करते हुए कहा कि केवल सरकार ही नहीं, बल्कि आम लोग भी जीवनशैली में छोटे बदलाव करके ओजोन को नुकसान पहुंचाने वाले रसायनों का उपयोग घटा सकते हैं। यह दिन हमें अतीत से सीख लेकर भविष्य सुरक्षित करने की प्रेरणा देता है।

### हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा देने की उठी मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद हिमाचल प्रदेश द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर एक ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. राजेंद्र सिंह चंदेल, उपकुलपति, डॉ. वाई.एस. परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौनी (सोलन) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ. अनेक राम संख्यान, वरिष्ठ मानव विज्ञानी, बिलासपुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद की राज्य अध्यक्षा डॉ. रीता सिंह ने की। गोष्ठी का संचालन राज्य प्रचार सचिव हेमराज ठाकुर ने किया, जबकि आयोजन का संयोजन उत्तम चंद शर्मा, राज्य विशिष्ट सलाहकार एवं जिला मंडी अध्यक्ष ने किया। शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ जिसे विनोद कुमार (हमीरपुर) ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात परिषद गीत का गायन हुआ। प्रदेश के विभिन्न जिलों से साहित्यकारों ने हिंदी में काव्य प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को हिंदीमय बना दिया। रचनाकारों में सोलन, बिलासपुर, ऊना, सिरमौर, कांगड़ा, लाहौल-स्पीति, कुल्लू और शिमला से प्रतिनिधित्व रहा। मुख्य अतिथि प्रो. चंदेल ने हिंदी को वैधानिक राष्ट्रभाषा का दर्जा देने की मांग करते हुए सभी क्षेत्रों में इसके उपयोग पर बल दिया।

### छोटा भंगाल व चौहार घाटी में सायर पर्व की धूम

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटा भंगाल और चौहार घाटी में हर वर्ष की भांति इस बार भी सायर महोत्सव की शुरुआत सोमवार रात से हो चुकी है। बड़ा ग्रां पंचायत के अंतर्गत देव अजियापाल युवक मंडल नालहौता के सौजन्य से 16 व 17 सितंबर को दो दिवसीय ग्रामीण मेले का आयोजन किया जा रहा है। युवक मंडल अध्यक्ष संतोष व सचिव शांता कुमार ने बताया कि मेले में कबड्डी, वॉलीबाल, घड़ा तोड़, रस्साकशी और स्कूली बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम सहित स्थानीय महिला मंडलों की नाटी भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। 16 को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लोकगायक कुलदीप कौशल मुख्य कलाकार के रूप में प्रस्तुति देंगे। उनके साथ राजेंद्र धीमान, राकेश डोगरा व ऋतिक सहयोगी कलाकार के रूप में भाग लेंगे। मेला का शुभारंभ 16 सितंबर को पंचायत उपप्रधान राजकुमार द्वारा किया जाएगा, जबकि सांस्कृतिक संध्या में जिला परिषद सदस्य पवना देवी मुख्यातिथि रहेंगी। समापन समारोह में विधायक किशोरी लाल की उपस्थिति में संपन्न होगा। ग्रामीणों और युवाओं में मेले को लेकर उत्साह का माहौल है।

### खेल स्पर्धाओं पर रोक हटाने की मांग

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** लगातार हो रही बारिश के चलते प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फिलहाल स्कूली खेल प्रतियोगिताओं पर रोक लगा रखी है। हालांकि अब इस निर्णय में संशोधन की आवश्यकता को लेकर मंडी जिला शारीरिक शिक्षक संघ ने सरकार से अपील की है। एडीपीओ श्यामलाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लगभग 15 शारीरिक शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक में महासचिव धनदेव, कोषाध्यक्ष रोहित ठाकुर, मीडिया प्रभारी चंचल, सलाहकार सी.आर. यादव, उपाध्यक्ष शेर सिंह सहित कई सदस्य शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि जिन शिक्षा खंडों में मौसम सामान्य है और मैदान खेल योग्य स्थिति में हैं, वहां पूर्व निर्धारित स्थल और कार्यक्रम के अनुसार प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी चाहिए। संघ का मानना है कि प्रतियोगिताएं लंबे समय तक स्थगित रहने से विद्यार्थियों की तैयारियों और खेल भावना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शारीरिक शिक्षक संघ ने सरकार व शिक्षा विभाग से आग्रह किया कि आदेश में आवश्यक संशोधन कर शीघ्र प्रभाव से लागू किए जाएं।

# विधायक के गले की फांस बना सत्याग्रह आंदोलन

## आठवें दिन पहुंचा अनशन, केंद्रीय सड़क राज्य मंत्री भी लौटे वापस, सांसद अनुराग ने भी नहीं की बात

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** पिछले आठ दिनों से निर्माण कंपनी के मोर्थ के अधिकारियों और हाईवे खिलाफ आमरण अनशन पर बैठे धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर के लिए उनका अनशन गले की फांस बन गया है। विधायक को पूरी उम्मीद थी आपदा को लेकर प्रदेश दौरे पर आए केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री और सांसद उनसे बात करेंगे, परंतु राज्य मंत्री कुल्लू से ही वापस दिल्ली लौट गए और सांसद ने भी विधायक के अनशन स्थल से मात्र 3 किलोमीटर दूर अधिकारियों के साथ बैठक करके वहां आना उचित नहीं समझा, यहां तक की केंद्रीय मंत्री ने विधायक के अनशन को लेकर प्रदेश सरकार को ही सवालिया निशान में खड़े कर दिया है।

केंद्रीय नेताओं के वापस लौट जाने के बाद विधायक का यह अनशन अब उनके गले की फांस बन गया है। उम्मीद थी कि केंद्रीय राज्य मंत्री अजय सिंह टम्टा नशन समाप्त करने की पहल करेंगे, परंतु उन्होंने साफ कह दिया है कि आपदा के समय जनप्रतिनिधि की भूमिका जनता के बीच रहने की होती है और एक चुने हुए नेता के नाते उनके बीच में जाकर उनके दु:ख दर्दों को ठीक करना होता है और जो भी अन्य सारी चीज होती है, वह बाद में भी ठीक की जा सकती है। उन्होंने गेंद प्रदेश सरकार के पाले में डालते हुए कहा कि डिजास्टर एक्ट जब लगा होता है तो ऐसे में यह अनशन कैसे किया जा रहा है।

विधायक चंद्रशेखर के आमरण अनशन को आज आठ दिन पूरे हो गए हैं। खबर लिखे जाने तक अनशन को 164 घंटे से अधिक हो चुके हैं और विधायक की हालत लगातार चिंताजनक बनी हुई है। बता दें कि सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) और कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ सत्याग्रह व आमरण अनशन हो रहा है।

### माकपा और भाजपा उठा चुकी है सवाल

**विधायक** के क्रमिक अनशन को लेकर माकपा और भाजपा कई सवालिया निशान लगा उठा है। अब उन्हें गलूकोज चढ़ाने को लेकर भी कई आरोप लगाए जा रहे हैं। विपक्षी पार्टियों का कहना है कि खराब सेहत का हवाला देकर विधायक अब आंदोलन छोड़ने की तैयारी में हैं।




### लगातार की जा रही स्वास्थ्य निगरानी, बढ़ा जनसमर्थन

मुख्य चिकित्साधिकारी की टीम द्वारा निरंतर स्वास्थ्य निगरानी की जा रही है। चिकित्सकीय परामर्श के उपरांत विधायक चंद्रशेखर ने ड्रिप चढ़ाने पर सहमति जताई थी, इससे पहले उनकी हालत चिंताजनक थी और वे चिकित्सकीय दृष्टिकोण से फिट नहीं माने जा रहे । अनशन स्थल पर जनसमर्थन भी लगातार बढ़ रहा है। पंचायत प्रतिनिधि व अन्य लोगों ने भी अनशन स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन व्यक्त किया।

### अब तक नहीं पहुंचा कोई भी मंत्री

**हैरानी** इस बात की है कि आंदोलन को 8 दिन हो गए परंतु अभी तक भोरंज और सुजानपुर के विधायकों के अलावा प्रदेश सरकार का एक भी मंत्री अपने विधायक का हाल-चाल पूछने नहीं आया है इसे लेकर जहां विपक्ष मौका भुना रहा है वहीं सत्ता पक्ष के लोगों और आम जनता में कई संदेह पैदा हो रहे हैं।

### अनुराग ने कंपनी को दी डेडलाइन

**सांसद** अनुराग ठाकुर ने समीरपुर में मोर्थ और निर्माण कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने इसकी जानकारी देते हुए पत्रकारों से कहा कि कंपनी के अधिकारियों से बातचीत हमने भी की है और विधायक भी जानते हैं कि बारिशों के कारण नेशनल हाईवे के निर्माण में रुकावटें हुई है कुछ कमियां कंपनी के कामकाज में भी हैं इन्हीं कमियों को देखते हुए 8-10 दिन में मौसम में सुधार होता है तो अगले तीन माह में फेज एक को पूरा करने और फेज तीन के काम में गति लाने का अधिकारियों और कंपनी को डेडलाइन दी है। सांसद अनुराग ठाकुर ने विधायक से हड़ताल खत्म करने का अनुरोध किया है।

### जुकैण में मकान गिरा बुजुर्ग महिला घायल व बच्ची ने लगाई छलांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत जुकैण के मतेहड़ी गांव में रविवार रात को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। रात लगभग 10 बजे बलबीर जी के पुराने मकान का एक हिस्सा अचानक ढह गया, जिससे पूरा मकान क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय कमरे में बुजुर्ग महिला सो रही थीं, जो मलबे की चपेट में आ गईं। गनीमत यह रही कि उन्हें केवल मामूली चोटें आई हैं। हादसे के समय मकान के ऊपरी हिस्से में एक छोटी बच्ची पढ़ाई कर रही थी। जैसे ही मकान का हिस्सा गिरा, बच्ची ने सूझबूझ दिखाते हुए नीचे छलांग लगा दी और अपनी जान बचा ली। अगर वह कुछ सेकंड भी देर करती, तो हादसा गंभीर रूप ले सकता था। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। साथ ही पंचायत और प्रशासन को भी सूचित किया गया। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षतिग्रस्त मकान की उचित जांच व आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

# सुंदरनगर के लोगों को बिजली की तारों के जंजाल से मिलेगी निजात

- वर्ल्ड बैंक ने स्वीकृत की 46.47 करोड़ की योजना
- विधायक जम्वाल ने मोदी सरकार का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल की सबसे बड़ी नगर परिषद सुंदरनगर के लोगों को अब बिजली की तारों के जंजाल से राहत मिलने जा रही है। इसके लिए वर्ल्ड बैंक ने सुंदरनगर शहर के लिए 46.47 करोड़ रुपए की योजना स्वीकृत कर दी है।

यह बात मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एव विधायक राकेश जम्वाल ने कही।



उन्होंने कहा कि हिमाचल के प्रमुख और बड़े शहरों में गिने जाने वाले सुंदरनगर, जो प्रदेश की सबसे बड़ी नगर परिषद है को अब बिजली की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि भाजपा की जयराम सरकार के समय 2019 में इस समस्या के समाधान के लिए एक बड़ी योजना बनाई गई थी। इसकी डीपीआर तैयार कर 2021 में वर्ल्ड बैंक को भेजी गई थी। उस समय यह योजना वर्ल्ड बैंक ने स्वीकृत की और 46.47 करोड़ रुपए की लागत से इसे मंजूरी दी गई। इस योजना के तहत शहर की 33 केवी और 11 केवी की बिजली लाइनों को अंडरग्राउंड किया जाएगा तथा आधुनिक ट्रांसफार्मर डीजी सेट की तर्ज पर लगाए जाएंगे।

राकेश ने कहा कि घनी आबादी वाले क्षेत्रों में तारों का जंजाल लंबे समय से लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ था। अब इन पुराने तारों की जगह भूमिगत केबल बिछाई जाएगी। इससे न केवल दुर्घटनाओं का खतरा समाप्त होगा बल्कि शहर की खूबसूरती भी बढ़ेगी और बिजली की आपूर्ति निर्बाध तरीके से संभव होगी। उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और इस समय सर्वे का काम चल रहा है। उन्होंने पीएम मोदी का विशेष धन्यवाद किया और कहा कि यह केंद्र सरकार की संवेदनशीलता और सहयोग का ही परिणाम है।

### ईशान का सैनिक स्कूल में चयन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** माउंट मॉर्या इंटरनेशनल स्कूल, झलवान के लिए यह एक और ऐतिहासिक क्षण है, क्योंकि स्कूल के होनहार छात्र ईशान ठाकुर ने सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा की प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। उनका कक्षा 6 में चयन हुआ है, जो न सिर्फ विद्यालय के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।सैनिक स्कूल अपनी अनुशासित शिक्षा प्रणाली और चरित्र निर्माण के लिए जाने जाते हैं। इन स्कूलों में छात्रों को भविष्य में रक्षा सेवाओं और समाज के अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए तैयार किया जाता है। विद्यालय के प्राचार्य योगेश ठाकुर ने इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ईशान की यह सफलता उसकी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन का नतीजा है। विद्यालय के निदेशक मनोज ठाकुर ने कहा कि ईशान ने अपनी लग्न और इच्छा शक्ति से स्कूल का नाम रोशन किया है। शिक्षकों ने ईशान को हमेशा से एक मेहनती और अनुशासित छात्र बताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्र, अभिभावक और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

# हिमाचल एग्रीकल्चर इनपुट ने आपदा प्रभावित किसानों के लिए शुरू किया मुफ्त न्यूट्रीशन वितरण अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



आपदा प्रभावित किसानों को फ्री न्यूट्रीशन वितरण करते हुए।

हिमाचल प्रदेश के सराज क्षेत्र में हाल ही में आई आपदाओं से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। खेतों में खड़ी फसलें नष्ट हुई और कई जगहों पर मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित हुई। ऐसे मुश्किल समय में किसानों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से हिमाचल ऐग्रीकल्चर इनपुट ने अपनी घोषणा के अनुरूप सोमवार को बगस्याड स्थित स्टोर से मुफ्त न्यूट्रीशन वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की।

कंपनी के निदेशक संजय भारद्वाज ने बताया कि इस अभियान के तहत सराज क्षेत्र के 500 किसानों को भूमिगोल्ड उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल एग्रीकल्चर इनपुट हमेशा किसानों के साथ खड़ा रहा है और कठिन समय में किसानों की आर्थिक एवं उत्पादन संबंधी समस्याओं को दूर करना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर कंपनी के सलाहकार डॉ. रामनाथ ठाकुर ने किसानों को भूमिगोल्ड के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह उत्पाद मिट्टी को पोषण देने के साथ-साथ पौधों की वृद्धि के लिए भी लाभकारी है। किसान इसे हर फसल में उपयोग कर सकते हैं, जिससे उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में सुधार होगा। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे प्राकृतिक आपदा से कमजोर हुई मिट्टी को फिर से जीवंत बनाने के लिए इस पोषण को अपनाएं। कार्यक्रम में स्टोर प्रबंधक प्रेम ठाकुर ने बताया कि कंपनी लगातार किसानों तक नवीनतम तकनीक और उत्पाद पहुंचाने का प्रयास कर रही है, ताकि प्रदेश का कृषि और बागवानी क्षेत्र और अधिक मजबूत हो, वहीं प्रगतिशील किसान बाल किशन ठाकुर ने इस पहल को किसानों के लिए राहतकारी करार दिया और कहा कि ऐसे प्रयास किसानों का आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस मौके पर क्षेत्र के कई अन्य किसान भी उपस्थित रहे, जिन्होंने हिमाचल ऐग्रीकल्चर इनपुट की इस पहल की सराहना की और इसे कठिन परिस्थिति में किसानों के लिए एक बड़ा सहारा बताया।

# डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल मंडी में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ

## 27 तक हिंदी में होगी प्रार्थना सभा व स्कूल कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी में हिंदी विभाग की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला हिंदी पखवाड़ा इस वर्ष भी बड़े हर्ष और उल्लास के साथ आरंभ हुआ। पखवाड़े का शुभारंभ सोमवार को हुआ, जिसमें सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी जोन सी व प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रारंभिक कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्ण प्रार्थना सभा हिंदी में संपन्न हुई। कार्यक्रम का मंच संचालन हिंदी अध्यापक सुनील कुमार ने किया तथा हिंदी के महत्व पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए।



डीएवी मंडी में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि व मौजूद गणमान्य।

विभागाध्यक्ष शर्मीला भारद्वाज ने पखवाड़े की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह आयोजन 14 से 28 सितंबर तक चलेगा, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए विविध प्रतियोगिताएं व गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। पखवाड़े के दौरान 27 सितंबर तक प्रतिदिन की प्रार्थना सभा व विद्यालय के सभी कार्य हिंदी भाषा में ही किए जाएंगे। विभिन्न कक्षाओं में सुलेख, अनुच्छेद लेखन, पत्र लेखन, संवाद लेखन, सूचना लेखन, विज्ञापन लेखन और ई-मेल लेखन प्रतियोगिताएं होंगी।

19 सितंबर को कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों के लिए हिंदी कविता प्रतियोगिता आयोजित होगी। 20 को कक्षा 6 और 7 के लिए लेखक परिचय अभिनय प्रतियोगिता होगी। 26 को कक्षा 3 से 5 के लिए हिंदी शब्दकोश प्रतियोगिता तथा 27 सितंबर को कक्षा 8 व 9 के लिए पॉडकास्ट प्रतियोगिता एवं कक्षा 10 से 12 के लिए काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। समापन समारोह 27 को ही संपन्न किया जाएगा। इस अवसर पर हिंदी अध्यापिका माधवी कपूर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं संवर्धन के लिए प्रेरित किया और बताया कि पखवाड़े के दौरान संपूर्ण गतिविधियां हिंदी में आयोजित होंगी।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि केएस गुलेरिया ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को हिंदी भाषा की महत्ता से अवगत कराते हुए इसे राष्ट्रभाषा और राजभाषा के रूप में और अधिक सशक्त बनाने के लिए सदैव प्रयासरत रहने का संदेश दिया।

# 92 वर्षीय संत राम राही जीवन के खास मौके को आज मनाएंगे, परिवार व समाज में खुशी की लहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

92 वर्षीय संत राम राही, जोकि पूर्व मुख्य अध्यापक रहे हैं, अपने जीवन के इस महत्वपूर्ण पड़ाव को अपने परिवार के साथ धूमधाम से मनाएंगे। संत राम राही का योगदान शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य रहा है और उन्होंने अपने जीवन भर अपने परिवार, गांव और प्रदेशवासियों के लिए हमेशा सेवा की भावना से काम किया है।

संत राम राही के पांच भाई हैं, जिनमें से कई अफसर बने हैं और उनके पांच बेटों में से चार बेटे और बहुएं भी सरकारी क्षेत्र में शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इनके सबसे बड़े बेटे चमन राही 45 सालों से समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत हैं और पंचायत प्रधान, ब्लॉक समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य भी रह चुके हैं। संत राम राही का परिवार मंगलवार को उनके साथ मिलकर उनकी खुशी में शरीक होगा। उनके पोते और दत्तक पोते भी इस आयोजन में शामिल होंगे और यह दिन उनके जीवन का खास पल होगा। संत राम राही ने अपनी मेहनत और संघर्ष के साथ न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया, बल्कि अपने गांव के बच्चों के लिए भी मार्गदर्शन दिया।



- समाज और गांव के बच्चों के लिए मार्गदर्शन का रहा जीवन भर उद्देश्य

### शिक्षा को लेकर जागरूकता और समर्पण का संदेश

**संत** राम राही ने हिमाचल प्रदेश और विशेष रूप से मंडी जिले के लोगों को बधाई दी और कहा कि उनका जीवन सच्चे समाजसेवी और शिक्षक का उदाहरण है। उन्होंने समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और समर्पण का संदेश दिया है, जो आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

### 35 क्लास-वन अफसरों का योगदान

**संत** राम राही के द्वारा पढ़ाए गए विद्यार्थियों में से 35 से अधिक ने क्लास-वन अफसर बनने की उपलब्धि हासिल की है। इन बच्चों के लिए वह हमेशा एक आदर्श बने रहे हैं। उनके योगदान को लेकर संत राम राही ने कहा कि मैं खुश हूं कि मेरे द्वारा सिखाए गए बच्चों ने समाज के निर्माण में अपना योगदान दिया है और हम सब मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में और भी बुलंदियां हासिल करेंगे। अब मेरी दिली तमन्ना है कि मेरे सबसे प्रिय बेटे चमन राही समाजसेवा के क्षेत्र में बुलंदियां छुए और मेरा और परिवार का नाम रोशन करे।

**त्योहार** पेठू पूजन से लेकर अखरोट खेलने की रही है परंपरा, भादो माह का समापन व लोक आस्थाएं

# नई फसल के आगमन का प्रतीक है सायर पर्व

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** प्राचीन मंदिरों की नगरी मंडी, जिसे छोटी काशी के नाम से भी जाना जाता है, सायर पर्व की तैयारियों में रंगी हुई है। ऋतु परिवर्तन और नई फसल के आगमन का प्रतीक यह पर्व मंगलवार को पूरे जनपद में उल्लास व आस्था के साथ मनाया जाएगा।

इस वर्ष बरसात मंडी के लोगों को गहरा नुकसान दे गई, लेकिन अब लोग धीरे-धीरे उस सदमे से उबरकर उत्सव की तैयारियों में जुट गए हैं। सेरी मंच पर सजी दुकानों में खरीदारी का विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। जिला मंडी में इस अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित है।

सायर पर्व को अनाज पूजा का पर्व भी कहा जाता है। इस दिन पेठू की पूजा का विशेष महत्व है। किसान अपने खेतों से आई नई फसल जैसे मक्की, धान, तिल, कोठा और गलगल की भी पूजा करते हैं और ईश्वर से भरपूर पैदावार की कामना करते हैं। यह परंपरा ग्रामीण जीवन में भूमि और श्रम के महत्व को दर्शाती है। पर्व पर बड़े-बुजुर्गों को अखरोट और द्रुब (दूर्बा) देकर आशीर्वाद लेने की परंपरा निभाई जाती है, जिसे सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। बच्चे व युवा इस दिन अखरोट खेलते हैं। हालांकि, मक्की व अखरोट का सेवन इस दिन निषिद्ध माना गया है।

सायर पर्व का विशेष महत्व भादो माह से जुड़ा है, जिसे स्थानीय परंपराओं में 'काला महीना' कहा जाता है। इस अवधि में नई नवेली दुल्हनें मायके में रहती हैं और आश्विन मास की सक्रांति यानि सैर के दिन वे ससुराल लौटती हैं। लोक आस्थाओं के अनुसार भादो माह में ग्राम देवता अपने मंदिरों से निकलकर द्रंग क्षेत्र की घोघरधार में डायनों से युद्ध करने जाते हैं।

सायर पर्व के दिन उनकी वापसी होती है और गूरों द्वारा इस दिव्य युद्ध का वर्णन सुनाया जाता है। यह परंपरा न केवल धार्मिक विश्वास को जीवित रखती है बल्कि सामुदायिक एकता को भी मजबूत करती है।



### डीसी ने सायर पर्व की दी शुभकामनाएं

**उपायुक्त** अपूर्व देवगन ने जिलावासियों को सायर पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लेकर आए तथा सामाजिक एकजुटता की परंपरा को और मजबूती प्रदान करें।

### ग्रामीण संस्कृति का जीवंत उत्सव

**यह** पर्व खेत-खलिहानों की उपज, पशुधन और लोक रीति-रिवाजों का सामूहिक उत्सव है। ढोल-नगाड़ों की थाप, पारंपरिक गीत और लोक नृत्य इसकी रौनक को और बढ़ा देते हैं। गांवों में सामूहिक भोज और मेल-जोल का विशेष माहौल बनता है, जो पीढ़ियों से चली आ रही परंपराओं को नई ऊर्जा देता है।

### परंपरा व आधुनिकता का संगम

आज जब जीवनशैली तेजी से बदल रही है, ऐसे समय में का यह त्योहार लोगों को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़े रखने का अवसर देता है। मंडी जनपद में यह पर्व केवल धार्मिक आस्था ही नहीं बल्कि सामाजिक मेल-जोल और सांस्कृतिक पहचान का भी प्रतीक है। नई फसल, आस्था और संस्कृति का यह संगम मंडी की जीवंत परंपरा को सहेजने के साथ आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाता है।

### 4 दिवसीय सायर मेला 19 से

**अनंत ज्ञान, पधर।** चौहारघाटी की ग्राम पंचायत ध्मच्याण के थलटूखोड़ में चार दिवसीय सायर मेला 19 सितंबर से शुरू होगा। घाटी के पहाड़ी बजीर आराध्य देव पशाकोट मेले में विशेष रूप से शिरकत कर शोभा बढ़ाएंगे। मेला कमेटी प्रधान राजकुमार ने बताया कि मेले का शुभारंभ प्रवक्ता कुंती चंदेल बतौर मुख्यातिथि करेंगी। वहीं 22 सितंबर को समापन समारोह में द्रंग ब्लाक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बामन देव ठाकुर मुख्यातिथि होंगे। मेले के दौरान दो आकर्षक सांस्कृतिक संध्याएं भी आयोजित की जाएंगी, जिनमें स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहरी कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।



## न्यूज ब्रीफ

### लोक कल्याण मेला 17 व 18 को ऊना में

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 17 व 18 सितंबर को एक विशेष अभियान के अंतर्गत नगर निगम ऊना के कार्यालय सभागार में लोक कल्याण मेले का अयोजन किया जा रहा है। नगर निगम ऊना के आयुक्त व एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने जानकारी दी कि लोक कल्याण मेले का मुख्य मकसद पथ विक्रेताओं एवं स्ट्रीट वेंडर्स को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाना और उनकों डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ना है। एडीसी ने बताया कि लोक कल्याण मेले के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नए आवेदनकर्ताओं का पंजीकरण, स्वीकृत ऋणों का वितरण, बैंक से लौटे आवेदन प्रक्रियाओं का पुनः संचालन, लंबित आवेदन स्वीकृति में सहायता, डिजिटल ऑनबोर्डिंग के माध्यम से लाभार्थियों का पंजीकरण किया जाएगा और एफएसएसएआई के सहयोग से स्ट्रीट फूड वेंडर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने नगर निगम ऊना से पंजीकृत सभी पथ विक्रेताओं से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ उठाएं।

### केमिकल हटाने के लिए डाली रेत बनी समस्या

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** औद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल-अमराली मार्ग पर सरकारी स्कूल की कुछ दूरी पर सोमवार को केमिकल के टैंकर गुजरने से सड़क पर केमिकल गिर गया। इससे किसी को कोई नुकसान न हो तो लोक निर्माण विभाग ने उसके ऊपर रेत डाल दी, लेकिन रेत राहगीरों के लिए काफी परेशान कर रही है। दोपहिया वाहन चालक ज्यादा परेशान हो रहे हैं, जैसे इसके पास से व उनके आगे कोई गाड़ी गुजरती है तो धूल मिट्टी स्कूटर, मोटरसाइकिल चालक की आंखों में पड़ रही है और आगे कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा। इससे आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है, जिससे कोई अनहोनी भी हो सकती है। राहगीरों व स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग पर डाली गई मिट्टी को हटाकर इसका कोई और तरीका अपनाया जाए और किसी भी प्रकार की होने वाली अनहोनी से बचा जा सके। लोक निर्माण विभाग टाहलीवाल के जेई गुलशन कुमार ने बताया कि यह मामला मेरे ध्यान में नहीं है, लेकिन फिर भी में इसको जल्द ठीक करवाने की कोशिश करूंगा।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता में वंशिका प्रथम



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** एसडीडब्ल्यूजी राजकीय महाविद्यालय बीटन में हिंदी दिवस बड़े उत्साह और उत्सव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता गोयल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. रीना ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता और संस्कृति की धड़कन है। कार्यक्रम के अंतर्गत वाद-विवाद व भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, बीएससी द्वितीय वर्ष की वंशिका ने तथा द्वितीय स्थान बीए द्वितीय वर्ष के अर्जुन ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष की वंशिका ने, द्वितीय स्थान बीए प्रथम वर्ष की सिमरन ने तथा तृतीय स्थान बीए प्रथम वर्ष की समीक्षा ने प्राप्त किया। कॉलेज की प्राचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए हिंदी के प्रचार व प्रसार को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीना चंदेल द्वारा किया गया। समारोह में कॉलेज के सभी प्राध्यापक व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### नगनौली गांव में 65 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, हरोली।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा हरोली द्वारा सोमवार को गांव नगनौली में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा मेडिकल कैंप का सफल आयोजन किया। सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन व प्रयास संस्था की देखरेख में चल रहे इस कैंप ने ग्रामीणों को घरद्वार पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाईं। स्वास्थ्य टीम द्वारा कुल 65 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें 8 मरीज ब्लड प्रेशर के मिले, 8 मरीज शुगर के पाए गए। 19 मरीज जोड़ों के दर्द से ग्रसित निकले। ग्रामीणों ने बताया कि यह कैंप उनके लिए बेहद उपयोगी साबित हुआ है, क्योंकि नजदीकी अस्पताल तक पहुंचना उनके लिए कठिन होता है। टीम में डॉ. प्रदीप कुमार, रुचि शुक्ला, मनीष ठाकुर और निहाल सिंह शामिल रहे, जिन्होंने पूरी निष्ठा व सेवा भाव से मरीजों का परीक्षण व परामर्श किया। ग्रामीणों ने सांसद व प्रयास संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल गांव-गांव में स्वास्थ्य सेवाओं की नई उम्मीद जगाती है।

### जनसेवा ही मेरा धर्म है, राजनीति नहीं: सत्या देवी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला परिषद सदस्य सत्या देवी ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि उनके लिए राजनीति का मतलब सिर्फ और सिर्फ जनसेवा है, न कि दलगत सीमाओं में बंधकर कार्य करना। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर- पांच की सभी 17 पंचायतों को सरकार द्वारा सरकारी बजट के तहत विकास कार्यों के लिए बिना किसी भेदभाव के धन उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी पंचायत प्रतिनिधि ने जब भी उनसे विकास कार्यों के लिए बजट की मांग की, तो उन्होंने बिना विलंब सहायता की। मैं भेदभाव की राजनीति में विश्वास नहीं रखती, उन्होंने कहा, मेरे कार्य खुद इसकी जानकारी देते हैं। सत्या देवी ने बताया कि जब पंचायत प्रधानों से बजट के उपयोग की जानकारी ली गई, तो यह सामने आया कि कुछ पंचायतों ने कार्य पूर्ण कर दिए हैं, कुछ ने शुरू कर दिए हैं, लेकिन कुछ पंचायतें अब तक केवल शुरुआत करने के बारे में आश्वासन दिया है। उन्होंने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, जब बजट समय पर दिया गया है, तो कार्यों में देरी क्यों? यह स्थिति अत्यंत निराशाजनक है।

### भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अभियंता दिवस (इंजीनियर्स डे) दिवस पर लोनिवि अर्की में महान अभियंता व भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को लोकनिर्माण विभाग विश्रामगृह में श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर एक्सइएन कृष्ण कांत चौहान, एसडीओ राजेश कुमार सेठी, जेई धनी राम ठाकुर, राकेश कुमार, सर्वेयर मोहित व अन्य कर्मचारियों ने स्वर्गीय एम विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किए गए।

### टेनिस प्रतियोगिता के लिए हुआ खिलाड़ियों का ट्रायल

**अनंत ज्ञान, सराहां।** गुजरात के गांधीनगर में 9 से 13 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले तृतीय सीनियर राष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला सिरमौर के पच्छाद उपमंडल मुख्यालय सराहां में खिलाड़ियों के ट्रायल आयोजित किया गया। हिमाचल टी-10 टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष यदुराज चौहान व सिरमौर जिला अध्यक्ष देवराज पुंडीर (चिप्पी) ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की राज्य टीम की घोषणा चंबा और शिमला जिलों में होने वाले ट्रायल के बाद 25 सितंबर को शिमला में होगी। सराहां की क्रिकेट अकादमी मैदान में युवतियों व युवक दोनों वर्ग के खिलाड़ियों के ट्रायल लिए गए। इसमें पुरुष वर्ग में रोहित शर्मा ऑल राउंडर प्लेयर, शौर्य पुंडीर ऑल राउंडर प्लेयर, अनुज गौतम विकेटकीपर व बैट्समैन, क्षितिज गौतम ऑल राउंड प्लेयर, अंकित नेहरू बैट्समैन व सुरेश कुमार बैट्समैन ने ट्रायल दिया वहीं, महिला वर्ग में ज्योतिका ऑल राउंड प्लेयर, सिमरन व रिया शर्मा ने बॉलर ने ट्रायल दिया। राज्य टीम के चयन के लिए अगला ट्रायल जिला चंबा में 21 सितंबर को डलहौजी क्रिकेट अकादमी बकरोता और जिला शिमला में भी 21 सितंबर को भट्टाकुफर, ग्राउंड शिमला में आयोजित होगा। सिरमौर जिला अध्यक्ष देवराज पुंडीर (चिप्पी) ने बताया कि प्रदेश के तीनों स्थानों पर ट्रायल प्रक्रिया पूरी होने के बाद महिला व पुरुष वर्ग की चयनित खिलाड़ी टीम के रूप तृतीय सीनियर राष्ट्रीय टी-10 टेनिस क्रिकेट चैंपियनशिप गांधी नगर अहमदाबाद में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### विनय कुमार आज से सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 16 से 18 सितंबर तक जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि विधानसभा उपाध्यक्ष 16 सितंबर को प्रातः 11 बजे डीसी कार्यालय नाहन में अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुकाजी मेला के आयोजन को लेकर होने वाली बैठक की अध्यक्षता करेंगे तथा दोपहर बाद 4 बजे धारटीधार में मानसून प्रभावित गांवों का दौरा करेंगे तथा जन समस्याएं सुनेंगे। उपाध्यक्ष 17 सितंबर को दोपहर बाद 4 बजे चोकर में मानसून प्रभावित गांवों का दौरा करेंगे तथा जन समस्याएं सुनेंगे तथा उपाध्यक्ष 6 बजे नोहराधार में भी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनेंगे। उन्होंने बताया कि उपाध्यक्ष 18 सितंबर को प्रातः 10 बजे चोरास में तथा दोपहर 1 बजे हरिपुरधार में मानसून प्रभावित गांवों का दौरा कर क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनेंगे। इसके उपरांत उपाध्यक्ष 4 बजे संगड़ाह में भी क्षेत्रवासियों की समस्याओं का निराकरण करेंगे।

# दोबड़ और प्रोइयां में पेयजल संकट के बीच युवाओं की पहल बनी सहारा

## नीरज परमार की टीम पंचायतों के सरकारी स्कूलों के साथ घर-घर दे रही पानी की सप्लाई

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



कुटलैहड़ के अंतर्गत आने वाली प्रोइयां और दोबड़ पंचायत में पेयजल सप्लाई करने जुटे स्वयंसेवी।

**बंगाणा।** कुटलैहड़ के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दोबड़ और प्रोइयां में पिछले कई दिनों से पेयजल संकट गहराता जा रहा है।

गांवों के हैंडपंप और पाइप लाइनें खराब हो चुकी हैं। इस कारण स्थानीय लोगों को पेयजल की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे समय में युवा नेता नीरज परमार अपने साथियों के साथ आगे आए हैं और उन्होंने इन पंचायतों के सैकड़ों परिवारों तक टैंकरों के माध्यम से घरद्वार पर मुफ्त पानी उपलब्ध कराना शुरू किया है। युवा नेता नीरज परमार ने बताया कि यह सेवा लगातार पिछले 13 दिनों से जारी है, अब तक उनकी टीम द्वारा 50 से अधिक टैंकर प्रभावित परिवारों तक पहुंचाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि जब तक पेयजल योजना पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो जाती, तब तक लोगों को मुफ्त पेयजल सप्लाई जारी रहेगी, जहां टैंकर नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहां भी टीम ने हार नहीं मानी और टुल्लू पंप व प्लास्टिक पाइप की मदद से घर-घर पानी पहुंचाया है। इस कार्य में नीरज परमार के साथ स्थानीय युवाओं की एक बड़ी टीम लगातार सक्रिय है। इनमें गणेश कुमार, परवीन, उदय सिंह, दीपक परमार, मंजीत सिंह, लाडी, अनमोल, लवकेश कुमार, बलराज, मनु पंडित, शिवम परमार, इशू कुमार, पंकज कुमार, बोधराज जसवाल और निखिल कुमार जैसे दर्जनों नाम शामिल हैं। ये सभी युवक सुबह से देर शाम तक गांवों में दौड़-भाग कर रहे हैं, ताकि किसी भी परिवार को पीने के पानी की कमी न हो। स्थानीय लोगों ने भी इस सेवा की सराहना करते हुए कहा कि जहां प्रशासनिक स्तर पर पेयजल योजना को बहाल करने में समय लग रहा है। वहीं, युवा नेता नीरज परमार और उनकी टीम ने राहत पहुंचाकर जनसेवा का एक बड़ा उदाहरण पेश किया है। बुजुर्ग महिलाओं और बच्चों ने खुशी जताते हुए कहा कि अगर ये युवा आगे न आते तो उन्हें कई किलोमीटर दूर से पानी ढोकर लाना पड़ता। नीरज परमार ने इस अवसर पर कहा कि जनता की सेवा उनका पहला कर्तव्य है। यह काम किसी राजनीति या दिखावे के लिए नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी से प्रेरित होकर किया जा रहा है। उनका मानना है कि आपदा या संकट की घड़ी में सभी को मिलकर काम करना चाहिए, तभी समाज मजबूत बन सकता है।

युवाओं की इस पहल ने न केवल लोगों की मूलभूत समस्या हल की है, बल्कि ग्रामीणों में सहयोग और एकजुटता की भावना भी जागृत की है। नीरज परमार और उनकी टीम का यह अभियान इस बात का प्रमाण है कि जब युवा अपनी ऊर्जा समाजसेवा में लगाते हैं, तो किसी भी कठिनाई को पार किया जा सकता है। गांव के लोग उम्मीद जता रहे हैं कि प्रशासन भी जल्द इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए कदम उठाएगा।

# लड़ोली और मैड़ी खास में दी सरकारी योजनाओं की जानकारी



अंब उपमंडल की लड़ोली और मैड़ी खास पंचायतों में जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सूचना व जनसंपर्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के पहले चरण के दूसरे दिन सोमवार को आरके कलामंच, चिंतपूर्णी ने अंब उपमंडल की लड़ोली और मैड़ी खास पंचायतों में जनजागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस दौरान कलाकारों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं, जनकल्याणकारी नीतियों, उपलब्धियों तथा नशामुक्त अभियान से अवगत करवाया। कार्यक्रम में कलाकारों ने जानकारी दी कि अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत यदि स्वर्ण जाति का कोई युवक अथवा युवती अनुसूचित जाति वर्ग में विवाह करता/करती है, तो प्रदेश सरकार द्वारा दंपत्ति को 50,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करती है। यह योजना समाज से छुआछूत जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के उद्देश्य से चलाई गई है। इसके लिए दंपत्ति को जाति प्रमाण पत्र, हिमाचली प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, जन्मतिथि प्रमाण पत्र, राशन कार्ड की प्रति, आधार कार्ड, विवाह का फोटो तथा संबंधित जिला कल्याण अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, नाट्यदल के कलाकारों ने बताया कि अनुवर्ती कार्यक्रम योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र लाभार्थियों को आजीविका के साधन उपलब्ध करवाने के लिए सरकार की ओर से आर्थिक सहायता दी जाती है।

# जीएसटी को लेकर सांसद अनुराग आज करेंगे व्यापारियों के साथ बैठक

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाजपा जिला प्रवक्ता विनय शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर 16 सितंबर को दोपहर 3:15 बजे भाजपा कार्यालय, ऊना में व्यापारी वर्ग के साथ विशेष बैठक करेंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) में हुए संशोधनों पर विस्तृत चर्चा करना है।

अनुराग इस अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा किए गए सुधारों, व्यापारियों को मिलने वाले लाभ, कर प्रणाली की पारदर्शिता और सरलता के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। बैठक के दौरान व्यापारी वर्ग को अपनी जिज्ञासाएं व सुझाव रखने का अवसर भी मिलेगा, जिससे सरकार और व्यापारियों के बीच बेहतर संवाद स्थापित हो सकें। विनय शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने जीएसटी में निरंतर सुधार करते हुए इसे वन नेशन, वन टैक्स की भावना के अनुरूप सरल व पारदर्शी बनाया है। छोटे व्यापारियों व उद्यमियों को राहत देने के लिए कंपोजीशन स्कीम, ऑनलाइन रिटर्न सिस्टम में सुधार, टैक्स स्लैब में कमी व समय पर रिफंड की व्यवस्था जैसे कदम उठाए गए हैं। इन सुधारों से व्यापारियों को सुविधा मिली है और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्राप्त हुई है। वहीं, दूसरी ओर, कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कर व्यवस्था अत्यधिक जटिल, भ्रष्टाचारपूर्ण और अव्यवस्थित रही। विभिन्न करों की भरमार से व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। न तो पारदर्शिता थी और न ही व्यापारियों के हितों का ध्यान रखा जाता था। कांग्रेस की नीतियां केवल बोझ बढ़ाने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का कार्य करती थीं। विनय शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने न केवल इन कमियों को दूर किया है, बल्कि व्यापारी वर्ग को सम्मान और सुविधा प्रदान की है।

# मैहतपुर में ट्रक के टायर जले, लाखों रुपए का नुकसान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना के चंडीगढ़-धर्मशाला हाइवे पर मेहतपुर में अचानक आग लगने से ट्रक के टायर जल कर राख हो गए। आग से लाखों का नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड ऊना की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। ऊना के मैहतपुर बैरियर के समीप में रविवार को अचानक ही ट्रक के टायर में आग लगी थी। अचानक धमाका होने के साथ ही टायरों में आग लग गई। फायर ब्रिगेड ऊना को आग की सूचना दी गई। फिर फायर ब्रिगेड ने ट्रक के टायर की आग बुझाई। ट्रक नंगल से कांगड़ा को जा रहा था। ट्रक में समान लोड था। ट्रक दीपक कुमार चला रहा था। अग्निशमन केंद्र आधिकारी अशोक राणा ने बताया कि ट्रक के टायरों की आग को पूर्णत बुझा दिया गया है। ट्रक जलने से बचा लिया गया। ट्रक से तेल की टंकी को भी आग की चपेट में आने से बचाया गया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

# विवेक ने पीड़ित परिवारों को दी आर्थिक मदद

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



विधायक विवेक शर्मा पंचायत रायपुर मैदान में पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद देते हुए।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाओं व भारी बरसात के चलते कई परिवारों को गंभीर नुकसान झेलना पड़ा है।

इसी कड़ी में क्षेत्र की पंचायत रायपुर मैदान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता व राहत सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा स्वयं मौजूद रहे और उन्होंने प्रभावित परिवारों की समस्याओं को न केवल सुना, बल्कि उनके नुकसान का स्थानीय स्तर पर आकलन भी किया। विधायक ने कहा कि इस कठिन समय में सरकार व प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि हर पीड़ित परिवार तक राहत सामग्री और आर्थिक मदद समय पर पहुंचे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी परिवार को अकेला महसूस नहीं होने दिया जाएगा। मेरा कुटलैहड़, मेरा परिवार की सोच को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक अंतिम परिवार तक मदद नहीं पहुंच जाती, तब तक यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। इस मौके पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, और आम नागरिक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

राहत वितरण कार्यक्रम में राशन किट, कपड़े, आवश्यक घरेलू सामान और नकद सहायता उपलब्ध करवाई गई। विधायक ने कहा कि यह केवल प्रारंभिक मदद है, आगे चलकर नुकसान का विस्तृत आकलन कर प्रभावित परिवारों को सरकार की ओर से उचित आर्थिक मुआवजा दिलवाया जाएगा। रायपुर पंचायत के मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान प्रभावित परिवारों ने विधायक के प्रयासों की सराहना की और कहा कि उनकी मौजूदगी से पीड़ित लोगों का मनोबल बढ़ा है। कई परिवारों ने बताया कि प्राकृतिक आपदा के चलते उनका घर, पशुशाला और खेतीबाड़ी की जमीन बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिसकी भरपाई जल्द संभव नहीं, लेकिन सरकार व क्षेत्रीय नेतृत्व द्वारा दी जा रही मदद से उम्मीद जगी है कि कठिनाई के इस दौर को पार किया जा सकेगा। विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि नुकसान का सही-सही आकलन करके तत्काल रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को जल्द सरकारी राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में राजनीति नहीं, बल्कि सेवा व सहयोग की भावना सर्वोपरि है।

# कबड्डी, वॉलीबाल रहेंगे प्रमुख खेल

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दशहरा उत्सव समिति ओर ग्राम पंचायत दाड़लाघाट के संयुक्त तत्वावधान में आगामी तीन दिवसीय दशहरा उत्सव को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्सव को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में इस बार ओपन खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। इसमें कबड्डी और वॉलीबाल प्रमुख खेल रहेंगे। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गत वर्षों की भांति स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा लोकनृत्य, समूह गान, एकल गीत और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेंगी। मेला कमेटी प्रधान राजेश गुप्ता ने कहा कि जब सभी लोग मिल-जुलकर सहयोग करेंगे तभी मेला और भी सुंदर और आकर्षक बनेगा। इसके अतिरिक्त रात्रि सांस्कृतिक संध्या में हारमोनी ऑफ पाइन पुलिस बैंड को आमंत्रित करने पर भी विचार किया गया।



मेले के शुभारंभ पर पहुंचे मुख्यातिथि का स्वागत करते डायनामिक इंडिया युवा मंडल के सदस्य।

# विजेता गौरव व सुरेश शर्मा ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डायनामिक इंडिया युवा मंडल द्वारा आयोजित 21वां हिमाचल उत्सव का आगाज ऐतिहासिक ठोडो मैदान में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

इस अवसर पर युवा मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पंकज सूद, संस्थापक उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा और संस्थापक महासचिव कीर्ति कौशल ने पूजा-अर्चना की अगुवाई की। वहीं, युवा मंडल के सदस्य अंकुश सूद, मनोज ठाकुर, रितु दमन सिंह, डॉक्टर कुशल तिवारी, कुलदीप, विजय, भानू, विशाल सूद, अजय भाटिया सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

पहली सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम में मुख्य कलाकार के रूप में पीटीसी वॉयस ऑफ पंजाब विजेता गौरव व लोकप्रिय नाटी गायक सुरेश शर्मा ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

# पिकअप से 40 हजार चोरी का आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

रोहड़ू निवासी मेघुराम ने पुलिस थाना परवाणू में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 10 सितंबर को यह सेब छोड़ने मंडी परवाणू गए हुए थे, जहां से यह मंडी में सेब छोड़ने के बाद राशन लेने के लिए परवाणू बाजार चला गया और अपनी मोहिंद्रा पिकअप को परवाणू में तक्ष इंटरप्राईजेज के समीप खड़ी करके राशन लेने बाजार चले गए, जब यह राशन लेकर वापस अपनी मोहिंद्रा के पास आए, तो देखा कि ड्राइवर वाली सीट के पीछे रखे 40,000 रुपए की नकदी को कोई नामालूम व्यक्ति चोरी करके ले गया।

इस पर पुलिस थाना परवाणू में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना परवाणू की टीम द्वारा आरोपी की पहचान व तलाश लगातार जारी थी तथा तलाश के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण करके आरोपी की पहचान की गई। इसके आधार पर पुलिस थाना परवाणू की टीम द्वारा मामले में संलिप्त आरोपी प्रवीण कुमार पुत्र प्रीतम सिंह निवासी फागली तह. व जिला शिमला उम्र 38 वर्ष को मुरथल हरियाणा से गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि यह आरोपी माजदा/कैंटर गाड़ी में बतौर चालक कार्यरत है। इस पर इसकी उपरोक्त गाड़ी को भी जब्त करके पुलिस ने कब्जे में लिया। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना बद्दी में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत एक मामला पंजीकृत है। इसमें उसके कब्जे से 10 किलो गांजा बरामद किया गया था। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले में जांच जारी है।

# सड़कों की बहाली को लेकर गंभीर नहीं सरकार : विनय

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय गुप्ता ने कहा कि हिमाचल में सड़कों की बहाली न होने से किसानों-बागवानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है और जनजीवन पर भी इसका बड़ा असर पड़ रहा है, मगर इसे लेकर न तो सरकार और न ही स्थानीय प्रशासन गंभीर है। विनय गुप्ता सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। विनय गुप्ता ने कहा कि अकेले जिला सिरमौर में बड़ी संख्या में सड़के यातायात के लिए पूर्ण रूप से अवरुद्ध पड़ी हैं। इससे खासकर ग्रामीण इलाकों में आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि सड़क बंद होने के चलते किसान-बागवान नकदी फसलों को मंडियों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिसका उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण संपर्क मार्गों के साथ-साथ मुख्य सड़कों की हालात भी बदहाल स्थिति में है, मगर प्रशासन इसको लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है, जो बेहद चिंता का विषय है। विनय गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से लगातार हिमाचल प्रदेश को मदद मिल रही है, मगर यह मदद न तो आपका प्रभावित लोगों तक पहुंच रही है और न ही केंद्र सरकार से मिलने वाला पैसा राहत कार्यों पर खर्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द सड़कों की बहाली को सुनिश्चित नहीं की तो, मजबूरन भाजपा को सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

**संतृप्ति** — वित्तीय समावेशन की सफलता के लिए बैंक और उपभोक्ताओं में सहयोग जरूरी

# 55 करोड़ जन धन खातों में से 11 करोड़ की री-केवाईसी पूर्ण

**अनंत ज्ञान, सोलन**



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि वित्तीय समावेशन की पूर्णता के लिए बैंकों व उपभोक्ताओं के मध्य सहयोग एवं समन्वय आवश्यक है। संजय मल्होत्रा सोलन में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आयोजित वित्तीय समावेशन संतृप्ति कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे।

संजय मल्होत्रा ने कहा कि वित्तीय समावेशन व वित्तीय साक्षरता एक-दूसरे के पूरक हैं और भारतीय रिजर्व बैंक यह सुनिश्चित बना रहा है कि लोग वित्तीय रूप से साक्षर हों, ताकि वित्तीय समावेशन का लक्ष्य पूर्ण हो सकें और लोगों का धन सुरक्षित रहे। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा कि देश में बैंक अब अधिक से अधिक लोगों तक सुविधाएं एवं सेवाएं पहुंचाना सुनिश्चित बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक विभिन्न बैंकों के सहयोग से देश में वित्तीय समावेशन शिविर आयोजित कर रहा है। इन शिविरों में जहां वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। वहीं, री-केवाईसी जैसे आवश्यक उत्तरदायित्व को पूर्ण करने पर बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन के लिए आवश्यक है कि बैंक उपभोक्ता तक पहुंचें। वर्तमान में देश में लगभग 1.65 लाख वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से लोगों को सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रदेश में यह सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि 500 जनसंख्या वाली बस्ती के पांच किलोमीटर के दायरे में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध हो। वित्तीय समावेशन की दिशा में पहला पग बैंक खाता है और आज देश में लगभग 250 करोड़ बैंक खाते खुल गए हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपने धन व बैंक खातों को सुरक्षित रखने के लिए री-केवाईसी अवश्य करवाएं। उन्होंने आग्रह किया कि उपभोक्ता जन सुरक्षा योजनाओं में नामांकन करना सुनिश्चित बनाएं, ताकि उन्हें बैंकिंग व बैंकों के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही बीमा योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सचेत रहकर ही सुरक्षित रहा जा सकता है और वित्तीय रूप से नागरिकों को सुरक्षित रखना वित्तीय समावेशन संतृप्ति कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।संजय मल्होत्रा ने कहा कि देश में लगभग 55 करोड़ जन धन खातों में से 11 करोड़ खातों का री-केवाईसी करवाई गई है। उन्होंने कहा कि अन्य जन धन खातों की री-केवाईसी का कार्य प्रगति पर है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर द्वारा इस अवसर पर सोलन जिले के प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत लाभार्थी गंगा देवी, अनु देवी, नरेंद्र सिंह तथा योगेश कुमार को दावा चैक प्रदान किए गए। पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंध निदेशक अशोक चंद्र ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना सहित प्रमुख वित्तीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# सायर उत्सव में वॉलीबाल, बैडमिंटन कबड्डी में दर्जनों टीमें ले रही भाग



सायर उत्सव खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान खिलाड़ी मुख्यातिथि के साथ।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अर्की में सायर उत्सव के दौरान होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता का सोमवार को शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ अर्की ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सतीश कश्यप ने किया।

प्रतियोगिता से पूर्व सभी प्रतिभागियों व उपस्थित गणमान्यों द्वारा राष्ट्रीय गान गाया गया। मुख्यातिथि सतीश कश्यप ने सभी प्रतिभागियों को सायर मेले की शुभकामनाएं देते हुए खेल को खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के साथ-साथ डीपीई व पीईटी अध्यापकों का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इन अध्यापकों के अथक प्रयासों से ही खेलकूद प्रतियोगिता रोचक बनी है। समिति के सदस्य भीम सिंह ठाकुर ने बताया कि वॉलीबाल की अस्सी, ओपन बैडमिंटन सिंगल की बत्तीस, ओपन डबल की सोलह तथा कबड्डी की चौदह टीमें भाग ले रही हैं। मांगू व ममलीग के वॉलीबाल मैच से खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर तहसीलदार अर्की विपिन वर्मा, खेलकूद सीमति अध्यक्ष तन्मय, उपाध्यक्ष संजय, आयोजन समिति अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, भीम सिंह, भास्करानंद, रमन तथा योगश जोशी उपस्थित रहे।

# सरकार, सुनो पुकार! मठ क्षेत्र में हो रहा भूस्खलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



इनर अखाड़ा बाजार के निवासी कुल्लू में डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए।

जिला मुख्यालय कुल्लू के इनर अखाड़ा बाजार के ऊपर मठ क्षेत्र में बार-बार भूस्खलन हो रहा है। इससे पूरा इनर अखाड़ा बाजार खतरे की जद में है।

इस समस्या को लेकर सोमवार को इनर अखाड़ा बाजार का एक प्रतिनिधिमंडल डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश से मिला और डीसी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर इस समस्या के समाधान को लेकर तत्काल सुधारात्मक उपायों की अपील की। ज्ञापन के माध्यम से सरकार व जिला प्रशासन को अवगत करवाया गया कि मठ में अनियंत्रित निर्माण, खराब जल निकासी और सरकारी लापरवाही के कारण इनर अखाड़ा बाजार के हजारों लोगों के लिए गंभीर खतरे की स्थिति पैदा हो गई है। इस ज्ञापन में प्रभावित परिवारों की ओर से हस्ताक्षरित ज्ञापन में 13 विशेष मांगों पर प्रकाश डाला गया है, जिन पर तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है। इनमें से जल शक्ति विभाग से मठ क्षेत्र में, विशेष रूप से संवेदनशील किनारों पर, सीवरेज और जल निकासी व्यवस्था का तकनीकी मूल्यांकन करने और बिना किसी देरी के सुधारात्मक उपाय लागू करने का आग्रह किया है। उन्होंने खतरनाक अतिक्रमणों को ध्वस्त करने, खनेड़ में खुले जल निकासी पर भारी जुर्माना लगाने और मठ-सुल्तानपुर सड़क जल निकासी व्यवस्था के उचित तटीकरण की भी मांग की है।। दीर्घकालिक सुरक्षा उपायों की मांग करते हुए, लोगों ने मठ व भेखली मंदिर तक के पूरे क्षेत्र में नए निर्माण पर प्रतिबंध लगाने और इसे निर्माण-निषेध हरित क्षेत्र घोषित करने की मांग की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आगे कटाव को रोकने के लिए क्षतिग्रस्त घरों का मलबा तुरंत हटाया जाना चाहिए, जबकि वन विभाग को नाजुक ढलानों को स्थिर करने के लिए मृदा परीक्षण व पौधरोपण अभियान चलाना चाहिए।

ज्ञापन में वादा की गई वित्तीय सहायता तुरंत जारी करने पर भी जोर दिया गया है। असुरक्षित घरों से निकाले गए परिवारों को किराये के लिए 10,000 रुपए और अपना सामान गंवाने वालों को 70,000 रुपए लोगों ने स्थायी समाधान खोजने और इस क्षेत्र को स्थायी रूप से रेड जोन में वर्गीकृत होने से रोकने के लिए भूवैज्ञानिकों और आईआईटी विशेषज्ञों द्वारा एक संयुक्त तकनीकी सर्वेक्षण की भी मांग की है। साथ ही, इस बात पर भी सवाल उठाए गए हैं कि इतने नाजुक क्षेत्र में बहुमंजिला इमारतों को कैसे मंजूरी दी गई। उन्होंने नगर परिषद और नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग से स्पष्टीकरण मांगा है और आग्रह किया है कि चल रहे सभी बड़े निर्माण कार्यों को रोका जाए और उनकी समीक्षा की जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया है कि स्थानीय पारिस्थिति की तंत्र पर दबाव कम करने के लिए जमीन मालिकों द्वारा किरायेदारों की भीड़-भाड़ को सीमित किया जाए। इसी तरह लोगों ने कुल्लू के डीसी कार्यालय में सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत आवेदन भी दायर किया है। इसके माध्यम से, वे इनर अखाड़ा बाजार में हाल ही में हुए भूस्खलन के लिए जवाबदेही की मांग कर रहे हैं।

इस कारण मौतें, विस्थापन और संपत्ति को भारी नुकसान हुआ है। आवेदन में निर्माण अनुमोदन, निरीक्षण रिपोर्ट, जल निकासी मूल्यांकन और विभागीय संचार के प्रमाणित रिकॉर्ड की मांग की गई है, साथ ही इस वर्ष की शुरुआत में बार-बार की गई जन शिकायतों के बाद क्या कार्रवाई की गई, इसका खुलासा करने की भी मांग की गई है। इनर अखाड़ा बाजार में जीवन, आजीविका व सुरक्षा दांव पर लगी है, ऐसे में निवासियों की अपील आगे की त्रासदी को रोकने के लिए जवाबदेही व ठोस कार्रवाई की तत्काल मांग को रेखांकित करती है।

## डीसी ने आनी उपमंडल में बरसात से हुए नुकसान का लिया जायजा

# आवश्यक सेवाएं बहाल करना प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, आनी**



डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश आनी में हुए नुकसान का जायजा लेती हुईं।

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने आनी उपमंडल का दौरा कर बरसात से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को त्वरित गति प्रदान करने और सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को जल्द बहाल करने के निर्देश दिए।

डीसी ने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 305 के कई स्थानों पर 100 मीटर तक धंसने का निरीक्षण किया। उन्होंने एनएच विभाग को तकनीकी समाधान निकालने और जलोड़ी जोत तक बस योग्य मार्ग जल्द बहाल करने के लिए कहा। एसडीओ एनएच आरएम शर्मा ने बताया कि कई स्थानों पर क्रेटवॉल लगाने की आवश्यकता है। इसके लिए कार्य प्रगति पर है। डीसी ने सड़क बहाली के लिए टेंडर प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर बल दिया। तहसीलदार रत्नेश्वर शर्मा ने बताया कि 31 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। डीसी ने पटवारी और संबंधित स्टाफ को प्रभावित लोगों को समय पर राहत प्रदान करने के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने पटारना में हाल ही में हुए हादसे का जायजा लिया और वहां धंस रहे भवनों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

बीडीओ आनी विद्या चौहान को पंचायतों में हुए नुकसान का आकलन करने और आगामी कार्रवाई के लिए निर्देश दिए गए। डीसी ने जलोड़ी से लुहरी तक एनएच-305 और इसके आसपास के नुकसान का प्राकलन तैयार करने को कहा। डीसी ने क्षेत्र में सेब की बची हुई फसल मंडियों तक पहुंचाने के लिए पेश आ रही समस्याओं पर भी अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने बस सेवाओं को जल्द बहाल करने और सड़क मार्गों को खोलने के लिए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट ने राहत व मरम्मत कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने उपमंडल में हुए सभी विभागों से संबंधित नुकसान पर भी डीसी को फीडबैक दिया। दौरे के दौरान एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट, तहसीलदार रत्नेश्वर शर्मा, बीडीओ आनी विद्या चौहान, एसडीओ लोक निर्माण विभाग मनीष कुमार, एसडीओ एनएच आरएम शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा ने की आपदा प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा बैठक

# बंजार के लिए यातायात व्यवस्था जल्द होगी सुदृढ़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू मुख्यालय में केंद्रीय राज्य सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री अजय टम्टा ने कुल्लू प्रशासन, एनएचएआई तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ आपदा से हुए नुकसान और राहत व बचाव कार्यों की समीक्षा बैठक की।

बैठक में जिले में चल रहे पुनर्वास कार्यों की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस बैठक में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर व विधायक सुरेंद्र शौरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में एनएचएआई से जुड़े मामलों व केंद्र से जारी आपदा राहत राशि से किए जाने वाले कार्यों के क्रियानवन पर चर्चा व रिपोर्ट ली। बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने जानकारी देते हुए कहा कि बैठक में विशेष रूप से एनएच-305 के त्वरित पुनर्निर्माण व बहाली के लिए एक विशेष योजना पर गहन चर्चा की गई, ताकि प्रभावित क्षेत्रों में यातायात सुचारु हो सके। साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बंजार विधानसभा क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों व भविष्य की योजनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। औट-लारजी पुराने मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में शामिल करने तथा पुल निर्माण की मांग पर



भी सकारात्मक चर्चा हुई। मंत्री ने इस मांग को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया और कहा कि केंद्र सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण में हर संभव सहयोग करेगी। मंत्री ने अधिकारियों से राहत कार्यों में तेजी लाने व प्रभावित परिवारों तक आवश्यक सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिले में यातायात व्यवस्था बहाल करने व बुनियादी सुविधाओं में सुधार लाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। विधायक ने कहा कि वे आश्वस्त हैं कि केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई राहत राशि के समन्वित उपयोग से ही बंजार सहित पूरे कुल्लू जिले में राहत कार्यों को गति मिलेगी और प्रभावित लोगों को जल्द ही बेहतर सहायता और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# जिले में प्रतिकूल परिस्थितियों के बाद भी बाहली कार्य युद्धस्तर पर जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में आपदा के कारण करोड़ों का नुकसान हुआ है, ऐसे में भारी बारिश व भूस्खलन के कारण जगह-जगह जहां सड़कें अवरुद्ध हैं। वहीं, बिजली व पानी की लाइनें भी प्रभावित हुई हैं।

डीसी तोरुल एस रवीश ने कहा कि हाल ही में भारी वर्षा के कारण जिले में जहां सड़कों, पेयजल योजनाओं, बिजली आपूर्ति को नुकसान हुआ है। वहीं, प्रशासन तथा संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी इन आवश्यक सेवाओं को बहाल करने में रात-दिन के परिश्रम से इन्हें बहाल करने में जुटे हैं। डीसी ने जानकारी देते हुए कहा कि जिले में सभी बिजली आपूर्ति की मुख्य लाइनों को बहाल कर दिया गया है। बिजली बोर्ड के रात- दिन के परिश्रम के पश्चात जिले के मणिकर्ण, मनाली, जरी, कल वरशेनी, लगघाटी, पाहनाला की सभी बिजली लाइनों को दुरुस्त करके बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि बंजार उपमंडल के अंतर्गत बंजार, बठाहड़, बाहु, मोहनी, जीभी, सैंज, शेंशर तथा शांघड आदि स्थानों पर भी अब बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से सुनिश्चित कर दी गई है। डीसी ने बताया कि इस आपदा से जिले भर के 2062 बिजली ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए थे।

इनमें से 1925 ट्रांसफार्मर को कड़ी मशक्कत और रात-दिन के श्रम के बाद बहाल कर दिया है। डीसी ने बताया कि अभी तक 104 ट्रांसफार्मर, जो कि अति दूरदराज तथा मुश्किल क्षेत्र से संबंधित हैं, उनमें दिन-रात बहाली का कार्य चल रहा है, उन्हें जल्द बहाल कर दिया जाएगा। जिले की मुख्य सड़कों को खोलने का कार्य भी युद्धस्तर पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि एनएच-305 को भी हल्के वाहनों के लिए बहाल किया गया है। लारजी-न्यूली सड़क को सैंज से आगे न्यूली तक हल्के वाहनों तक खोल दिया गया है तथा अन्य सड़कों को खोलने का कार्य भी युद्धस्तर पर चल रहा है।

# पतलीकूहल-नग्गर रोड पर वाहनों का ट्रायल सफल

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल-नग्गर रोड पर वाहनों का ट्रायल सफल रहा है। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मौके पर पहुंचकर सड़क का निरीक्षण किया और बताया कि रात में बचा हुआ काम पूरा होने के बाद सोमवार सुबह से छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई। इससे बागवानों और किसानों को विशेष रूप से लाभ होगा, क्योंकि अब वे अपनी सेब की फसल को पतलीकूहल सब्जी मंडी तक आसानी से पहुंचा सकेंगे। विधायक ने बताया कि इस सड़क के खुलने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि प्रशासन व लोक निर्माण विभाग की टीम ने दिन-रात काम किया और सड़क को सुचारु किया। गौड़ ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव देवेंद्र नेगी और जिला परिषद कुल्लू के उपाध्यक्ष बीर सिंह विधायक के साथ मौजूद रहे।

# डोहलूनाला-रायसन सड़क को सुचारु करे एनएचएआई: देवेंद्र

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव एवं प्रधान उपप्रधान परिसंघ के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र नेगी ने कहा कि मुख्यमंत्री सूक्खू के निर्देशानुसार व स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ के अथक प्रयासों से कुल्लू, मनाली सहित क्षेत्र की संपर्क सड़कों को जिस तीव्र गति से दिन-रात एक कर सुचारु करने का प्रयास हुआ, यह एक कड़ी चुनौती थी।

उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में हमने विशेषकर डोहलूनाला-शिरर रायसन राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्राथमिकता के आधार पर एनएचएआई से सड़क निर्माण का कार्य करवाया गया, क्योंकि पतलीकूलल सेब मंडी में बागवानों का करोड़ों रुपए का सेब सड़क टूटने से आगे नहीं जा रहा था, लेकिन अब तो डोहलूनाल, रायसन शिरर सड़क पूर्ण रूप से दोनों ओर से तैयार है। केवल क्रेटवॉल की वोल्डर फिलिंग का कार्य किनारों पर हो रहा है। रोड कटिंग बंद है कोई बड़ी एलएनटी मशीनरी नहीं है, फिर क्यों बागवानों के करोड़ों के सेब से भरी गाड़ियों को दिन को दिनभर डोहलू नाला में रोका जा रहा है। रात्रि 8 बजे जब भारी जाम के उपरांत डोहलू नाल से गाड़ियां आगे चलती हैं, तो फिर थलौट, पंडोह में दस बजे के उपरांत मंडी प्रशासन इन गाड़ियों को रात्रि को रोक लेता है। इस कारण बागवानों का सेब रास्ते में खराब हो रहा है। एनएचएआई और जिला प्रशासन से आग्रह किया कि बिना किसी विलंब के डोहलूनाल, रायसन सड़क को सुचारु किया जाए, ताकि बागवानों सहित श्रेत्र की जनता, स्कूली बच्चों को रोज होने वाली परेशानी से राहत मिल सके। इसी के साथ जहां-जहां पतलीकूहल से मनाली तक सड़क की कनैक्टिविटी हो रही है, वहां से वन वे लाइट व्हिकल ट्रैफिक समय-सारिणी तय कर सुचारु करनी होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र में होंगी लोकनृत्य प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में दिन के समय लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र में लोक नृत्य दलों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता रोजाना सुबह 10 बजे से शुरू होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लोकनृत्य दलों के लिए मानक निर्धारित किए गए हैं, जिनके अनुसार लोकनृत्य दलों में कलाकारों की संख्या 22 से ज्यादा नहीं होगी। इसमें दल के गायक, वादक व नर्तक भी शामिल होंगे। लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रदर्शन की अवधि सिर्फ 10 से 12 मिनट तक ही होगी प्रतियोगिता में पारंपरिक नृत्य, गीत व वादन ही प्रस्तुत किया जाएगा। संबंधित दल अपने ही क्षेत्र में प्रचलित नृत्य, गीत व संगीत प्रस्तुत करेगा। यह जानकारी जिला भाषा अधिकारी कुल्लू प्रोमिला गुलेरिया ने दी। उन्होंने कहा कि नृत्य दलों द्वारा परंपरागत वाद्ययंत्रों का ही प्रयोग किया जाएगा। नर्तकों, गायकों, वादकों के परिधान व आभूषण परंपरागत एवं मूल होने चाहिए। निर्णायक मंडल द्वारा लिया गया निर्णय ही अंतिम और सर्वमान्य होगा। लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले दलों को दशहरा समिति कुल्लू द्वारा इनाम राशि व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में जिला कुल्लू के इच्छुक लोकनृत्य दल 25 सितंबर से पहले जिला भाषा अधिकारी कार्यालय में अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

### अगले माह होगी वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कुल्लू राजेश भंडारी ने कहा कि जिला लाहौल-स्पीति के पंजीकरण व लाइसेंसिंग प्राधिकारियों उदयपुर तहसील उदयपुर तथा केलांग में अगले महीने वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट होंगे। उन्होंने बताया कि 15 एवं 16 सितंबर को निर्वाधारित वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट को खराब मौसम व खराब सड़क की स्थिति के कारण अगले महीने के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है।

# आपदा की घड़ी में जनता त्रस्त, सांसद मुंबई में मस्त

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** आपदा की घड़ी में सांसद कंगना रनौत का नदारद होना सांसद की कार्यप्रणाली और संवेदनशीलता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। अगस्त के अंतिम सप्ताह से मनाली के किसान, बागवान और पर्यटन कारोबारी भीषण आपदा से जूझ रहे हैं। कहीं सड़कें बह गई हैं, कहीं लोगों की जमीन पूरी तरह से नष्ट हो गई है, कई लोग बेघर हो चुके हैं और अनेक मकान टूटने की कगार पर हैं। ऐसी विकट परिस्थिति में में भी सांसद जिन का घर मनाली में ही है फिर भी वह इस आपदा में नदारद हैं। प्रधानमंत्री स्वयं हिमाचल आए और राहत पैकेज की घोषणा की।

इसके अलावा केंद्र के दो मंत्री कुल्लू, मनाली पहुंचे और हालात की जानकारी ली। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी मनाली का दौरा किया, जो संवेदनशीलता केंद्र सरकार ने दिखाई है उस की उम्मीद लोग हिमाचल प्रदेश सरकार से भी कर रहे थे, लेकिन दुर्भाग्य से प्रदेश सरकार के किसी मंत्री ने अब तक मनाली के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा नहीं किया। राजनीति का पहलू यह है कि भाजपा के कार्यकर्ता सांसद के गैर हाजिरी पर चुप्पी साधे हुए हैं और वहीं कांग्रेस के कार्यकर्ता अपने नेताओं पर खामोश हैं। हालांकि, स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ लगातार प्रभावित इलाकों का दौरा कर रहे हैं और प्रभावित लोगों से मुलाकात कर मदद का भरोसा दे रहे हैं। दिनभर क्षतिग्रस्त सड़कों पर खड़े होकर वहां काम कर रहे मजदूरों व जेसीबी चालकों का हौंसला अफजाई कर रहे हैं, ताकि जल्द यातायात बहाल हो सके। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने बताया कि सांसद कंगना अपने सरकारी कामों पर व्यस्त होने के कारण आपदा क्षेत्रों का दौरा नहीं कर पाई, वह जल्द 17,18,19 सितंबर को तीन दिनों के लिए आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगी।

# 'सारी' गांव में भूस्खलन से भारी तबाही

## शौरी ने कहा, आवश्यकता अनुसार चरणबद्ध तरीके से पहुंचाई जाएगी राहत

**अनंत ज्ञान, बंजार**



बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी आपदा प्रभावित गांव में लोगों से मिलते हुए

विधायक सुरेंद्र शौरी ने सैंज घाटी के भूस्खलन प्रभावित सारी गांव का दौरा कर वहां की भयावह स्थिति का जायजा लिया। इस वर्ष की भारी बरसात के चलते सारी गांव की जमीन धंसने से पूरी बस्ती उजड़ गई है। कई स्थानों पर भूमि कई मीटर तक धंस चुकी है और नदी से कटाव के कारण पूरी पहाड़ी दरक गई है। परिणामस्वरूप, करीब 60 मकान जमींदोज हो गए हैं।

ग्राम पंचायत तलाड़ा में कुल मिलाकर लगभग 80 मकानों को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित ग्रामीण वर्तमान में तंबुओं में रह रहे हैं और गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। विधायक ने बताया कि यह पूरा क्षेत्र अब सिंकिंग जोन बन चुका है। इससे लोगों की आजीविका और सुरक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि आपदा से प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है, अब तक 122 परिवारों को आवश्यक राहत सामग्री वितरित की जा चुकी है। अन्य प्रभावित क्षेत्रों में भी आवश्यकता अनुसार चरणबद्ध तरीके से राहत पहुंचाई जाएगी। विधायक शौरी स्वयं राहत सामग्री लेकर सारी गांव पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मिलकर उनकी पीड़ा साझा की। उन्होंने ग्रामीणों को पुनर्वास कार्यों में हर संभव सहायता का आश्वासन दिया और कहा कि वे पूरे क्षेत्र का विस्तृत दौराकर आवश्यक योजनाओं पर कार्य करेंगे। हम संकट की इस घड़ी में ग्रामीणों के साथ खड़े हैं। प्रशासन व संबंधित विभागों को हर प्रभावित परिवार तक राहत पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं व पुनर्वास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

# देश की तरक्की में इंजीनियर्स का बहुत बड़ा योगदान: अमिता

**अनंत ज्ञान, मनाली।** रोटरी क्लब की प्रधान अमिता ठाकुर ने कहा कि किसी भी देश की तरक्की में इंजीनियर्स का बहुत बड़ा योगदान होता है, क्योंकि इंजीनियर्स ही सड़क, इमारत और टेक्नोलॉजी के जरिए राष्ट्र निर्माण की नींव को मजबूत करते हैं।

अमिता मनाली में विभिन्न विभागों में कार्यरत इंजीनियर्स को सम्मानित करने के बाद अपने विचार व्यक्त कर रही थी। उन्होंने कहा कि आज का दिन देश के उन सभी इंजीनियरों की मेहनत व लगन को सलाम करने का दिन है, जो देश के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन्हीं इंजीनियरों के अथक प्रयासों की बदौलत लोगों की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है। देश के इंजीनियरों ने अपनी खोजों से आमजनजीवन को सुगम बना दिया है। रोटरी क्लब मनाली ने इंजीनियर्स-डे मनाया। इस कार्यक्रम में जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता ई. अरुण शर्मा, सहायक अभियंता ई. दीक्षांत शर्मा, पीडब्ल्यूडी विभाग के सहायक अभियंता, बिजली बोर्ड के सहायक अभियंता ई. आदर्श गोयल, बीएसएनएल के सहायक अभियंता ई. सुदर्शन बौद्ध को सम्मानित किया। सम्मानित किए गए इंजीनियर्स ने रोटरी क्लब का आभार जताया और देश सेवा को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई।

# आनी के रघुपुर क्षेत्र की सड़कें नहीं हो पाई बहाल, बगीचों में सड़ रहा सेब

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**



**आनी।** भाजपा मंडल आनी अध्यक्ष वेद ठाकुर व उनकी कार्यकारिणी ने आनी विधानसभा क्षेत्र के रघुपुर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से दूध सप्लाई प्रभावित रहने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। वेद ठाकुर ने आरोप लगाया कि रघुपुर क्षेत्र के साथ लगातार अनदेखी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि बालू, जुहड़, फनौटी, करशाला, लगोटी, कोल्था, बेहली, टकरासी, मुहान, महरोगी, बांशा, खेउग, बशावल, ठारवी, पकरेड़, बनास, पोखी आदि कई क्षेत्रों में अभी तक सड़कें बहाल नहीं हो पाई हैं। फलस्वरूप क्षेत्र की आर्थिकी की रीढ़ सेब की फसल बागीचों में सड़ रही है। क्षेत्र की दुग्ध उत्पादक समितियां समय पर दूध नहीं उठा पा रही हैं। गांवों तक पर्याप्त राशन नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि पहले समितियां सुबह दूध एकत्रित करती थी, लेकिन अब यह कार्य सुचारु रूप से नहीं हो रहा। कई बार तो दूसरी शिफ्ट में भी दूध संग्रह नहीं हो पाता। इसके चलते दुग्ध उत्पादकों का दूध प्लांट तक नहीं पहुंच रहा है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार व प्रशासन से इस समस्या का त्वरित समाधान करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थायी समाधान के लिए समय रहते मशीनरी नहीं भेजी गई, तो भाजपा मंडल कार्यकारिणी व स्थानीय जनता सड़कों पर उतरकर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होगी। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री सुरेंद्र, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष दूनी चंद, महामंत्री देवेंद्र ठाकुर, सुनील वर्मा, भजन सिंह, धर्म सिंह चौहान, युग्म राम, जोत राम, नारायण सिंह दीपक, खेमा सिंह सहित युवा मोर्चा, किसान मोर्चा व अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

**प्रदर्शन** पंचायत के ग्रामीणों ने रखी मांग, एनएचपीसी पर लगाया लापरवाही का आरोप

# तलाड़ा को आपदा प्रभावित पंचायत घोषित करे सरकार

**अनंत ज्ञान, सैंज**



तलाड़ा में बीते दिन हुई भारी बारिश के चलते 130 घर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार के तहत आने वाली ग्राम पंचायत तलाड़ा में बीते दिन हुई भारी बारिश के चलते 130 घर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस कारण 270 परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं, ऐसे में ग्राम पंचायत तलाड़ा में ग्रामीणों ने मिलकर एनएचपीसी स्टेज तीन के खिलाफ भी प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि साल 2023 में अगर एनएचपीसी ने पिन पार्वती नदी के किनारे पर सुरक्षा दीवार लगाई होती, तो आज पंचायत में लोगों को नुकसान न झेलना पड़ता। तलाड़ा पंचायत के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व सरकार से भी मांग रखी है कि यहां पर आपदा के चलते 80 फीसदी भूमि प्रभावित हुई है, ऐसे में प्रशासन और सरकार पंचायत को आपदा पंचायत घोषित करें और राहत कार्यों के लिए विशेष रूप से भी धनराशि का प्रावधान करे। तलाड़ा पंचायत के प्रधान सुभाष ठाकुर ने बताया कि एनएचपीसी और प्रशासन को 2 सालों के भीतर कई बार ज्ञापन दिए गए। हालांकि, एनएचपीसी के द्वारा तर्क दिया गया कि उनके द्वारा सुरक्षा दीवार के लिए पैसा जमा करवाया गया है, लेकिन उसके बारे में भी आज तक कोई सही जानकारी नहीं मिल पाई। साल 2023 की आपदा में ही तलाड़ा पंचायत की भूमि नदी की बाढ़ के चलते क्षतिग्रस्त होनी शुरू हो गई थी। साल 2024 में भी यहां नुकसान हुआ था, लेकिन 2025 में बहुत अधिक नुकसान हुआ है और अबकी बार कृषि भूमि भी लोगों के पास नहीं बची है, ऐसे में प्रशासन व सरकार को चाहिए कि वह पंचायत के लिए विशेष रूप से पैकेज जारी करे, ताकि लोगों का जनजीवन यहां पर सामान्य हो सके। पंचायत के ग्रामीण महिंद्र ठाकुर अमि चंद और वार्ड पंच मूर्ति देवी का कहना है कि पहले यहां पर कुछ लोगों के घरों में दरारें होती थी, लेकिन अब की बार यह संख्या 100 से पार हो गई है, जो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं और जिन घरों में दरार आई हैं। वह भी रहने के लायक नहीं हैं। आने वाले दिनों में यहां अगर बारिश होती है, तो वह घर भी कभी भी गिर सकते हैं, ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि वह सभी घरों को भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त सूची में डालें और लोगों के रहने के लिए यहां पर व्यवस्था करें। ग्रामीणों का कहना है कि एनएचपीसी प्रबंधन की लापरवाही के चलते आज पंचायत के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में प्रशासन व एनएचपीसी को भी इस बारे विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए।

# एससी के युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण व अनुदान योजना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति व जनजाति विकास निगम कुल्लू ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान जिले के महत्वाकांक्षी अनुसूचित जाति युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम, कुल्लू जिला प्रबंधक कमल जीत ने बताया कि इच्छुक युवा टैक्सी, छोटी बसें, होटल-ढाबा, पशुपालन-डेयरी सहित विभिन्न लघु व्यवसायों के लिए ऋण सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हिम स्वावलंबन योजना के तहत 3 से 5 लाख तक की परियोजनाओं पर 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर ऋण दिया जाएगा। इस परियोजना में 10 प्रतिशत व अधिकतम 50 हजार रुपए पूंजी अनुदान व 80 प्रतिशत भाग राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त व विकास निगम द्वारा सावधि ऋण के रूप में उपलब्ध करवाया जाएगा तथा शेष 10 फीसदी भाग आवेदक द्वारा परियोजना में लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि माईक्रो क्रेडिट फाइनॉस योजना के अंतर्गत 1.40 लाख तक की परियोजनाओं पर 6.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर ऋण सुविधा उपलब्ध हैं। इसमें 1.25 लाख तक निगम से ऋण और 15,000 आवेदक को स्वयं निवेश करना होगा। निगम के जिला प्रबंधक ने बताया कि इन योजनाओं के लिए आवेदक की पारिवारिक वार्षिक आय 3 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही आवेदक हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी तथा अनुसूचित जाति से संबंधित हो और किसी भी बैंक अथवा संस्था का ऋण दोषी न हो। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक जिला प्रबंधक कार्यालय कुल्लू (दूरभाष- 01902-222309), क्षेत्रीय सहायक कुल्लू (70187-90788) व क्षेत्रीय सहायक आनी (62300-16446) से संपर्क कर सकते हैं या ई-मेल dmhpscstdckullu@gmail.com पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के योगदान को किया याद



**अनंत ज्ञान, सोलन।** ग्रीन हिल्स इंजीनियरिंग कॉलेज गांधी ग्राम सोलन के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में इंजीनियर दिवस मनाया गया। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष इंजीनियर दिनेश कश्यप ने कहा कि इंजीनियर दिवस इंजीनियरिंग पेशे और समाज में इसके योगदान का उत्सव है, साथ ही यह नवाचार, कड़ी मेहनत और समर्पण के महत्व की याद दिलाता है। इस अवसर पर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सभी संकाय और लखविंदर सिंह सहायक प्रोफेसर भी उपस्थित रहे।

### गुणात्मक शिक्षा को बढ़ावा दे रही सरकार : सोलंकी


**अनंत ज्ञान, नाहन।** कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि गुणात्मक शिक्षा की दिशा में हिमाचल प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है और यही कारण है कि हिमाचल आज साक्षरता के क्षेत्र में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। नाहन में सिरमौर जिला पीटीएफ की नई कार्यकारिणी ने विधायक अजय सोलंकी से मुलाकात की। इसके बाद विधायक पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। विधायक ने सिरमौर जिला पीटीएफ की नई कार्यकारिणी को बधाई दी और कहा कि समाज के निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में शिक्षा की गुणवत्ता पर मौजूदा सरकार विशेष ध्यान दे रही है। आज देश भर में हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। हाल ही में हिमाचल पूर्ण साक्षर राज्य भी घोषित हुआ है। इसका श्रेय शिक्षकों को जाता है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों से निकले बच्चे आज विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे स्थान पर काम कर रहे हैं।

# सोलन में सुचारु नहीं हुई पेयजल आपूर्ति

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** बरसात थमने के बावजूद सोलन शहर की करीब एक लाख आबादी को पेयजल के लिए 5 से 6 दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। कारण है कि सिल्ट की समस्या कम होने पर भी जल शक्ति विभाग गिरि और अश्विनी पेयजल योजना से नगर निगम को मांग अनुसार पानी लिफ्ट नहीं कर पा रहा है। पिछले कुछ दिनों से निगम को 60 से 70 लाख लीटर पानी मिल रहा है, जबकि मांग 90 लाख लीटर की है।

ऐसे में शहर की आवासीय कॉलोनियों का बैक लॉग बढ़ रहा है। आमतौर पर शहर में तीसरे दिन पेयजल की आपूर्ति होती है पर पिछले दिनों बरसात के कारण पेयजल योजनाओं में सिल्ट की समस्या से शहर को मांग 40 से 50 लाख लीटर पानी ही मिल पाता था। इससे शहर की मांग को पूरा करने में 8 से 9 दिन का रोटेशन पहुंच गया, ऐसे में उपभोक्ताओं को पेयजल की खासी किल्लत झेलनी पड़ी, अब बरसात लगभग थम गई है पर हालात जस के तस बने हुए हैं।


सोलन शहर की फाइल फोटो।

> **शहर** को जल शक्ति विभाग से अभी भी मांग अनुसार पानी नहीं मिल रहा है। मौसम पूरी तरह साफ होने तक पानी की राशनिंग जारी रहेगी। कोशिश की जा रही है कि लोगों को भरपूर पानी मिले, ताकि चार-पांच दिन का गुजारा आसानी से हो सके।
> **उषा शर्मा, मेयर नगर निगम सोलन।**

### गिरि पेयजल विस्तारीकरण योजना का लाभ नहीं : शैलेंद्र

**भाजपा** प्रवक्ता शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि 2021 में नगर निगम चुनावों के घोषणापत्र में हर दिन पीने का मुफ्त पानी व वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने के वादे पर कांग्रेस खरी नहीं उतरी है। चुनाव जीतने के बाद गारंटियों की तरह कांग्रेस नगर निगम के चुनावों में किए गए वादों को भी भूल गई है। गुप्ता ने कहा कि सोलन में पानी के लिए हाहाकार मचा है, लेकिन विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल बेखबर हैं। सरकार की ढीली पकड़ के कारण नगर निगम और जल शक्ति विभाग में सामंजस्य नहीं दिख रहा है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में 14 करोड़ से बनी गिरि पेयजल विस्तारीकरण योजना कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बेकार साबित हो रही है।

### विभागीय खींचतान भी बड़ा कारण

**नगर** निगम, जल शक्ति विभाग और बिजली बोर्ड के बीच की खींचतान भी शहर की पेयजल किल्लत का बड़ा कारण है। जल शक्ति विभाग के पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार गिरि पेयजल योजना में बीते दिनों से वोल्टेज समस्या व तकनीकी खराबी आने के चलते पेयजल की समस्या पेश आई है। गौड़ा में स्थित गिरि पेयजल योजना में वोल्टेज की समस्या से भी पानी की लिफ्टिंग प्रभावित होती है। वहीं, नगर निगम व जल शक्ति के लीकेज प्वॉइंट भी पेयजल समस्या का कारण है। गिरि और अश्विनी दोनों पेयजल योजनाओं के माध्यम से ही शहर को पानी मिलता है, ऐसे में एक पेयजल योजना से लिस्टिंग बंद हो जाने से शहर में पानी की कमी हो जाती है। जल शक्ति विभाग का दावा है शहर को मांग अनुसार ही पेयजल की लिफ्टिंग हो रही है।

## रफी नाइट सीजन 10 फिनाले के सिंगिंग विजेता बने अनिल बरसानटा और हिमांशी

**अनंत ज्ञान, सोलन**




विजयी फोरम द्वारा आयोजित रफी नाइट सीजन फिनाले सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश की नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का एक अनूठा प्रयास रहा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने किया।

दूसरे दिन की प्रातः कार्यक्रम की मुख्यातिथि पूनम ठाकुर, असिस्टेंट कमिश्नर एक्साइज एंड टैक्सेशन रही। समापन समारोह व पुरस्कार वितरण के अवसर पर मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश सरकार के लोकायुक्त जस्टिस चंद्रभूषण बारोवालिया उपस्थित रहे। ऑडिशन ऑफलाइन व ऑनलाइन माध्यम से दाड़लाघाट सोलन, शिमला और पांवटा साहिब सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए गए। इनमें से 120 प्रतिभागियों का चयन हुआ और उन्हें 13-14 सितंबर को मुख्य मंच पर प्रदर्शन के लिए बुलाया गया। इस दौरान बच्चों और युवाओं ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। अरुष गुप्ता से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्य विजेता में जूनियर डांस युतिका (प्रथम), पितुल (द्वितीय), मानसी (तृतीय) ग्रुप डांस डीडब्लयूएस ग्रुप (प्रथम), जीनियस ग्लोबल पब्लिक स्कूल (द्वितीय), सावी व हर्षिता (तृतीय) सिनियर डांस सायको पॉप (प्रथम), प्रकाश (द्वितीय), उदय (तृतीय) जूनियर सिंगिंग महक (प्रथम), अरमान (द्वितीय), लवी शर्मा (तृतीय) सिनियर सिंगिंग (पुरुष) अनिल बरसानटा (प्रथम) सिनियर सिंगिंग (महिला) हिमांशी (प्रथम) (अन्य सभी प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार व सांत्वना पुरस्कार दिए गए। विशेष प्रस्तुति 2015 में रफी नाइट की फर्स्ट रनरअप रहीं। इंडियन आइडल फेम नेहा दीक्षित भी इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहीं।




## न्यूज ब्रीफ

### यूपीसीएल ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में रचा नया कीर्तिमान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा से जोड़ने के संकल्प को साकार करते हुए, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि. (यूपीसीएल) ने अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यूपीसीएल को मार्च 2027 तक 40,000 सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य दिया गया था, किन्तु यूपीसीएल ने अपने अथक प्रयासों एवं उपभोक्ताओं के सहयोग से यह लक्ष्य समय से लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व ही अगस्त 2025 में पूरा कर लिया है। साथ ही प्रदेशभर में अब तक 42,000 से अधिक सोलर रूफटॉप संयंत्र सफलतापूर्वक स्थापित कर लिये गये हैं, जिनकी कुल उत्पादन क्षमता लगभग 156 मेगावाट है। यह उपलब्धि उत्तराखण्ड को हरित ऊर्जा उत्पादन और ऊर्जा आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करती है। इस अभियान के नोडल अधिकारी, श्री आशीष अरोड़ा, मुख्य अभियन्ता, यूपीसीएल थे। प्रबंध निदेशक श्री अनिल कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के प्रेरणादायी नेतृत्व और प्रमुख सचिव (ऊर्जा) के सतत् मार्गदर्शन का परिणाम है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन 'पीएम सूर्य-घर मुफ्त बिजली योजना' के अंतर्गत उत्तराखण्ड ने जिस तरह डेढ़ वर्ष पहले ही लक्ष्य हासिल कर लिया है, वह हम सभी के लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि उत्तराखण्ड न केवल स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, बल्कि आने वाले समय में ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण में भी अग्रणी राज्य बनेगा। मैं यूपीसीएल परिवार, ऊर्जा विभाग और प्रदेशवासियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए हृदय से बधाई देता हूं। राज्य सरकार हर संभव सहयोग कर यह सुनिश्चित करेगी कि उत्तराखण्ड हरित ऊर्जा के क्षेत्र में देश को नई दिशा दे सके।

### केमिकल फैक्टरी में अचानक लगी भीषण आग

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** बड़े औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार सुबह एक केमिकल फैक्टरी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि उस समय फैक्टरी में ज्यादा कर्मचारी मौजूद नहीं थे, जिससे किसी तरह की जन हानि नहीं हुई। यह फैक्टरी एचएसआईडीसी फेस 1 के प्लॉट नंबर 226 पर स्थित एवी वुड कोटिंग प्राइवेट लिमिटेड है, जहां विभिन्न प्रकार के केमिकल तैयार किए जाते हैं। अचानक भड़की आग ने कुछ ही देर में बड़ा रूप ले लिया, लेकिन दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। बताया गया कि ऊपरी मंजिल पर लगे एयर कंडीशनर की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे निकली चिंगारी पास में रखी केमिकल से भरी कैनों तक पहुंच गई। प्लास्टिक और लोहे की कैनों में भरे केमिकल ने लपटों को और तेज कर दिया। चार से अधिक दमकल गाड़ियों ने करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। इस दौरान चारों ओर धुएं का गुबार फैल गया था। आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया, हालांकि दमकल कर्मियों के प्रयास से स्थिति नियंत्रित हो गई। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### सड़क हादसे में पुलिसकर्मी की मौत, मामला दर्ज

**एजेंसी, रोहतक।** महम थाना के अंतर्गत भैणी सुरजन में हुए सड़क हादसे में एक पुलिस कर्मी की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक पुलिस कर्मी झज्जर जिले में तैनात था। पुलिस के अनुसार गांव भैणी सुरजन निवासी सुनील कुमार शाम को घर से खाना खाकर घूमने के लिए गया था, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए सुनील में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए और सुनील को ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि सुनील हरियाणा पुलिस में था और वह झज्जर जिले में तैनात था। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बाढ़ प्रभावित गांवों का राहुल गांधी ने किया दौरा



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज पंजाब दौरे पर हैं। वे प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे। राहुल गांधी अमृतसर के श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे। वहां से अजनाला, रमदास के गांव में जाकर लोगों से मिले। राहुल गांधी रमदास स्थित गुरुद्वारा श्री समाध बाबा बुड्ढा जी साहिब में भी नतमस्तक हुए। इसके बाद वह गुरदासपुर गए और वहां के हालातों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ट्रैक्टर की सवारी की। राहुल गांधी हवाई सर्वे के बजाय सीधे गांव-गांव जाकर लोगों से रुबरु हो रहे हैं।

सुरक्षा कारणों के चलते वह पाक बॉर्डर से सटे गांवों में नहीं जा सके। अपने दौरे के दौरान उन्होंने मीडिया से कोई बात नहीं की। वहीं शाम 4 बजे वह पठानकोट से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

दौरे के बाद राहुल गांधी ने ट्विटर पर लिखा– 'बाढ़ ने पंजाब में भारी तबाही मचाई है। आज घोनेवाल में ग्रामीणों से मिला उजड़े आशियाने, बर्बाद खेत, बिखरी जिंदगियां। दर्द आंखों में साफ दिखता है, मगर हौसला अटूट है। राज्य और केंद्र सरकार दोनों हर हाल में यह सुनिश्चित करें कि राहत पैकेज और मुआवजा बिना देरी पीड़ितों तक पहुंचे, जिन्हें इस वक्त इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। इस त्रासदी में मैं हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हूं। उनकी आवाज बुलंद करूंगा और उन्हें हर संभव मदद दिलाना मेरा संकल्प है।' राहुल के साथ पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, पंजाब कांग्रेस इंचार्ज भूपेश बघेल और विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा भी मौजूद रहे।

गुरदासपुर के गुरचक गांव के हरजिंदर सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने रावी नदी के ऊपर का बांध ठीक कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि वे दिल्ली में जाकर इसका मुद्दा उठाएंगे। हमारे गांव की 700 एकड़ जमीन जलमग्न हो गई है। राहुल गांधी से पहले कोई विधायक या मंत्री यहां नहीं आए।

#### पंजाब में 2,097 गांव हुए हैं प्रभावित

**पंजाब** में बाढ़ से 23 जिलों के 2,097 गांव प्रभावित हुए हैं, और लगभग 1,91,926 हेक्टेयर में फसलें डूब गई हैं। 15 जिलों में 52 लोगों की जान जा चुकी है। 6 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब का दौरा किया था और स्थिति को देखते हुए पंजाब को 1,600 करोड़ रुपए देने की घोषणा की थी। इस पैकेज को भगवंत मान सरकार ने नाकाफी बताया था।

# हिंदी भावनाएं व्यक्त करने का सशक्त माध्यम : सुनीता अग्रवाल

**अनंत ज्ञान, नंगल**

बीबीएमबी (पावर विंग) नंगल द्वारा 14 से 28 सितंबर तक मनाए जा रहे हिंदी पखवाड़ा–2025 के अंतर्गत शक्ति सदन में एक भव्य हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ई. सुनीता रानी अग्रवाल (उप मुख्य अभियंता/मुख्यालय) ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में ई. रणजीत सिंह (उप मुख्य अभियंता/भाखड़ा पावर हाउस सर्कल) एवं ई. विनीत मिश्रा (अधीक्षण अभियंता/कैनाल पावर हाउस सर्कल) उपस्थित रहे। ई. अग्रवाल ने हिंदी को सरल व सशक्त भाषा बताते हुए इसे हृदय की भावनाएं प्रकट करने का माध्यम कहा। उन्होंने बीबीएमबी को प्राप्त राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (ख क्षेत्र में प्रथम) की बधाई देते हुए इसे सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। अन्य वक्ताओं में ई. रणजीत सिंह, विनीत मिश्रा, आरपी सिंह, मनोज कुमार, ई. नरेंद्र यादव व अन्य ने भी हिंदी की आवश्यकता, महत्ता और व्यवहारिक उपयोग पर बल दिया। कविता पाठ व राजनेताओं के संदेशों के माध्यम से हिंदी के गौरवशाली इतिहास को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम में 70 अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख नामों में ई. प्रवीण धीमान, अजय डोगरा, नवनीत गुप्ता, दिनेश शुक्ला, निशा डोगरा, हरप्रीत सिंह, अनुराग गिल सहित अन्य शामिल थे। समारोह का समापन ई. मनविंदर सिंह के सारगर्भित विचारों से हुआ, जिन्होंने हिंदी को प्रभावी बनाने हेतु तकनीकी संसाधनों के उन्नयन की आवश्यकता बताई।




समारोह को संबोधित करतीं सुनीता रानी, रणजीत सिंह, विनीत मिश्रा।

# एमसीएम ने उत्साहपूर्वक मनाया हिंदी दिवस



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग ने आईक्यूएसी के तत्वावधान में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम और कवि सम्मेलन का आयोजन किया । कार्यक्रम की शुरुआत संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण 'जय मां शारदा भवानी' से हुई, माँ सरस्वती के आशीर्वाद से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों की प्रभावशाली कवितापाठ और ऊर्जावान नाटी नृत्य प्रस्तुति ने वातावरण को जीवंत और कलात्मक बना दिया।

कवि सम्मेलन ने कविता प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जहां प्रख्यात कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से जीवन के विविध रंग प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अपनी कविताओं का पाठ करने वाले प्रतिष्ठित कवियों में श्री प्रेम विज, डॉ. अनीश गर्ग, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. प्रज्ञा शारदा, डॉ. संगीता शर्मा कुंद्रा और श्री यश कंसल शामिल रहे। कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने भाषा के शाश्वत महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा 'एक दिन किसी भाषा को मनाने के लिए पर्याप्त नहीं है। इंसान चाहे कितना भी आधुनिक क्यों न हो जाए, चिंतन मनन हमेशा अपनी मातृभाषा में ही करता है। हृदय से होने वाला सच्चा संवाद अपनी ही भाषा में संभव है। भाषा संस्कृति का प्रतीक भी है और मानव अनुभव का माध्यम भी।'

# इन्स एंड आउट प्रदर्शनी में 40 हजार लोगों ने किया भ्रमण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित चार दिवसीय 11वी इन्स आउट आर्किबिल्ड प्रदर्शनी सोमवार को संपन्न हो गई।

पीएचडीसीसीआई चंडीगढ़ चेप्टर के अध्यक्ष मधुसूदन विज ने बताया कि इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ आर्किटेक्टस, द फायर एंड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडियन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, चंडीगढ़ बिजली वितरण लिमिटेड और नेटवर्क ऑफ पीपल फॉर कंस्ट्रक्शन के सहयोग से कार्यक्रम में करीब 40 हजार लोगों ने भ्रमण किया है। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक भारती सूद ने बताया कि समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पधारे राज्य सभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने बेस्ट इनोवेशन में विजेता ला–एस्पदा, उपविजेता बुरकान इंजीनियरिंग, बेस्ट डिस्पले में पॉलीकैब इंस्डस्ट्री को विजेता तथा ग्लास पैलेस को उपविजेता, बेस्ट फुटफॉल के लिए विजेता का अवार्ड टोस्टेम तथा उप विजेता का अवार्ड विवा लाइफ स्टाइल को दिया गया।



# राम रहीम पैरोल खत्म होने के बाद लौटे सुनारिया जेल

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम इंसा 40 दिन की पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद सोमवार शाम को वापिस सुनारियां जेल पहुंच गए। इस दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

सिरसा डेरे से राम रहीम तीन चार लगजरी गाडियों के साथ सुनारियां जेल पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने जेल परिसर की और आने वाले रास्तों पर सभी रास्तों पर पहले ही बेरिकटेस लगा दिए थे और पुलिस द्वारा प्रत्येक वाहन की गहनता से भी जांच पड़ताल की गई। पैरोल मिलने के बाद से राम रहीम सिरसा डेरे में ही रह रहे थे। बताया जा रहा है कि पांच अगस्त को 40 दिन की डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को पैरोल मिली थी और इस दौरान वह सिरसा डेरे में ही रहे।

## देश-विदेश

# राहुल के आरोपों की हो जांच : कुरैशी

## बोले-इलेक्शन कमीशन कर रहा उनका अपमान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त एसवाई कुरैशी ने रविवार को चुनाव आयोग की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि आयोग को कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'वोट चोरी' संबंधी आरोपों की जांच करवानी चाहिए थी, न कि उनके खिलाफ आपत्तिजनक अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए था। कुरैशी ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा कि राहुल ने आरोप लगाते समय कई राजनीतिक शब्दों का इस्तेमाल किया था जैसे 'हाइड्रोजन बम' लेकिन यह महज 'राजनीतिक बयानबाजी' है। इसके बावजूद उन्होंने जो गंभीर शिकायतें उठाई हैं, उनकी विस्तार से जांच होनी चाहिए थी। राहुल कांग्रेस नेता हैं और करोड़ों लोगों की आवाज उठाते हैं। ऐसे में आयोग को उनसे 'शपथपत्र दीजिए, वरना कार्रवाई होगी' जैसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था। उन्होंने इसे चुनाव आयोग की गरिमा के खिलाफ बताते हुए कहा कि सामान्य प्रक्रिया शिकायत पर जांच करवाने की होती है, डराने की नहीं। (अनंत ज्ञान)

### एसआईआर एक खतरनाक कदम

**कुरैशी** ने बिहार में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की प्रक्रिया की आलोचना करते हुए इसे खतरनाक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे आयोग ने 'भानुमती का पिटारा' खोल दिया है और 'मधुमक्खी के छत्ते' में हाथ डाल दिया है, जिससे खुद संस्था की साख को नुकसान होगा। चुनाव आयोग को निष्पक्ष होने के साथ-साथ निष्पक्ष दिखना भी जरूरी है। उनके अनुसार 3 दशक में जो काम धीरे-धीरे हुआ था, उसे कुछ महीनों में बदलने की कोशिश गलत है और इससे विवाद और त्रुटियां बढ़ेंगी।

# पांच साल का नियम सिर्फ मुसलमानों के लिए क्यों : ओवैसी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन कानून के कुछ प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगाई, जिसमें कलेक्टर जांच का प्रावधान भी शामिल है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि सिर्फ मुसलमानों के लिए पांच साल तक धर्म का पालन करना आवश्यक क्यों है, जबकि संविधान किसी को भी संपत्ति दान की अनुमति देता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार वक्फ में गैर–मुसलमानों को नियुक्त करना चाहती है। हम उम्मीद करते हैं कि शीर्ष कोर्ट इस पूरे कानून पर जल्द अंतिम फैसला सुनाए और सुनवाई शुरू हो। यह फैसला एनडीए सरकार द्वारा बनाए गए कानून से वक्फ की संपत्तियों को बचाने में मदद नहीं करेगा। इससे अतिक्रमण करने वालों को फायदा मिलेगा। वक्फ की संपत्तियों का विकास नहीं हो पाए। (अनंत ज्ञान)

# मुंबई में भारी बारिश से कई जगह जलभराव, ट्रैक डूबने से ट्रेनें लेट

**एजेंसी, नई दिल्ली/मुंबई**



सोमवार को सुबह से लगातार बारिश के कारण मुंबई में कई जगह जलभराव और ट्रैफिक जाम हो गया। अंधेरी सबवे में डेढ़ फीट तक पानी भर जाने से पुलिस ने इसे बंद कर दिया। दादर, कुर्ला और बांद्रा स्टेशनों पर पानी भरने से लोकल ट्रेनें 10–15 मिनट देरी से चल रही हैं। हैदराबाद में भी तेज बारिश जारी है। एक आदमी बाइक समेत बह गया, जिसे मुश्किल से बचाया गया। वहीं, हबीब नगर इलाके में रविवार रात भारी बारिश के बाद दो लोग बाढ़ में बह गए। तीन डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स टीमें उनकी तलाश में जुटी हैं, लेकिन इलाके में पानी का बहाव अभी भी तेज है।

मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार को तय समय से 3 दिन पहले पश्चिमी राजस्थान से मानसून की विदाई शुरू हो गई है। राजस्थान के श्रीगंगानगर, नागौर, जोधपुर और बीकानेर से मानसून विदा ले चुका है। अगले दो–तीन दिन में पंजाब और गुजरात के कुछ हिस्सों से भी मानसून लौटना शुरू हो जाएगा, जबकि मध्य प्रदेश में मानसून दो हफ्ते और रहेगा। देश के अधिकांश हिस्सों से 15 अक्तूबर तक मानसून पूरी तरह लौट जाएगा। जबकि दक्षिण कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में बारिश जारी रह सकती है। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप ने की भारतीय शख्स की हत्या की निंदा

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को भारतीय मूल के चंद्रा नागमलैया की हत्या की निंदा की। उन्होंने इसे भयानक बताया। उन्होंने कहा कि चंद्रा नागमल्लैया डलास के रहने वाले थे। उनकी पत्नी और बेटे के सामने, क्यूबा के अवैध अप्रवासी ने बेरहमी से उनका सिर कलम कर दिया। हमारे देश में ऐसा कभी नहीं होना चाहिए था। ट्रंप ने बताया कि हमलावर को पहले भी बाल यौन शोषण, कार चोरी जैसे अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि बाइडेन प्रशासन ने इस अपराधी को रिहा कर दिया था और क्यूबा ने उसे वापस लेने से भी इनकार कर दिया था। दरअसल, टेक्सास के डलास में 10 सितंबर को भारतीय मूल के नागमलैया की हत्या कर दी गई थी। ट्रंप ने कहा, 'अवैध अप्रवासी अपराधियों के प्रति नरमी का समय अब खत्म हो गया है, अब सजा दी जाएगी।' (अनंत ज्ञान)

### अब फिलीपींस में सरकार के खिलाफ आक्रोश

**एजेंसी, मनीला।** फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने देश में बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं में फैले बड़े भ्रष्टाचार को लेकर जनता के गुस्से का समर्थन किया है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे अपने विरोध को खुलकर व्यक्त करें, लेकिन प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण होने चाहिए। राष्ट्रपति मार्कोस ने वादा किया कि इस घोटाले की जांच एक स्वतंत्र आयोग करेगा और इसमें उनके राजनीतिक सहयोगियों को भी नहीं बख्शा जाएगा। टेलीविजन पर प्रसारित संसदीय सुनवाइयों में कई सांसदों, सरकारी इंजीनियरों और निर्माण कंपनियों पर भारी कमीशन खाने के आरोप लगे हैं। हाल के दिनों में नेपाल और इंडोनेशिया में हुए हिंसक प्रदर्शनों के विपरीत, फिलीपींस में अब तक विरोध प्रदर्शन छोटे और शांतिपूर्ण रहे हैं। अधिकतर गुस्सा सोशल मीडिया पर दिख रहा है, जहां कैथोलिक चर्च के नेता, कारोबारी और रिटायर्ड जनरल खुलकर सरकार की आलोचना कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### सिख महिला रेप मामले में एक संदिग्ध अरेस्ट

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन में एक सिख महिला के साथ नस्लीय आधार पर हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 30 वर्षीय संदिग्ध व्यक्ति को संदेह के आधार पर रविवार को हिरासत में लिया गया। पिछले मंगलवार को इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र के ओल्डबरी में 20 वर्षीय भारतवंशी महिला से दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने बयान जारी कर कहा है कि जांच अभी जारी है और हम लोगों से आग्रह करते हैं कि वे अटकलें न लगाएं क्योंकि हम उन सभी लोगों की पहचान करने और उनका पता लगाने का काम कर रहे हैं जो इसमें शामिल हो सकते हैं। वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र से ब्रिटिश सिख सांसद प्रीत कौर गिल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'ओल्डबरी में एक युवा सिख महिला पर हुए भयानक हमले से मैं बेहद स्तब्ध हूं। यह हिंसक कृत्य है, लेकिन इसे नस्लीय भेदभाव के रूप में भी देखा जा रहा है।' (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका में बड़े धमाके की साजिश नाकाम

## यूटा में न्यूज चैनल की गाड़ी के नीचे मिला विस्फोटक, दो व्यक्ति गिरफ्तार

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** अमेरिका के यूटा राज्य में एक बड़े धमाके की साजिश नाकाम कर दी गई। फॉक्स 13 न्यूज चैनल की गाड़ी के नीचे एक विस्फोटक डिवाइस मिलने के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई। यह डिवाइस असली थी और उसे जलाया भी गया था, लेकिन उसमें विस्फोट नहीं हो सका। इस मामले में 58 वर्षीय अदीब नसीर और 31 वर्षीय आदिल जस्टिस अहमद नसीर नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में पता चला कि यह डिवाइस बेहद खतरनाक थी और अगर यह सक्रिय हो जाती तो आसपास के लोगों की जान को बड़ा खतरा हो सकता था। एफबीआई मामले में आगामी छानबीन कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# सभी राज्यों में बनें महिला विधायी समितियां: बिड़ला

**एजेंसी, तिरुपति**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बजटीय आवंटन में लैंगिक जवाबदेही जैसे मुद्दों के समाधान के लिए सभी राज्यों में महिला सशक्तीकरण पर विधायी समितियां गठित करने की जरूरत है। महिला सशक्तिकरण समितियों के दो दिवसीय सम्मेलन के समापनउन्होंने कहा, 'मैं विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों को पत्र लिखूंगा कि वे महिला एवं बाल विकास के सशक्तीकरण पर विधायी समितियां गठित करें। कुल 29 राज्यों में से केवल 16 राज्यों में महिला सशक्तीकरण पर विधायी समितियां हैं और शेष राज्यों के लिए ऐसी समितियों का गठन करना आवश्यक है, ताकि वे संबंधित विधानसभाओं और राज्य सरकारों को महिलाओं के मुद्दों पर सुझाव दे सकें।' (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 119 अंक गिरकर 81,786 के स्तर पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**




हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार, 15 सितंबर को सेंसेक्स 119 अंक गिरकर 81,786 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 45 अंक की गिरावट रही,यह 25,069 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 13 में तेजी और 17 में गिरावट रही। ऑटो, आईटी , मीडिया, फार्मा और हेल्थकेयर शेयरों में गिरावट रही। रियल्टी 2.41% चढ़ा, पीएसयू बैंक और मेटल में तेजी रही। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई आज बंद रहा। कोरिया का कोस्पी 0.35% ऊपर 3,407 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.22% चढ़कर 26,447 के स्तर पर और वहीं चीन का शंघाई कंपोजिट 0.26% नीचे 3,861 पर बंद हुआ। 14 सितंबर को अमेरिका का डाउ जोन्स 273 अंक गिरकर 45,834 पर बंद हुआ। गौर रहे कि शेयर बाजार में पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन 12 सितंबर को तेजी रही। सेंसेक्स 355 अंक चढ़कर 81,904 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी करीब 108 अंक की तेजी रही। यह 25,114 के स्तर पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

**महंगाई** पिछले महीने खाने–पीने के सामान की कीमतें बढ़ीं, जुलाई में यह माइनस 0.58% रही थी

# अगस्त महीने में बढ़कर 0.52% पर पहुंची थोक महंगाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अगस्त महीने में थोक महंगाई बढ़कर 0.52% पर पहुंच गई है। खाने–पीने की चीजें महंगी होने से महंगाई बढ़ी है। इससे पहले जुलाई में यह घटकर माइनस 0.58% पर आ गई थी। यह इसका 2 साल का निचला स्तर था। इससे पहले जून 2023 में ये माइनस 4.12% पर आ गई थी। वहीं, मई 2025 में ये 0.39% और अप्रैल 2025 में 0.85% पर थी।

रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई माइनस 4.95% से बढ़कर माइनस 2.10% हो गई। खाने–पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई माइनस 2.15% से बढ़कर 0.21% हो गई। फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर माइनस 2.43% से घटकर माइनस 3.17% रही। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 2.05% से बढ़कर 2.55% रही। अगर रिटेल महंगाई दर की बात करें तो अगस्त में यह जुलाई के 1.61% से थोड़ा बढ़कर 2.07% पर पहुंच गई है। इसकी वजह खाने–पीने की कुछ वस्तुओं की कीमतों में हल्की बढ़ोतरी है। रिटेल महंगाई दर के आंकड़े 12 सितंबर को जारी हुए थे। (अनंत ज्ञान)

#### आम आदमी पर असर

**थोक** महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए डब्ल्यूपीआई को कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। डब्ल्यूपीआई में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्टरी से जुड़े सामानों का होता है।

#### महंगाई ?

**भारत** में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल और दूसरी थोक महंगाई। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स भी कहते हैं। वहीं, थोक कीमतों का अर्थ उन कीमतों से होता है, जो थोक बाजार में एक कारोबारी दूसरे कारोबारी से वसूलता है। महंगाई मापने के लिए अलग-अलग आइटम्स को शामिल किया जाता है। थोक महंगाई में मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 63.75%, प्राइमरी आर्टिकल जैसे फूड 22.62% और फ्यूल एंड पावर 13.15% होती है। रिटेल महंगाई में फूड और प्रोडक्ट की भागीदारी 45.86%, हाउसिंग व अन्य की 54.14% होती है।

# सोने व चांदी के दाम में गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने–चांदी के दाम में 15 सितंबर को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, सोना 104 रुपए गिरकर 1,09,603 पर आ गया है, वहीं 1 किलो चांदी की कीमत भी 245 रुपए घटकर 1,27,763 रुपए पर आ गई है। इससे पहले पिछले सप्ताह शुक्रवार को गोल्ड ने 1,09,707 रुपए और सिल्वर ने 1,28,008 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल अब तक सोने की कीमत 33,441 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,09,603 रुपए का हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 41,746 रुपए बढ़ गया है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### नरिंद्र बत्रा को एएसआईपी ने सलाहकार बोर्ड का बनाया अध्यक्ष

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व अध्यक्ष नरिंद्र बत्रा को खेल उद्योग पेशेवरों के संघ (एएसआईपी) के सलाहकार बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है जिसमें विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता लंबी कूद की खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज भी शामिल हैं। एआईपीएल के प्रबंधन बोर्ड ने रविवार को हुई बैठक में सलाहकार बोर्ड के गठन को मंजूरी दी । सलाहकार बोर्ड भारतीय खेलों के इकोसिस्टम से जुड़े हर पेशेवर को एकजुट करने के एएसआईपी के मिशन के लिये रणनीतियां बनाएगा । एआईपीएस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार सलाहकार बोर्ड उच्च स्तरीय रणनीतिक रोडमैप और अग्रणी नीतियां तैयार करेगा, हितधारकों को जोड़ने पर सलाह देगा और वाणिज्यिक विकास पर मार्गदर्शन प्रदान करेगा । इसके अलावा नयी पहल, अनुसंधान पहलों और क्रॉस-सेक्टर साझेदारियों के लिए एक साउंडिंग बोर्ड के रूप में कार्य करेगा। (अनंत ज्ञान)

### हाथ मिलाने से इनकार करने पर पाकिस्तान ने शिकायत कराई दर्ज

**एजेंसी, दुबई ।** पाकिस्तान ने एशिया कप मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों का उनके खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार करने को लेकर एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) में विरोध दर्ज कराया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार देर रात जारी किए गए एक बयान में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम की सात विकेट से जीत के बाद भारतीय टीम के व्यवहार को ''खेल भावना के अनुरूप नहीं'' करार दिया। पीसीबी के बयान में कहा गया, ''टीम मैनेजर नवीद चीमा ने भारतीय खिलाड़ियों के हाथ न मिलाने के व्यवहार पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। इसे खेल भावना के प्रति अनुचित और खेल के खिलाफ माना गया। इसके विरोध में हमने अपने कप्तान को मैच के बाद के पुरस्कार वितरण समारोह में नहीं भेजा। '' यह संबंध में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार ने कहा था कि विपक्षी टीम के खिलाड़ियों से हाथ न मिलाने का निर्णय अप्रैल में पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों के साथ एकजुटता दिखाने का उनका तरीका है। यह मुकाबला एकतरफा रहा और भारत ने पाकिस्तान को खेल के हर विभाग में मात दी। (अनंत ज्ञान)

### एफआईएच प्रो लीग का नया सत्र अर्जेंटीना और आयरलैंड में नौ दिसंबर से

**एजेंसी, लुसाने ।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग का 2025 . 26 सत्र नौ दिसंबर से अर्जेंटीना और आयरलैंड में शुरू होगा जिसमें दस मेजबान देशों में रिकॉर्ड 144 मैच खेले जाएंगे। लीग के सातवें सत्र में दो नयी टीमें आयरलैंड महिला टीम और पाकिस्तान पुरूष टीम होगी जिन्हें एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2024 . 25 से प्रमोट किया गया है । पुरूष और महिला लीग की विजेता टीम सीधे 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करेंगी । सत्र के पहले मैच में जर्मनी का सामना बेल्जियम पुरूष टीम से आयरलैंड में होगा जबकि पुरूष वर्ग की चैम्पियन नीदरलैंड टीम पदार्पण करने वाली पाकिस्तानी टीम से खेलेगी । एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025 . 26 के दस मेजबान देश इस प्रकार हैं । आयरलैंड ( नौ से 14 दिसंबर ), अर्जेंटीना (नौ से 14 दिसंबर ), चीन (पांच से 10 फरवरी), स्पेन (पांच से 10 फरवरी ), आस्ट्रेलिया ( 10 से 15 और 20 से 25 फरवरी), भारत ( 10 से 15 फरवरी), इंग्लैंड (13 से 21 जून और 23 से 28 जून ), नीदरलैंड (13 से 21 जून ), बेल्जियम (13 से 21 जून और 23 से 28 जून ), जर्मनी ( 23 से 28 जून ) को होगा। (अनंत ज्ञान)

### वॉलीबॉल खिलाड़ी डाना रेट्के का अंदाज

**अमेरिकी** ब्लॉकर डाना रेट्के दूसरी सबसे लंबी महिला वॉलीबॉल खिलाड़ी हैं जिन्होंने इस खेल में सफलता हासिल की है। उनकी उपलब्धियों में 2019-20 की बिग टेन महिला एथलीट ऑफ द ईयर और 2021-22 में महिला वॉलीबॉल के लिए होंडा स्पोर्ट्स अवार्ड की विजेता शामिल हैं।




### दबाव से निपटने पर विश्व कप जीत सकती है भारतीय महिला टीम : सुलक्षणा

**एजेंसी, मुंबई।** भारत की पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज सुलक्षणा नाइक ने सोमवार को कहा कि भारतीय महिला टीम घरेलू मैदान पर विश्व कप जीतने में सक्षम है, बशर्ते वह दबाव से निपट सके। भारतीय महिला टीम अभी तक वनडे विश्व कप नहीं जीत पाई है तथा वह 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट में ट्रॉफी का यह इंतजार खत्म करने की कोशिश करेगी। भारत के लिए दो टेस्ट, 46 वनडे और 31 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली नाइक ने यहां विश्व कप ट्रॉफी दौरे के दौरान एक पैनल चर्चा में कहा, ''यह टीम विश्व कप जीतने में पूरी तरह सक्षम है। मैं केवल दबाव को लेकर चिंतित हूं। उन्हें दबाव नहीं लेना चाहिए।'' बीसीसीआई की क्रिकेट सलाहकार समिति के सदस्य नाइक ने कहा, ''भारतीय महिला टीम को इसकी आदत डालनी चाहिए। भारतीय पुरुष टीम इसकी आदी हो चुकी है। उन्हें इसकी परवाह नहीं है। महिला टीम को उनसे सीख लेनी चाहिए ।'' पूर्व भारतीय खिलाड़ी संगीता कटवारे ने कहा कि विश्व कप में स्पिनरों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा, ''स्पिनर इस विश्व कप की कुंजी होंगे। लेकिन इसके लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत पड़ेगी। खिलाड़ियों को एक दूसरे का पूरा समर्थन करना होगा।''(अनंत ज्ञान)

## एशिया कप
### टीम इंडिया का पाकिस्तान पर जीत का सिक्सर

# टॉस के वक्त ही तय हो गई भारत की जीत

**एजेंसी, दुबई**

2011 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में भारत से हारने के बाद एक दुखी पाकिस्तानी फैन ने एक जुमला दिया था।

रविवार को दुबई में भारत के खिलाफ एशिया कप के मुकाबले में पाकिस्तान की टीम ने इसे फिर सही साबित कर दिया। पाकिस्तान ने इस मुकाबले में 3 बड़ी गलतियां कीं और शानदार फॉर्म में चल रही टीम इंडिया ने तीनों का बखूबी फायदा उठाया। इनमें से एक गलती तो मैच की पहली गेंद फेंके जाने से भी पहले हो गई थी और संभवत: उसी वक्त पाकिस्तान की हार भी तय हो गई।

यह इंटरनेशनल क्रिकेट में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की लगातार छठी जीत है। पाकिस्तान के साथ भारत की क्रिकेट राइवलरी 73 साल पुरानी है और इतने सालों में पहली बार भारतीय टीम ने इस प्रतिद्वंद्वी पर जीत का सिक्सर जमाया है। यानी पहली बार पाकिस्तान के ऊपर लगातार 6 मैचों में जीत ।( अनंत ज्ञान)



### पाकिस्तान टीम की गलतियां

#### पहली गलती : जहां 18 में से 16 मैच जीते वहां पहले बैटिंग चुनी

**दुबई** इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड की पिच पर टारगेट का पीछा करने वाली टीम को बहुत ज्यादा फायदा मिलता है। पिछले 5 साल में दुनिया की टॉप-12 टीमों के बीच यहां खेले गए पिछले 18 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में से 16 में टारगेट चेज करने वाली टीम ने जीत हासिल की थी। पाकिस्तान की टीम पिछले 13 साल में भारत को सिर्फ दो टी-20 मैच हरा पाई थी। दोनों जीत भी इसी ग्राउंड पर दूसरी पारी में बैटिंग करते हुए मिली थीं। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला कर लिया।

#### दूसरी गलती: टॉप विकेट टेकर हारिस रउफ को प्लेइंग-11 से बाहर रखा

**पाकिस्तान** के एशिया कप स्क्वॉड में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा सात विकेट तेज गेंदबाज हारिस रउफ के नाम था। इसके बावजूद पाकिस्तानी थिंक टैंक ने अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी के सामने सबसे कामयाब गेंदबाज को प्लेइंग-11 से बाहर कर दिया। शाहीन शाह अफरीदी शुरुआत में ही पिट गए।

#### तीसरी गलती: टुकटुक बैटिंग से कभी मुकाबले में नहीं आया पाकिस्तान

**मॉडर्न** टी-20 का फलसफा है कि भले ही विकेट गिरें, बैटिंग में अटैक जारी रखो। पाकिस्तान इसे फॉलो करने में पूरी तरह फेल रहा। 6 रन पर पाकिस्तान के दो विकेट गिर गए और इसके बाद उसके बल्लेबाज डिफेंसिव मोड पर उतर आए। फखर जमान और साहिबजादा फरहान ने तीसरे विकेट के लिए 39 रन की पार्टनरशिप जरूर की लेकिन इसके लिए उन्होंने 38 गेंदें खपा दीं।

### हम पहलगाम पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाना चाहते थे : गंभीर

**दुबई।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत को अच्छी करार दिया लेकिन उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि टीम पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाने में सफल रही। गंभीर ने कहा, ''यह अच्छी जीत है लेकिन टूर्नामेंट में अभी बहुत क्रिकेट बाकी है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि एक टीम के रूप में हम पहलगाम हमले के पीड़ितों, सभी परिवारों और उनके साथ हुई घटनाओं के प्रति अपनी एकजुटता दिखाना चाहते थे।'' उन्होंने कहा, ''हम ऑपरेशन सिंदूर में मिली सफलता के लिए सशस्त्र बलों को भी धन्यवाद देना चाहते हैं।

### अक्षर ने जीत हासिल करने में निभाई अहम भूमिका : सूर्यकुमार

**दुबई।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद हरफनमौला अक्षर पटेल की जमकर तारीफ की। उन्होंने बाएं हाथ के इस स्पिनर की बायें हाथ के बल्लेबाजों से निपटने के लिए अभ्यास के दौरान किए गए अतिरिक्त प्रयास और बल्लेबाजी के प्रति उनकी स्पष्टता की भी सराहना की। अक्षर ने कुलदीप यादव (18 रन देकर तीन विकेट) के साथ मिलकर भारत को सात विकेट से जीत हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट लिए जिनमें खतरनाक फखर जमां का विकेट भी शामिल है जिनका बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड रहा है।

## एशिया कप में अलीशान शराफू मुहम्मद वसीम ने जमाए अर्धशतक


यूएई ने ओमान के गेंदबाजों को छकाया

**एजेंसी, अबुधाबी**

यूएई ने एशिया कप के 7वें मुकाबले में ओमान को 173 रन का टारगेट दिया था। जवाब में ओमान की टीम ने 8 ओवर में 5 विकेट पर 63 रन बना लिए थे। आर्यन बिष्ट 11 और विनायक शुक्ला एक रन बनाकर खेल रहे हैं। कप्तान जतिंद्र सिंह 20 रन बनाकर आउट हुए। आमिर कलीम 2, हमाद मिर्जा 5, वसीम अली 1 और फैसल शाह 9 रन बनाकर आउट हुए। जुनैद सिद्दीकी और हैदर अली 2-2 विकेट ले चुके थे।

अबू धाबी के शेख जयादा क्रिकेट स्टेडियम में ओमान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। यूएई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 172 रन बनाए। टीम के ओपनर अलीशान शराफू ने 51 और मुहम्मद वसीम 69 रन बनाकर आउट हुए। जितेन रामनंदनी को 2 विकेट मिले। हसनैन शाह और समय श्रीवास्तव को एक-एक विकेट मिले।

### दोनों टीमों को पहली जीत की तलाश

**यूएई** और ओमान को इस टूर्नामेंट में पहली जीत की तलाश है। अभी तक दोनों टीमों ने इस टूर्नामेंट में 1-1 मुकाबला खेला है और दोनों टीमों को हार का सामना करना पड़ा है। यूएई को टीम इंडिया के हाथों पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, ओमान को अपने पहले मैच में पाकिस्तान ने हराया था। अब दोनों टीमों की नजरें एशिया कप 2025 में पहली जीत पर होंगी।

## न्यूजीलैंड के 5 प्लेयर्स ने वर्ल्ड कप के लिए साइन किया कांट्रैक्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड के सीमित ओवरों के सितारे फिन एलन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, टिम सीफर्ट और केन विलियमसन ने 2025-26 सीजन के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट के इंटरनेशनल आकस्मिक खेल समझौतों पर खेलने के लिए शर्तों पर सहमति व्यक्त की है। इसका मतलब है कि वे भारत और श्रीलंका में होने वाले 2026 टी20 विश्व कप और टूर्नामेंट से पहले कुछ निश्चित सीरीज और मैचों में न्यूजीलैंड के लिए खेलते नजर आएंगे।

ये सभी ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे, हालांकि विलियमसन ने ऑस्ट्रेलियाई सीरीज के लिए खुद को अनुपलब्ध बताया है। बता दें कि आकस्मिक अनुबंध के दौरान इन पांचों खिलाड़ियों को उन सभी सेवाओं का लाभ मिलेगा, जो पूर्णकालिक अनुबंध पर रहने वालों को मिलती हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ स्कॉट वीनिंक ने कहा कि छह महीने से भी कम समय में होने वाले टी20 विश्व कप के अगले सीजन को देखते हुए इन सितारों को अनुबंधित करना महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा ऐसे बड़े इवेंट के मद्देनजर हम यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि हमारे सर्वश्रेष्ठ टी20 खिलाड़ी टीम में शामिल होने के लिए तैयार और उपलब्ध रहें। ये अनौपचारिक समझौते खिलाड़ियों की ओर से न्यूजीलैंड और ब्लैक कैप्स के प्रति एक प्रतिबद्धता है और बदले में एनजेडसी अपनी उच्च-प्रदर्शन प्रणाली के तहत इन खिलाड़ियों को अपना पूरा समर्थन देगा। (अनंत ज्ञान)

## स्पेन डेविस कप के अंतिम आठ में अमेरिका बाहर

**एजेंसी, मार्बेला ( स्पेन )**

स्पेन ने डेनमार्क के खिलाफ 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 से जीत हासिल की और डेविस कप के अंतिम आठ में जगह बनाई लेकिन ऑस्ट्रेलिया इस तरह की वापसी करने में नाकाम रहा और बेल्जियम से 3-2 से हार गया। चेक गणराज्य ने फ्लोरिडा में खेले गए एक अन्य मुकाबले में अमेरिका को एक मैच से पिछड़ने के बाद 3-2 से हराया।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के बिना स्पेन ने शुरुआती दो मैच गंवा दिए थे और वह युगल में भी एक सेट से पिछड़ रहा था, लेकिन इसके बाद जौम मुनार और पेड्रो मार्टिनेज ने अगस्टा होल्मग्रेन और जोहान्स इंगिल्डसन को 1-6, 6-3, 6-2 से हराकर मेजबान टीम को


स्पेन टेनिस टीम

वापसी दिलाई। मार्टिनेज को पहले उलट एकल में मैच प्वाइंट का भी सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में उन्होंने होल्गर रूण पर जीत हासिल की। इसके बाद पाब्लो कारेनो बुस्टा ने एल्मर मोलर को हराकर स्पेन को डेविस कप के इतिहास में पहली बार 0-2 से पिछड़ने के बाद जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया ने भी 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी की थी, जब एलेक्स डी मिनाउर ने जिजोउ को हराया जबकि रिंकी हिजिकाटा और जॉर्डन थॉम्पसन ने सैंडर गिले और जोरान व्लिगेन के खिलाफ युगल मुकाबले में जीत हासिल की थी, लेकिन विश्व के 91वें नंबर के खिलाड़ी राफेल कोलिग्नन ने निर्णायक मैच में अलेक्जेंडर वुकिक को हराकर बेल्जियम को जीत दिला दी।

डेलरे बीच पर दूसरे दिन 1-1 की बराबरी के बाद अमेरिका के राजीव राम और ऑस्टिन क्राजिसेक ने टॉमस मचाक और जैकब मेन्सिक के खिलाफ युगल मैच में जीत हासिल की। जिरी लेहेक्का ने पांचवें स्थान पर काबिज टेलर को हराकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया, जिसके बाद मेन्सिक ने फ्रांसेस तियाफो को 6-1, 6-4 से हराकर जीत सुनिश्चित कर दी।

## 11 साल बाद मध्य क्षेत्र बना दलीप ट्रॉफी चैंपियन

**एजेंसी, बेंगलुरु**

मध्य क्षेत्र ने कुछ उतार-चढ़ाव भरे क्षणों से उबरते हुए सोमवार को यहां दक्षिण क्षेत्र को छह विकेट से हराकर 11 साल के अंतराल के बाद दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। मध्य क्षेत्र के सामने 65 रन का मामूली लक्ष्य था लेकिन दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों ने उनके बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। लक्ष्य बहुत बड़ा नहीं था और ऐसे में मध्य क्षेत्र को उसे हासिल करने में बहुत ज्यादा परेशानी नहीं हुई।

अक्षय वाडकर (नाबाद 19 रन, 52 गेंद) और पहली पारी के शतकवीर यश राठौड़ (नाबाद 13 रन, 16 गेंद) तब क्रीज पर थे, जब मध्य क्षेत्र ने 20.3 ओवर में चार विकेट पर 66 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया और दलीप ट्रॉफी में अपना सातवां खिताब जीता। बाएं हाथ के स्पिनर अंकित शर्मा ने दानिश मालेवार (05) को आउट किया। उनकी गेंद तेजी से घूमी और बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर मोहम्मद अजहरुद्दीन के पास पहुंची। बाद में उन्होंने मध्य क्षेत्र के कप्तान रजत पाटीदार का विकेट भी लिया, जो जल्दबाजी में स्लॉग स्वीप खेलने के चक्कर में मिड-ऑन पर एमडी निधिश के हाथों कैच आउट हो गए। रविवार को



भारत ए टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने शुभम शर्मा और सारांश जैन (जिन्हें बाद में श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया) के विकेट चटकाए। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राठौड़ और वाडकर ने इसके बाद मध्य क्षेत्र को लक्ष्य तक पहुंचाया।

पाटीदार का कप्तान के रूप में यह इस वर्ष का दूसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत दिलाई थी और वह इससे काफी खुश हैं। उन्होंने मैच के बाद, ''हर कप्तान को ट्रॉफी जीतना पसंद होता है। दक्षिण क्षेत्र के कप्तान अजहरुद्दीन ने कहा कि दलीप ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचना उनके लिए लंबे घरेलू सत्र में प्रेरणा का काम करेगा, जो अब 15 अक्टूबर से रणजी ट्रॉफी चरण में प्रवेश करेगा। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि हमें अनुभव का फायदा मिलेगा।'' (अनंत ज्ञान)

### सौरव गांगुली फिर बन सकते हैं सीएबी के अध्यक्ष

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली एक फिर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) के अध्यक्ष बन सकते हैं। उन्होंने सीएबी के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया है। उनके खिलाफ किसी और प्रत्याशी ने नामांकन नहीं भरा है। ऐसे में उम्मीद है कि वह 22 सितंबर को होने वाले सीएबी चुनाव में वे अपने बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली की जगह लेंगे।

गांगुली ने रविवार को एक बयान में कहा, मैं सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद करना चाहता हूं। सीएबी में कोई विपक्ष नहीं है। हर कोई इस एसोसिएशन का हिस्सा है। हम सब मिलकर सीएबी और बंगाल क्रिकेट को आगे ले जाएंगे। आगे आने वाले सीजन में ईडन गार्डन्स को साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच, मेंस टी-20 वर्ल्ड कप और बंगाल प्रो टी-20 लीग की मेजबानी करनी है। मैं इसके सफल मेजबानी की पूरी कोशिश करूंगा।

इससे पहले भी गांगुली 2015 से 2019 तक सीएबी अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके बाद वह 2019 से 2022 तक बीसीसीआई अध्यक्ष रहे। तब से वे टी-20 फ्रेंचाइजी सर्किट में कई टीमों के साथ जुड़े रहे हैं। वे 2021 में आईसीसी मेंस क्रिकेट कमेटी के अध्यक्ष बने थे। उन्हें अनिल कुंबले की जगह इस पद पर नियुक्त किया गया था। गांगुली कोच चुनने वाली समिति का भी हिस्सा थे। 2017 में रवि शास्त्री को मुख्य कोच चुनने वाली क्रिकेट सलाहकार समिति में गांगुली सदस्य थे।

## सिराज बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

● एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में झटके थे 23 विकेट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आईसीसी ने अगस्त महीने का प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड दिया है। उन्होंने इस रेस में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जायडन सील्स को पीछे छोड़ा। सिराज को यह अवॉर्ड इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के ओवल टेस्ट में दमदार प्रदर्शन के लिए मिला है। उन्होंने आखिरी पारी में 5 विकेट लेकर भारत को 6 रन की रोमांचक जीत दिलाई थी। इसी जीत के सहारे भारत 2-1 से पिछड़ने के बावजूद सीरीज ड्रॉ कराने में कामयाब रहा।(अनंत ज्ञान)


मैट हेनरी और जायडन सील्स को पीछे छोड़ा

### ओवल टेस्ट में 9 विकेट झटके थे

**सिराज** ने पहली पारी में 4 विकेट और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने ओवल टेस्ट जीता और सीरीज 2-2 से बराबर की। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

पिछले महीने यह अवॉर्ड भारतीय कप्तान शुभमन गिल को दिया गया था। शुभमन ने जून से अगस्त के बीच इंग्लैंड में खेली गई एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 5 शतक लगाए थे। विमेंस कैटेगरी में आयरलैंड की ऑलराउंडर ओर्ला प्रेंडरगैस्ट को अगस्त 2025 के लिए यह अवॉर्ड मिला।

### 5 मैचों की इस सीरीज में 23 विकेट लिए

**5** मैचों की इस सीरीज में भारत और इंग्लैंड के कई खिलाड़ी चोटिल रहे, लेकिन सिराज ने लगातार 5 टेस्ट में खेले। इतना ही नहीं, 23 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज बने। उन्होंने 185.3 ओवर डाले।

### हेनरी और सिल्स का प्रदर्शन

**न्यूजीलैंड** के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 2-0 टेस्ट सीरीज जीत में 16 विकेट झटके। उन्होंने पहले टेस्ट में 6/39 और 3/51 तथा दूसरे में 5/40 और 2/16 के आंकड़े दर्ज किए। वेस्टइंडीज के जायडन सील्स ने पाकिस्तान के खिलाफ 34 साल बाद वनडे सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 3 मैचों में 10 विकेट झटके। आखिरी मैच में उन्होंने करियर बेस्ट 6/18 परफॉर्म किया।

## बैडमिंटन टूर्नामेंट
### चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में टक्कर

# लक्ष्य, सात्विक और चिराग की नजरें सत्र के पहले खिताब पर

**एजेंसी, शेनजेन ( चीन )**

हांगकांग ओपन के फाइनल तक पहुंचे लक्ष्य सेन और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में यह लय कायम रखने उतरेंगे।

पिछले दो साल में पहले बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य का सामना यहां पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा । अलमोड़ा के 24 वर्ष के लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद से कई टूर्नामेंटों में जल्दी बाहर होते आये हैं । उन्होंने हांगकांग ओपन में यह सिलसिला तोड़ा । उन्होंने कहा ,'' मुझे अधिक आत्मविश्वास रखना होगा । पहले ही दिन से प्रक्रिया पर अडिग रहना होगा ।'' आठवीं



वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग इस सत्र में छह बार सेमीफाइनल में पहुंचे , विश्व चैम्पियनशिप में दूसरा कांस्य जीता और हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे । एशियाई खेल चैम्पियन जोड़ी हालांकि इस सत्र में खिताब नहीं जीत सकी है । उनका सामना पहले दौर में मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा । पिछले 16 महीने में यह उनका पहला फाइनल था । सात्विक ने रविवार को कहा था ,'' हम जिस तरह से खेल रहे हैं, हम जीत सकते हैं । बस खुद पर भरोसा रखने की बात है ।

'' पिछले सप्ताह जापान के कोडाइ नराओका को हराने वाले आयुष शेट्टी का सामना चीनी ताइपै के छठी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन से होगा । (अनंत ज्ञान)

### सिंधू की टक्कर डेनमार्क की जूली से होगी

**महिला** एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू की टक्कर डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसन से होगी । तीस वर्ष की सिंधू विश्व चैम्पियनशिप क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी लेकिन लाइन क्रिस्टोफरसेन से हार गई।

### श्वेतापर्णा और रितुपर्णा पांडा की टक्कर मलेशिया से

**महिला** युगल में श्वेतापर्णा और रितुपर्णा पांडा की टक्कर मलेशिया की ओंग शिन यी और कारमेन तिंग से होगी । मिश्रित युगल में रोहन कपूर और शिवानी गाड्डे का सामना जापान के युइची शिमोगामी और सयाका होबारा से होगा जबकि ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की टक्कर चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से होगी।

## अफगानिस्तान से बांग्लादेश के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला आज

**एजेंसी, अबुधाबी**

बल्लेबाजों के खराब फॉर्म से जूझ रहे बांग्लादेश को मंगलवार को यहां एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी के करो या मरो वाले मुकाबले में स्पिन की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। लिटन दास की अगुवाई वाली टीम ने हांगकांग पर शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन श्रीलंका से करारी हार के साथ उसकी लय टूट गई, जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गया। अफगानिस्तान (4.700) नेट रन रेट के आधार पर आगे है। श्रीलंका (2.595) ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर है, इसलिए बांग्लादेश (-0.650) को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए अपना अंतिम मैच हर हाल में जीतना होगा।

बांग्लादेश की सबसे बड़ी चिंता उसकी बल्लेबाजी है। श्रीलंका के खिलाफ उसका शीर्ष क्रम बुरी तरह विफल रहा, जिसके बाद जैकर अली और शमीम हुसैन ने छठे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। एक बार फिर सभी की निगाहें कप्तान लिटन दास पर होंगी, जिन्होंने हांगकांग के खिलाफ अर्धशतक जड़ा था।

उनका सामना अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान, अनुभवी मोहम्मद नबी, बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद और एएम गजनफर के मजबूत स्पिन आक्रमण से होगा, जो यहां की परिस्थितियों को देखते हुए किसी भी टीम के लिए सबसे अच्छा संयोजन होगा। अफगानिस्तान ने इस टूर्नामेंट से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था और उसकी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। उसके पास उपयोगी बल्लेबाज हैं और उसका गेंदबाजी आक्रमण किसी भी टीम के बल्लेबाजी को ध्वस्त करने की क्षमता रखता है। (अनंत ज्ञान)